दिल्ली हिंदुस्तानी मर्चेंटाइल असोसिएशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुरानी दिल्ली के करीब 100 व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष और महासचिव एक मंच पर जुटे। व्यापारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारी नेता देवरान बोरुक और श्रीभगवान केसल ने बताया कि MCD के आयुक्त और पुलिस आयुक्त को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त, स्थायी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्रवाई की मांग को लेकर लिखित ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी 4 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे सदर बाजार के बड़ा टूटी चौक से शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकालेंगे।

'50% ट्रांसजेंडर्स की आज भी परिवार से दूरी, संघर्ष मजबूरी'

Transgender

पहले 10% से भी कम ट्रांसजेंडरों संग खड़ा होता था परिवार : एम्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने साफ किया है कि ट्रांसजेंडर सम्मान और परिवार का ही हिस्सा हैं। एम्स के मुताबिक, हर स्तर पर हैरेसमेंट का सामना करने वाले इन लोगों को कई बार अपने परिवार तक से सपोर्ट नहीं मिल पाता।

पिछले साल एम्स में 50 ऑपरेशन किए गए

पहले 10 पर्सेंट से भी कम ट्रांसजेंडरों के साथ उनका परिवार खड़ा होता था, लेकिन अब इसमें कुछ सुधार हुआ है। परिवार का सपोर्ट बढ़कर 40 से 50 पर्सेंट तक पहुंच गया है। इसके बावजूद करीब 50 पर्सेंट ट्रांसजेंडर आज भी परिवार के सहयोग से दूर हैं और घर से बाहर जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एम्स ने सोच से लेकर शारीरिक बदलाव तक के इलाज की जिम्मेदारी ली है।

मंगलवार को ट्रांसजेंडरों की मेडिकल केयर को लेकर एम्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। एम्स में साल 2021 में ट्रांसजेंडर क्लिनिक की शुरुआत की गई थी। एम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉक्टर मनीष सिंघल ने बताया कि पिछले साल करीब 50 ट्रांसजेंडरों के सर्जिकल प्रोसीजर किए गए। इस साल इसे डबल करने की योजना है।

AI Image

2023 से अब तक ट्रांसजेंडर की एम्स में कुल 195 सर्जरी

- ट्रांसमेन की 67 सर्जरी
- ट्रांसवुमन की 72 सर्जरी
- 2025 में कुल 67 सर्जरी
- 2026 में अब तक कुल 21 ऑपरेशन किए गए
- 56 माइनर प्रोसीजर किए गए

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सोच और आत्मिक पहचान में मेल नहीं

एम्स के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के डॉक्टर राजेश खड़गवत ने कहा कि ट्रांसजेंडर के शरीर में किसी तरह की कोई कमी नहीं होती। फर्क सिर्फ सोच में होता है। कोई लड़की पैदा होकर खुद को लड़का महसूस करती है या कोई लड़का पैदा होकर खुद को लड़की महसूस करता है। समस्या सिर्फ यह होती है कि उनकी सोच और आत्मिक पहचान जन्म के समय मिले लिंग से मेल नहीं खाती। डॉक्टर ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में ये लोग हैरेसमेंट का शिकार हो रहे हैं।

क्या है एम्स में इलाज की प्रक्रिया

मरीज सबसे पहले एंडोक्रिनोलॉजी विभाग की ट्रांसजेंडर क्लिनिक में पहुंचते हैं। यहां उनका ब्लड टेस्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, लिवर और किडनी से जुड़ी जांच की जाती है। इसके बाद हॉर्मोन थेरेपी शुरू की जाती है। इससे पहले मरीज की पूरी सहमति ली जाती है। अगर कोई मरीज बाद में अपना फैसला बदलना चाहता है, तो हॉर्मोन थेरेपी रोकी जा सकती है।

हॉर्मोन का इलाज लंबे समय तक

डॉक्टरों ने बताया कि हॉर्मोन का इलाज कई मामलों में 50 साल की उम्र या उससे भी अधिक समय तक चलता है। महिला से पुरुष बनने वाले ट्रांसजेंडर को मेल हॉर्मोन के इंजेक्शन दिए जाते हैं, जबकि पुरुष से महिला बनने वाले ट्रांसजेंडर में मेल हॉर्मोन को कम करने और फीमेल हॉर्मोन देने की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

65,000 अल्मनाई ने IIT-D के लिए जुटाए ₹477 करोड़

Alumni

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली ने अपने पुराने स्टूडेंट्स की मदद से 477 करोड़ रुपये का एनडाउमेंट फंड तैयार कर लिया है। इसमें से 338 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर प्रो रंगन बनर्जी ने बताया कि 1966 में इंस्टिट्यूट 150 स्टूडेंट्स से शुरू हुआ और आज 65 हजार अल्मनाई हैं। इस वक्त 60% फंड सरकार से मिल रहा है और बाकी 40% इंस्टिट्यूट खुद और अल्मनाई की मदद से इकट्ठा कर रही है। मंगलवार को आईआईटी दिल्ली ने फाउंडेशन दे पर अल्मनाई सपोर्ट रिपोर्ट जारी की। यह देश का पहला आईआईटी है, जिसने सबसे पहले यह रिपोर्ट निकाली है।

60% फंड सरकार से, 40% खुद और अल्मनाई की मदद से

प्रो बनर्जी ने कहा कि आईआईटी दिल्ली के कई स्टूडेंट्स आगे चलकर दुनिया भर में प्रभाव डालते हैं। इसी सोच के साथ यह 'इमपैक्ट डॉक्यूमेंट' तैयार किया गया है। फाउंडेशन दे पर 'अल्युमनी इमपैक्ट रिपोर्ट' लॉन्च के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी दिल्ली के पूर्व स्टूडेंट डॉ. सुरेश एस. संघू (मइक्रोन टेक्नोलॉजी के प्रमुख फेलो और कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट) ने कहा, पूर्व स्टूडेंट्स को हमेशा अगली पीढ़ी के स्टूडेंट्स के लिए रोल मॉडल के तौर पर देखा जाता है।

4.8 लाख + ने दिए डायरेक्ट ग्रांट जिनमें जोमेटो-ब्लिंकिट के फाउंडर दीपिंदर गोयल, ब्रो के सह-संस्थापक हर्ष जैन, मीशो के विदित आत्रेय और संजीव बर्नवाल, फ्लिपकार्ट के सचिन और बिनी बंसल, एटफोलड AI और ब्लूमरीच के अशुतोष गर्ग हैं शामिल।

रिपोर्ट के कुछ दिलचस्प आंकड़े

- एडिसालेस के लिए 75+ एकेडमिक पेपर और 115+ फुरस्कर
- स्टूडेंट्स के लिए 137+ स्कॉलरशिप और इंटरनेशनल ट्रेवल ग्रांट
- मिलर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, यहीं स्कूल ऑफ AI, लेक्चर्स रिसर्च के लिए CERCA सेंटर
- दुनियाभर के स्टार्टअप्स में आईआईटी दिल्ली के 2500+ फाउंडर्स/को-फाउंडर्स/लीडर्स
- कॉरपोरेट लीडरशिप में 15%
- बैंकिंग और फाइनेंस, मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग में 10 हजार अल्मनाई
- 50+ अल्मनाई QS टॉप-100 यूनिवर्सिटी में

8-9 हजार करोड़ तक खर्च का अनुमान

IIT दिल्ली अपने अगले 10 साल का विजन तैयार कर रहा है जो इसी साल मई में लॉन्च होगा। IIT दिल्ली के डायरेक्टर प्रो रंगन बनर्जी ने बताया कि हम इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, कोर्स और रिसर्च को फोकस में रख रहे हैं। इसके लिए हम फैकल्टी से लेकर स्टूडेंट्स से मार्च-अप्रैल तक उनकी राय लेंगे। हमें लगता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हमें 8-9 हजार करोड़ की जरूरत होगी मगर अभी यह प्लानिंग स्टेज में है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस है कि एक तिहाई फंड हम खुद जनरेट करें, एक तिहाई के लिए अल्मनाई से मदद ले और एक तिहाई सरकार से ले।

MOFPI
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार

हरियाणा सरकार | PMFME सूक्ष्म उद्यमों का सेवक | MSME

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक विशेष पहल

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME)

अपने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना करने या बढ़ाने के लिए 35% सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आवेदन करें।

APPLY NOW

PMFME

PMFME योजना की पात्रता
- 18 वर्ष से ऊपर सभी भारतीय नागरिक
- व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ. तथा एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ./प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकते हैं
- अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं

योजना की पात्रता

35% नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता - ऋण पूंजी पर 35% कैपिटल सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख रुपये तक)



"हमारी सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से MSMEs को लगातार मजबूत कर रही है। भारत के MSMEs सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चेन को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

इस योजना के अंतर्गत हरियाणा में 1700 से अधिक इकाइयों को मंज़ूरी मिल चुकी है

अधिक जानकारी के लिए
सम्पर्क करें
pmfme.haryana@gmail.com | +91 172 2996509 | pmfme.haryana
QR कोड स्कैन करें
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, हरियाणा
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dlprharyana

वस्कुलर डिमेंशिया पर रिसर्च में खुलासा

ज्यादा वज़न से याददाश्त कम होने का भी खतरा

AI Image

2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बढ़ता वजन सिर्फ दिल और डायबिटीज के लिए ही नहीं, बल्कि दिमाग के लिए भी खतरा बन सकता है। हालिया रिसर्च में सामने आया है कि वजन नियंत्रण में रखने वस्कुलर डिमेंशिया जैसी गंभीर दिमागी बीमारी से बचाव में मददगार हो सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और शुगर मिलकर दिमाग तक खून के बहाव को प्रभावित करते हैं, जिससे याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। **वजन कंट्रोल कर न सिर्फ दिल बल्कि दिमाग को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।** यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल और कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने मिलकर यह रिसर्च की है रिपोर्ट 'द जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलोजी एंड मेटाबॉलिज्म' में इस साल 22 जनवरी को प्रकाशित किया गया है।

इस बारे में दिल्ली के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. ए. के. हिंगन ने बताया कि मोटापा कई बीमारियों की प्रमुख वजह है, जिसमें से एक वॉस्कुलर डिमेंशिया भी है। अधिकतर मोटे लोगों में डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर भी रहता है।

■ **क्या है वस्कुलर डिमेंशिया**
हिंगन ने बताया कि वस्कुलर डिमेंशिया तब होता है, जब दिमाग तक खून पहुंचाने वाली नसों को नुकसान पहुंचता है। इससे याददाश्त कमजोर होने, फैसले लेने में दिक्कत, बोलने और समझने की क्षमता प्रभावित होने जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

■ **मोटापा क्यों बन रहा कारण**
रिसर्च के मुताबिक जिन लोगों का बीएमआई (BMI) ज्यादा होता है, उनमें वस्कुलर डिमेंशिया का खतरा बढ़ जाता है। मोटापे के साथ अक्सर हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या जुड़ी होती है, जो दिमाग की रक्त नलिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे दिमाग को पर्याप्त ऑक्सिजन और पोषण नहीं मिल पाता और कोशिकाएं कमजोर होने लगती हैं।

रिसाइकल कचरे पर GST रिफॉर्म की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (CSE) ने केंद्रीय बजट-2026 से पहले जीएसटी में कुछ चीजों में रिफॉर्म की मांग की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सीएसई की डीजी सुनीता नारायण ने पत्र लिखकर खास तौर पर रिसाइकल कचरे पर जीएसटी रिफॉर्म की मांग की है।

सीएसई की डीजी ने इस पत्र में लिखा है कि हमारा मानना है कि ऊर्जा, उद्योग, कचरा प्रबंधन, परिवहन और कृषि जैसे क्षेत्रों में सरकारी नीतियों के माध्यम से ग्रीन इकॉनमी बढ़ रही है। ऐसे में सीएसई मानती है कि जीएसटी में बदलाव इस ग्रीन इकॉनमी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सीएसई ने कहा कि मौजूदा समय में हमारा टैक्स सिस्टम रिसाइकल चीजों को भी आम चीजों की तरह ही मान रहा है। वह उन व्यवस्थाओं पर पेनल्टी लगाने जैसा है, जो ग्रीन इकॉनमी को बढ़ावा दे सकते हैं। सीएसई के इंडस्ट्रियल पल्यूशन प्रोग्राम डायरेक्टर नवित के. चावड़ ने कहा कि 12 बड़े, वेस्ट एंड रिसाइकल सेक्टर जिसमें मेटल स्क्रैप, प्लास्टिक वेस्ट, ई-वेस्ट, बैट्री वेस्ट, पेपर, कांच, टायर और उम्र पूरी कर चुकी गाड़ियों का हमने विश्लेषण किया है। हर सेक्टर में रिसुन की अपार संभावनाएं हैं। इससे न सिर्फ कीमती धातुएं और चीजें दोबारा इस्तेमाल होंगी, बल्कि कूड़ा और प्रदूषण में भी कमी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार रिसाइकल होने वाले कचरे पर मौजूदा जीएसटी के कारण दोहरा नुकसान हो रहा है।

CSE की डीजी सुनीता नारायण ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

बंगला साहिब में दस्तार प्रतियोगिता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गुरुद्वारा बंगला साहिब में सरोवर किनारे सोमवार (26 जनवरी) को दस्तार सजाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काफी संख्या में स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता में पोशाक की गई कि जिन परिवारों के सभी सदस्य अमृतधारी होंगे उनके बच्चों की पढ़ाई का सारा खर्च कमिटी उठाएगी। कमिटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने सिखों को दस्तार का उपहार दिया है।

काफी स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया

हवन के साथ संपन्न हुई भागवत कथा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : शालीमार बाग स्थित श्री रामभंदिर नवदुर्गा धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को विष्णु यज्ञ और कलश वितरण के साथ समापन हुआ। पंडित कृष्ण चंद्र शास्त्री ने कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और धर्म का संदेश दिया। मुख्य यजमान अरुण गोयल, रमेश चंद्र गोयल और विपिन गोयल ने समापन यज्ञ में पूर्णाहुति दी। मंदिर के प्रधान सुरेश गुप्ता ने शामिल सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। मंदिर के प्रवक्ता संजय गुप्ता ने बताया कि सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

भक्ति, ज्ञान और धर्म का संदेश दिया

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-27-2026 23:13 Color:

फटाफट खबरें

गैंगस्टर गोल्डी के पैरंट्स हिरासत में

■ भाषा, चंडीगढ़: गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को मंगलवार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक बराड़ के पिता शमशेर सिंह और मां प्रीतपाल कौर को एक दिन पहले 2024 के जबरन उसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था। पंजाब में अपराधियों और उनके सहियों के खिलाफ चल रही पुलिस कार्रवाई के बीच दोनों को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया और एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

1 फरवरी को पंजाब जाएंगे PM मोदी

■ पीटीआई, चंडीगढ़: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 फरवरी को गुरु रविदास जयंती के अवसर पर पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लन का दौरा करेंगे। वरिष्ठ बीजेपी नेताओं ने इसकी पुष्टि की है। डेरा प्रमुख संत निरंजन दास को 25 जनवरी को पद्म श्री सम्मान के लिए चुना गया है। पिछले दिसंबर में संत निरंजन दास ने बीजेपी नेताओं के साथ दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री को समारोह में आने का न्योता दिया था। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया ने भी यात्रा की पुष्टि की।

सरकार ने विपक्ष, संविधान का अपमान किया: खरगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है। इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बैठाया गया है।

खरगे ने कहा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि मैं सेंटिनल मेस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सांसदों को भेजकर जगह तलाश की और उनके जरिए पास का इंतजाम किया।

गांधी पर राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में बीजेपी ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। बीजेपी को हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। इसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली, वहीं मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में बीजेपी के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है।

'प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ'

■ **रक्षा** मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि बैठने की व्यवस्था प्रोटोकॉल की प्राथमिकता सूची (रैंक्ड ऑफ प्रीसिडेंस) के अनुसार थी। इसमें किसी भी तरह का प्रोटोकॉल उल्लंघन नहीं हुआ। इसके अलावा मल्लिकार्जुन खरगे के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, विशेष तौर पर उनके अनुरोध पर उन्हें एक निजी सहायक रखने और बैठने की जगह के पास विशेष पार्किंग की सुविधा दी गई थी।

SC ने एसिड अटैक की घटनाओं का ब्योरा मांगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक के मामलों पर मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया और सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों से ऐसे मामलों की विस्तृत जानकारी मुहैया कराने को कहा। कोर्ट ने कहा कि सरकारें साल-दर-साल एसिड अटैक के मामलों की संख्या, अदालतों में उनकी स्थिति और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों का ब्योरा पेश करें।

चीफ जस्टिस की अगुआई वाली बेंच ने पूछा कि कितने मामलों में ट्रायल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। यह भी बताना होगा कि ट्रायल कोर्ट स्तर पर कितने मामलों का निपटारा हो चुका है और कितने लंबित हैं। चार हफ्ते में यह ब्योरा मांगा गया है।

बेंच ने प्रत्येक पीड़िता का संक्षिप्त ब्योरा, उनकी शैक्षणिक योग्यता, रोजगार और वैवाहिक स्थिति, उसे दिया गया या दिया जाने वाला मेडिकल उपचार और उस पर हुए खर्च का ब्योरा देने को भी कहा। कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पीड़ितों के लिए लागू पुनर्वास योजनाओं का ब्योरा देने का भी निर्देश दिया। उन मामलों का ब्योरा भी मांगा गया, जिनमें पीड़ितों को जबरन तेजाब पिलाया गया।

- बेंच ने पूछा कि कितने मामलों में ट्रायल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है
- यह भी बताना होगा कि ट्रायल कोर्ट स्तर पर कितने मामलों का निपटारा हो चुका है और कितने लंबित हैं

चीफ जस्टिस ने केंद्र से यह विचार करने को कहा कि कानून में ऐसे बदलाव किए जाएं, जिससे एसिड अटैक के दोषियों को असाधारण सजा दी जा सके। सुप्रीम कोर्ट एक पीड़िता की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कानून के तहत दिव्यांगों की परिभाषा का विस्तार करने की मांग की गई है, ताकि तेजाब हमलों से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों को हुए नुकसान में पर्याप्त मुआवजा और अन्य राहत मिल सके।

उत्तराखंड कांग्रेस की कार्यकारिणी जल्द घोषित होगी, बैठक हुई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उत्तराखंड कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में आयोजित एक अहम बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति और उत्तराखंड कांग्रेस की नई प्रदेश कार्यकारिणी के शीघ्र गठन पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रीतम सिंह, करण मेहरा, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल भी बैठक में मौजूद रहे। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के साथ हुई इस बैठक में राज्य कांग्रेस की कार्यकारिणी जल्द घोषित करने पर विचार किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में यह कदम आगामी चुनावों के लिहाज से अहम साबित होगा। धीरेंद्र प्रताप ने अंकित भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच को लेकर अब तक केंद्र सरकार की ओर से कोई औपचारिक घोषणा न होने पर बीजेपी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने राज्य के विभिन्न इलाकों में जंगली पशुओं के हमलों से लगातार लोगों की जान जाने पर भी गंभीर चिंता जताई। बैठक में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गुरमीत सम्पल और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने भी हिस्सा लिया।

PTI

गोवा कांग्रेस के नेताओं ने भी मुलाकात की

कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से गोवा कांग्रेस के नेताओं ने भी मंगलवार को बैठक कर राज्य में पार्टी की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे।

आतंकी साजिश के मामले में एक अरेस्ट

■ पीटीआई, अहमदाबाद: गुजरात के ATS ने 22 वर्षीय दानिश को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर 'अकेले' काम करता था और पैगंबर मोहम्मद के अपमान' का बदला लेने के लिए उत्तर प्रदेश में कुछ व्यक्तियों की हत्या करने की साजिश रच रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

क्रिएटिविटी से ग्रोथ का नया विजन

■ NBT रिपोर्ट: ब्रिटिश काउंसिल ने दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम 'क्रिएटिव कनेक्शंस: ग्रोथ थ्रू मैनेजिंग' का आयोजन शुरू किया, जो 29-30 जनवरी को होगा। बेंगलुरु में सफल शुरुआत के बाद यह मंच भारत और यूके के सांस्कृतिक लीडर्स, नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और क्रिएटिव उद्यमियों को साथ ला रहा है। कार्यक्रम में पैनल चर्चा, संवाद, पॉप-अप इनोवेशन अनुभव और लाइव परफॉर्मेंस के जरिए समावेशी और सतत विकास में क्रिएटिविटी की भूमिका पर विचार होगा। यह पहल यूके-भारत सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम के तहत फैशन, फिल्म, संगीत, डिजाइन और कला क्षेत्रों में सहयोग, नेटवर्किंग और युवा रचनाकारों के लिए नए आर्थिक अवसरों पर केंद्रित है।

प्लेबैक सिंगिंग से अरिजीत सिंह ने क्यों लिया ब्रेक?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File

मशहूर गायक अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। 'अगर तुम साथ हो', 'केसरिया', 'तुम ही हो' जैसे हिट गानों से पहचान बनाने वाले अरिजीत ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि अब वे प्लेबैक सिंगर के रूप में कोई नया काम नहीं करेंगे।

हाल के दिनों में अभिनेता विक्रांत मैसी, सिंगर नेहा कक्कड़ और स्वास्थ्य कारणों से स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान ने भी काम से ब्रेक लेने की घोषणा की है। अरिजीत के फैन्स को यह खबर सुनकर झटका जरूर लगा, लेकिन उन्होंने साफ किया है कि वे म्यूजिक और सिंगिंग नहीं छोड़ रहे, सिर्फ 'प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक ले रहे हैं। वे आगे भी म्यूजिक कम्पोज करेंगे और अपने पेंडिंग कमिटमेंट्स पूरे करेंगे। कई अन्य व्यस्तताओं, मानसिक दबाव और निजी जीवन को संतुलित रखने की जरूरत के चलते आजकल कम उम्र में ही काम से ब्रेक लेना एक स्वाभाविक और जरूरी चलन बनता जा रहा है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

हाल में स्टैंडअप कमिडियन जाकिर खान ने भी सेहत के चलते स्टेज शो से लंबे ब्रेक का ऐलान किया था। उनसे पहले भी कई सेलेब्स ने करियर की पीक पर होते हुए भी सेहत को प्राथमिकता दी और काम से दूरी बनाई।

जाकिर खान ने अपने शो के दौरान बताया था कि वह लंबे समय तक थकान को नजरअंदाज करते रहे, लेकिन अब लगा कि समय रहते रुकना जरूरी है। जाकिर से पहले एक्ट्रेस नगमिमा फारूकी ने भी ऐसा ही कदम उठाया था।

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
61-65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्पूर्ण 'डी' ब्लॉक जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

वॉक-इन-इंटरव्यू
(विज्ञापन संख्या 01/2026)

इस परिषद में 09.02.2026 को 02-परामर्शदाता (आयुर्वेद), 01-वरिष्ठ पर्यवेक्षक/परामर्शदाता, 02-परामर्शदाता (प्रशासन)-सेवानिवृत्त और 01-कार्यालय सहायक-सेवानिवृत्त के संविदात्मक जुड़ाव के लिए तत्काल आवश्यकता और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु पैनल तैयार करने के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। आगे के विवरण जैसे पात्रता मानदंड, नियम व शर्तें आदि के लिए, कृपया इस परिषद की वेबसाइट www.ccras.nic.in पर जाएं।

-हस्ताक्षर-
प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती) सीसीआरएएस

CBC 17216/12/0015/2526

गुमशुदा की तलाश

हरबाई

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **हरबाई, पत्नी, किशन लाल, पता** मकान नं. एफ–54, शिव एन्कलेव विकास नगर, दिल्ली, जो दिनांक 23.01.2026 को सुबह 07.00 बजे अपने घर थाना क्षेत्र, रणहोला, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में **डीडी सं. 139ए दिनांक 23.01.2026** थाना रणहोला, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत महिला का ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र : 84, कद : 5 फुट, रंग :** सांवला, **चेहरा :** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा :** ब्राउन रंग का सूट व पिंक कलर का सलवार और पैरों में ब्लू व पीले रंग का चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : रणहोला, दिल्ली
फोन : 011-28363001
28363002, 28363003

DP/1148/OD/2026

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक की ओर से, वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कारवार द्वारा www.ireps.gov.in प्रणाली पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

अ.क्र.: 1. कार्य का नाम: गोवा राज्य में कोंकण रेलवे के एसईएन/एमएओ अनुभाग के अंतर्गत पेरनेम टनल के भीतर पृथक स्थानों पर कि.मी. 384/740 से 384/765 तक 25 मीटर लंबाई में कॉर्बेशन शॉटिंग का कार्य तथा कि.मी. 383/580 से 384/960 के बीच पीयू शॉटिंग का कार्य करना (कंप्यूटर नं.: 69635). **निविदा सूचना क्र.: केआर/केडब्ल्यू/ओएल/डब्ल्यू/2026/03-आरबी। कार्य की लागत (लाख में):** रु. 327.72 (जीएसटी को छोड़कर)। **समापन तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:00 बजे।

अ.क्र.: 2. कार्य का नाम: गोवा राज्य में कोंकण रेलवे के एसईएन/एमएओ अनुभाग के अंतर्गत ओल्ड गोवा टनल के भीतर कॉर्बेशन शॉटिंग (कि.मी. 412/070 - 412/110 तथा कि.मी. 412/200 - 412/225) एवं स्टील लाइनिंग (कि.मी. 412/010 - 412/030 तथा कि.मी. 411/935 - 411/945) का कार्य करना (कंप्यूटर नं.: 69323). **निविदा सूचना क्र.: केआर/केडब्ल्यू/ओएल/डब्ल्यू/2026/04-आरबी। कार्य की लागत (लाख में):** रु. 382.34 (जीएसटी को छोड़कर)। **समापन तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:00 बजे।

अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के कार्यालय से संपर्क करें। अधिक विवरण के लिए (https://www.ireps.gov.in) पर देखें।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES

"पी एम विश्वकर्मा न केवल देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को विश्व स्तर पर नई पहचान भी दिलाएगा।"
– श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री

भारत के कारीगरों और शिल्पकारों की विरासत की प्रदर्शनी
पी एम विश्वकर्मा हाट 2026
18 से 31 जनवरी 2026 | प्रातः 10:30 से रात 10:00 बजे तक
दिल्ली हाट, आई एन ए, नई दिल्ली

विभिन्न राज्यों से विश्वकर्मा कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शन
•पारंपरिक शिल्प • लाइव प्रदर्शन • सांस्कृतिक अनुभव

श्री जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

सुश्री शोभा करांदलाजे
राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

पी एम विश्वकर्मा का अब तक का सफर
- 30 लाख विश्वकर्माओं का सफल पंजीकरण
- 23 लाख+ विश्वकर्माओं को कौशल प्रशिक्षण
- 5.3 लाख+ विश्वकर्माओं को ₹ 4,600+ करोड़ का ऋण स्वीकृत
- 12 लाख विश्वकर्माओं को टूलकिट
- पैकेजिंग, ब्रांडिंग के लिए प्रशिक्षण एवं विपणन तथा डिजिटल प्रोत्साहन



CBC 23113/13/0110/2526

बंगाल में निपाह पर अफवाहें, 2 एक्टिव मामले मिलेः केंद्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच केंद्र सरकार ने स्थिति साफ कर दी है। एनसीडीसी के मुताबिक, पिछले साल दिसंबर से अब तक राज्य में निपाह वायरस बीमारी के केवल दो ही पुष्टि किए गए मामले सामने आए हैं। इसमें ज्यादा मामलों की खबरें सही नहीं हैं।

सरकार ने बताया कि इन दोनों मरीजों के संपर्क में आए 196 लोगों की पहचान कर ली गई। सभी को ट्रेस किया गया, उनकी निगरानी की गई और जांच भी कराई गई। राहत की बात यह है कि इनमें से कोई भी व्यक्ति न तो बीमार पाया गया और न ही किसी की रिपोर्ट निपाह पॉजिटिव आई है। दो मामलों की पुष्टि के बाद केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार ने मिलकर तुरंत जरूरी कदम उठाए। स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ाई, लैब जांच तेज की और पीलिभ में टीमें भेजकर हालात पर कड़ी नजर रखी।

SC ने बार से पूछा, रिटायर्ड जजों को भत्ता क्यों नहीं?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बार काउंसिल में आरक्षण... कोर्ट सख्त

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को ने बार काउंसिल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के वकीलों के लिए आरक्षण की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने इस मामले को वरिष्ठ अधिवक्ता डी. गिरी के मौखिक उल्लेख पर सुना। गिरी हाई-पावर्ड इलेक्शन सुपरवाइजरी कमिटी के सदस्य हैं। गिरी ने कहा कि चुनाव समिति के सदस्यों उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश के पद और गरिमा के अनुरूप मानदेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब यह सुझाव बार काउंसिल ऑफ इंडिया को दिया गया, तो हमें जवाब मिला कि यह बहुत ज्यादा है और उनके लिए ऐसा करना संभव नहीं होगा। बेंच ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह इन दोनों मुद्दों पर काल तक जवाब दे।

आदेश में बीसीआई को यह स्पष्ट करने को कहा गया कि उसने अदालत को सूचित किए बिना राजस्थान बार काउंसिल के चुनावों के लिए अलग समिति कैसे गठित की। मुख्य न्यायाधीश कांत ने समिति के सदस्यों को बने न देने पर भी आपत्ति जताई।

बजट सत्र आज से, अजेंडे पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू होगा, 1 फरवरी को पेश होगा बजट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है और एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी।

विपक्ष ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' और मनरेगा सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर चर्चा की मांग की, जिसे सरकार ने अस्वीकार कर दिया।

बैठक के दौरान, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी सदस्यों ने सत्र के लिए सरकारी कामकाज का अजेंडा सामने नहीं रखे जाने पर आपत्ति जताई, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह उचित समय पर किया जाएगा। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम पर चर्चा के लिए विपक्ष की मांग पर सरकार की तरफ से कहा गया कि एक बार जब कोई कानून पेश के सामने आ जाता है, तो हमें उसका पालन करना होता है। हम रिवर्स गियर में वापस नहीं जा सकते। साथ ही कहा कि विपक्षी सांसदों ने कई मुद्दे रखे हैं और इन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा के दौरान उठाया जा सकता है।

ऑल पार्टी मीटिंग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश समेत विपक्षी दलों के सांसद भी मौजूद रहे।

- सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि सरकार सस्पेंस की रणनीति अपनाती है
- बीजेडी ने अंडिहाल के किसानों की समस्याओं और फसल बीमा में देरी का मुद्दा उठाया

कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा सत्र के लिए विधायी अजेंडा साझा नहीं किए जाने की शिकायत के बाद रिजिजू ने कहा कि पक्ष साल का पहला सत्र है। आम तौर पर सरकारी कामकाज की लिस्ट राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद साझा की जाती है। हालांकि मैं लिस्ट साझा करने के लिए तैयार हूं।

महाकाल मंदिर में VIP दर्शन पर दखल नहीं: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' और गर्भगृह में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश की प्रथा को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों और प्रवेश से जुड़े नियमों का निर्धारण करना ज्यूडिशियल रिव्यू का विषय नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अगुआई वाली बेंच ने हालांकि याचिकाकर्ता दर्शन अवस्थी की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन से इस संबंध में संबंधित अथॉरिटी के सामने प्रतिवेदन देने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट ने दर्शन व्यवस्था के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

याची वकील ने कहा कि जहां तक गर्भगृह में प्रवेश का सवाल है, हर नागरिक के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की एक सीमा होती है और ऐसे विषयों पर निर्णय लेना उन लोगों का काम है जो प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीआईपी प्रवेश की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, यह अदालत तय नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि अगर हम यह मान लें कि अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) गर्भगृह के भीतर लागू होता है, तो लोग अन्य अधिकारों, जैसे अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) का भी दावा करने लगेंगे।

मेट्रो से जुड़ेगा मुंबई और नवी मुंबई का इंटरनैशनल एयरपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनैशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई का इंटरनैशनल एयरपोर्ट मेट्रो से जुड़ेगा। राज्य की कैबिनेट इंफ्रास्ट्रक्चर कमिटी ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे एक दूसरे एयरपोर्ट पर आना जाना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दोनों एयरपोर्ट को एक दूसरे एयरपोर्ट से मेट्रो से जोड़ने के लिए करीब 22,862 करोड़ रुपये खर्च आएंगे। यह मेट्रो लाइन पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल की तर्ज पर विकसित की जाएगी। इसमें 20% हिस्सा केंद्र सरकार, 20% राज्य सरकार और शेष हिस्सा पीपीपी ऑपरेटर का होगा।

NEET-PG आंसर-की मामला विस्तार से सुनेगा SC

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा के प्रश्न पत्र और आंसर शीट सार्वजनिक न किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। बेंच ने इस नीति पर सवाल उठाते हुए कहा, हम इस मामले में विस्तार से सुनवाई करेंगे। हम पूरी तरह से सहमत नहीं हैं। हम इसकी पड़ताल करेंगे। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने कोर्ट में कहा है कि प्रश्न पत्र और आंसर शीट को सार्वजनिक न करने का मकसद इनकी सुरक्षा करना और सुप्रसिद्ध पर कोचिंग संस्थानों द्वारा दुरुपयोग रोकना है। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र और बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

4 दिन मालिक के शव की रखवाली करता रहा डॉगी

■ NBT रिपोर्ट, चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में शीत बनाने के लिए घर से निकले 2 लड़कों के शव मिल गए हैं। जिस जगह लड़के का शव मिला, वहां से रेस्क्यू टीम ने एक पिट-बुल नस्ल के डॉगी को भी रेस्क्यू किया, जिसने काफी देर तक रेस्क्यू दल को डेडबॉडी में हाथ नहीं लगाने दिया। TOI के मुताबिक, चंबेरे भाइयों का पालतू डॉगी 4 दिनों तक कड़ाके की सर्दी में सुनसान जंगल पर बर्फ के बीच उनके शव की रखवाली करता रहा।

बता दें कि, भरमौर में दो चंबेरे भाई बीते शुक्रवार से लापता थे। दोनों बर्फ के बीच शीत बनाने के लिए जंगल में निकले थे। इनके साथ पालतू डॉगी भी था। दोनों घर नहीं लौटे तो सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। बाद में NDRF, पर्वतारोही पुलिस टीम और स्थानीय लोगों की मदद भी ली गई।

बाद में सर्च ऑपरेशन के लिए सेना के दो हेलिकॉप्टर बुलाए गए। रविवार शाम 4 बजे वाले हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी तो दुर्गम इलाके में डेडबॉडी मिली। जिस ग्लेश में दोनों लड़के लापता हुए, वहां 4 से 5 फीट बर्फ है। भारी बर्फबारी और खराब मौसम के चलते राहत एवं बचाव कार्य में काफी परेशानी आई।

उत्तर रेलवे

रेलवे बोर्ड के लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, और सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण संबंधी सेवाओं के लिए एजेंसी के चयन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित आवेदन पत्र पर इच्छुक पार्टियों/एजेंसियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) सं.	No. 5PR/1/2026-29/Agency/Selection/R.B.
कार्य का पूरा नाम	रेलवे बोर्ड के लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, और सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण संबंधी सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन
सर्विस/कार्य की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी को छोड़कर)	₹ 3,72,00,000/- (तीन करोड़ बहत्तर लाख रुपये मात्र) (बिना जीएसटी) प्रति वर्ष, अथवा ₹ 7,44,00,000/- (सात करोड़ चवालीस लाख रुपये मात्र) (बिना जीएसटी) दो वर्ष हेतु।
सर्विस/कार्य की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी सहित)	₹ 8,77,92,000/- (आठ करोड़ सतहत्तर लाख बयानवे हज़ार रुपये मात्र) (जीएसटी सहित) दो वर्ष हेतु।
धरोहर जमा राशि	₹ 5,88,960/- (पाँच लाख अट्ठासी हज़ार नौ सौ साठ रुपये मात्र)
आवेदन फॉर्म की कीमत	रेलवे काउंटर पर ₹ 10,000/– + 18 प्रतिशत जीएसटी = ₹ 11,800/– (अप्रतिदेय) नकद रूप में अथवा यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो PFA, Northern Railway, नई दिल्ली के पक्ष में जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर आदि के साथ। (यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा मंगवाया जाता है तो 500/– रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा।)
आवेदन पत्र जनसंपर्क कार्यालय से खरीदने अथवा उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	18.02.2026 को 12.00 बजे तक
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय	18.02.2026 को 12.30 बजे तक
आवेदन को खोलने की तिथि एवं समय	18.02.2026 को 13.00 बजे
आवेदन जमा करने एवं खोलने का स्थान	सीपीआरओ ऑफिस, एनडीसीआर बिल्डिंग, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

सं. 5PR/1/2026-29/Agency/Selection/R.B. दिनांक : 27.01.2026 290/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ट्रैक्शन सिस्टम के साथ लाइन विद्युतीकरण के लिए ई-निविदा सूचना

निविदा सं.: 02-CEE-C-SECR-2026
दिनांक: 20.01.2026
कार्य का नाम: SEC रेलवे, नागपुर मंडल में SKS-DKS सेक्शन के बीच 2x25 KV ट्रैक्शन सिस्टम के साथ तीसरी लाइन और इतवारी-मोतीबाग लाइन का 25KV ट्रैक्शन सिस्टम के साथ विद्युतीकरण का काम, साथ ही इतवारी-मोतीबाग के इलेक्ट्रिकल जनरल काम।
निविदा मूल्य: ₹ 6,81,34,450/- (छ सत्र करोड़ इकसठ लाख चौंतीस हज़ार चार सौ पचास मात्र). बयाना राशि: ₹ 4,90,700/-
निविदा बंद होने की तारीख और समय: दिनांक 13.02.2026 को 15:30 बजे
कार्य पूर्ण होने की अवधि: LOA जारी होने की तारीख से 18 (अठारह) महीने।
वेबसाइट का विवरण: अधिक जानकारी/ई-निविदा सम्बंधित दस्तावेज़ चाहता मानदंड, नोटिस बोर्ड स्थान की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

उप-मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

F/L 96-292

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल)

(भारतीय रिजर्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
बी.आर.बी.एन.एम.पी.एल. शालबनी–721132, पश्चिम मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल
फोन नंबर: 03227–280119 / 280317; ईमेल: salboni@mpnl.co.in

खुली निविदा पूछताछ (ओटीई)/राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (एनसीबी)

निम्नलिखित ई–निविदाओं के लिए दो–चरण बोली प्रणाली के तहत बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:–

1. बीआरबीएनएमपीएल, शालबनी के प्लांट इंस्टिंक्ट में हेल्थ केयर सर्विसेज के मैनेजमेंट और अन्य–पास के गांवों में सीएसआर सर्विसेज के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से एकल/दो ई–निविदा; एमएसटीसी इंडेंट नं. बीआरबीएनएमपीएल/शालबनी डेल/एमएसी/46/25–26/ईटी/05 [हेल्थ केयर सेवाओं का प्रबंधन], निविदा संख्या 010/सार/बीएमएल/2025–26; [मूल्यांकित लागत– ₹330.00 लाख]।
2. बीआरबीएनएमपीएल, शालबनी के परिसर स्टोर्स में मटीरियल हैंडलिंग और अन्य विविध कार्यों के लिए मैनपावर की आपूर्ति के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ई–निविदा; एमएसटीसी इंडेंट नं. बीआरबीएनएमपीएल/शालबनी डेल/एमएसी/46/25–26/ईटी/04 [प्रत्यक्ष स्टोर के लिए मैनपावर], निविदा संख्या 020/सार/बीएमएल/2025–26; [मूल्यांकित लागत– ₹70.56 लाख]।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि क्रमांक 1 के लिए 06.02.2026, शुक्र 11:00 बजे तक और क्रमांक 2 के लिए 27.02.2026, शुक्र 11:00 बजे तक है। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर जाएं। नवीन विवरण हमारी वेबसाइट www.brbnmpl.co.in पर भी उपलब्ध हैं। अपने कोई विस्तार या संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर अपलोड किया जाएगा।

वरिष्ठ महाप्रबंधक

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

विनियामक भवन, सी-ब्लॉक, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
वेबसाइट: www.derc.gov.in टेलीफैक्स 41080417

दिनांक : 28/01/2026

रद्द करने की सूचना

बाबत्

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों के व्ययों के सत्यापन के लिए नियामक लेखा परीक्षण हेतु सी एंड एजी के सूचीबद्ध ऑडिटरों की नियुक्ति के लिए निविदा की प्रक्रिया हेतु

(निविदा सूचना दिनांक 29/10/2025)

यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने उपरोक्त निविदा के तहत बिजली वितरण कंपनियों के व्ययों के सत्यापन के लिए नियामक लेखा परीक्षण हेतु सी एंड एजी के सूचीबद्ध ऑडिटरों की नियुक्ति की निविदा प्रक्रिया को रद्द करने का निर्णय लिया है और इसके परिणामस्वरूप, संबंधित कार्य की प्रक्रिया रद्द कर दी गई है।

कार्यकारी निदेशक
दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

DIP/Shabdarth/Classified/0417/25-26

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०

अधिशेष अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल–तृतीय, बुलन्दशहर।

ई–निविदा सूचना दिनांक: 22.01.2026

निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना–

1. 72/EDC-III/B/2025-26, विठिविखण्ड–शिकारपुर के कार्यक्षेत्र में आपातकालीन स्थिति में क्षतिग्रस्त पीसीसीसी/एसएटीपीए पोलो को सीधा कर विद्युत व्यवस्था सुचारू करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180, धरोहर राशि– रू0 5000।
2. 73/EDC-III/B/2025-26, विठिविखण्ड–डिबाई के कार्यक्षेत्र में पूर्णजमा योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष संयोजन निर्गत करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर राशि– रू0 15000।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 06.02.2026, 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट http://www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। RO-2243/27.01.2026

ARMY LAW COLLEGE, PUNE

Old Pune-Mumbai Highway (NH-4), Saibaba Sewadham, Kanhe, Pune- 412106
Contact No: 02114-297339 & Mob 8149930388, 9971435277, Website: www.alcpune.com
An Institution of Army Welfare Education Society (AWES)
Affiliated to SPPU and Approved by BCI & Government of Maharashtra

NOTICE: EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

1. Sealed Proposals / Expression of Interest (EOI) are invited by Army Law College, Pune (Kanhe Campus) from Central Govt Agencies/CPSEs/State PSUs for **Project Management Consultancy** (PMC) for Repair & Refurbishment of the Existing Building No. 23 with area of 8237.88 Sq ft and Building No. 45 with area 21094.61 Sq ft in existing land of 8.03 Acre of Army Law College, Pune (Kanhe Campus) as per of Scope of Work given in EOI:-

Ser No	EOI Reference	Services Required	EMD (₹)	Availability of EOI
1.1.	ALC/PMC/2026-27/ Ph- I/8.03 ACRE	Project Management Consultancy (PMC) for Repair & Refurbishment of the Existing Building No. 23 with area of 8237.88 Sq ft and Building No. 45 with area 21094.61 Sq ft in existing land of 8.03 Acre of Army Law College, Pune (Kanhe Campus). For detailed Scope of work	Exempted	With effect from 28 Jan 2026 (1500 hours onwards) on www.alcpune.com

2. Calendar of Events:-
2.1. Issue of EOI documents - 28 Jan 2026 (1500 hours onwards)
2.2. Date & time for pre bid meeting - 05 Feb 2026 (1200 hours) at Army Law College Pune (Kanhe Campus)
2.3. Last date for Submission of EOI & Bids - 17 Feb 2026 (1200 hours)
2.4. Opening of Technical Proposal - 17 Feb 2026 (1300 hours onwards)
2.5. Opening of Financial Proposals - To be intimated later to the technically qualified bidders.

3. Govt agencies/CPSEs/State PSUs with good experience in construction/Project Management may apply as per criteria given in EOI. Response to EOI is expected in two envelopes i.e.(a) qualifying criteria as per EOI, (b) Percentile quote (both the envelopes in one single envelope). EOI can be downloaded from Notice/ Advertisement & Tenders menu of College Website www.alcpune.com. EOI documents can also be collected from Army Law College, Pune (Kanhe Campus) by paying Tender Fee of ₹ 50,000/- (Rupees fifty thousand only) from Monday to Friday and 2nd & 4th Saturday of the month between from 10 AM to 04 PM. EOI documents if downloaded from the ALC website are required to be submitted with the fee of ₹ 50,000/- (Rupees fifty thousand only) in the form of Demand Draft in favour of ALC Kanhe, **Acct No- 37764805404, payable at Army Law College Institutional Fund Acct, Branch-SBI Dehu Road (IFS Code-SBIN0000569).** All the bids are mandatorily required to be submitted in physical form in a sealed envelope at ALC Kanhe. Bids submitted online will not be accepted.

Queries:- For any queries, please contact Registrar & HoA on Mobile No 8149930388 and CIC ALC on Mobile No 9971435277 or on email : cicalcpune@gmail.com

Engineer-in-Charge
Project Management Group
Army Law College Pune

बेस हॉस्पिटल दिल्ली कैंट–110010 में DGLP/ECHS फंड के तहत दवाओं/सर्जिकल उपभोग्य सामग्रियों और मेडिकल गैसों की स्थानीय खरीद के लिए विक्रेताओं का पंजीकरण

1. विशेष वर्ष 2026-27 के लिए बेस हॉस्पिटल, दिल्ली कैंट-110010 हेतु आवश्यकता के आधार पर दवाओं/सर्जिकल उपभोग सामग्रियों/मेडिकल गैसों के आपूर्तिकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
2. इच्छुक डीलर/कंपनियां जिनके पास नीचे उल्लिखित वैध दस्तावेज हैं, वे पंजीकरण के लिए कमांडेंट, बेस हॉस्पिटल दिल्ली कैंट-110010 को आवेदन कर सकते हैं।
   आवेदन पत्र ईएनटी - एमएनएस विभाग (Department of ENT - HNS), बीएचडीसी (BHDC) में वैध पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने पर उपलब्ध हैं।

आवश्यक दस्तावेज:
i. वैध शॉप एक्ट लाइसेंस (Shop Act License)
ii. वैध ड्रग लाइसेंस प्रमाणपत्र
iii. पैन कार्ड की प्रति
iv. वार्षिक कारोबार (विक्रेताओं के लिए 10 करोड़, निर्माताओं के लिए 50 करोड़)
v. सीए (CA) द्वारा ऑडिटेड बैलेंस शीट (03 वर्ष) के साथ आयकर प्रमाणपत्र
vi. निर्माता से अधिकृत वितरक (Authorised Distributorship) प्रमाणपत्र
vii. डब्ल्यूएचओ जीएमपी (WHO GMP)/ यूएसएफडीए (USFDA)/ ईसीओआई (ECI)/ डीजीएफए (DGQA) प्रमाणपत्र
viii. जीएसटी (GST) पंजीकरण प्रमाणपत्र
ix. ईसीएस/एनईएफटी (ECS/NEFT) मैंडेट फॉर्म
x. गैर-दोषसिद्धि प्रमाणपत्र (Non-conviction certificate) (एनओसी द्वारा जारी)

1. सभी मौजूदा विक्रेताओं के पंजीकरण के लिए पिछले प्रदर्शन पर विचार किया जाएगा। बाहरी (आउटस्टेशन) विक्रेताओं के लिए एक अनुभवी से प्रदर्शन प्रमाणपत्र अनिवार्य है।
2. सम्पत्ति एमएसएमई (MSEs) और स्टार्टअप कंपनियों को वार्षिक कारोबार की शर्त से छूट दी जाएगी।
3. सभी विक्रेताओं के परिसर का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।
4. मेडिकल गैसों के विक्रेता दिल्ली एनसीआर में स्थित होने चाहिए।
7. सभी विक्रेताओं का जीईएम (GeM) पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

महत्वपूर्ण तिथियां:
- आवेदन जारी होने की तिथि: 28 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक।
- आवेदन जमा करने की तिथि: 28 फरवरी 2026 तक (ईएनटी विभाग में बंद बॉक्स)।
- दस्तावेजों के सत्यापन की तिथि: 05 मार्च 2026 से आगे।
- पंजीकरण की तिथि: 25 मार्च 2026 (उपस्थिति अनिवार्य)।

नोट: विक्रेता अपने पंजीकरण की तिथि पर सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियों (original documents) के साथ उपस्थित रहेंगे।

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नामः राकेश पुत्रः मदन लाल, निवासीः हाउस नंबर 179, गाँव खैरा, नजफगढ़, नई दिल्ली, उम्रः 25 साल, कदः 5 फुट 8 इंच, चेहराः गोल, रंगः गेहुँआ, शरीरः मध्यम, पहनावाः काले रंग की शर्ट, नीले रंग की पैंट और पैरों में जूते पहने हुए, दिनांक 21.01.2026 को रात 11:00 बजे से अपने घर के क्षेत्र, थाना अन्तर्गत छावला, नई दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में DD No. 49A, dated 23.01.2026 थाना अन्तर्गत छावला, नई दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना– छावला, नई दिल्ली
फोन: 011-25316100, 8750871631
DP/1140/DW/2026

गुमशुदा महिला की तलाश

पूनम देवी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम पूनम देवी W/o संजय R/o पृथ खुर्द, सरकारी स्कूल, दिल्ली उम्र 37 साल जो कि 19.01.2026 को शाम 6 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत DD No.137A दिनांक 20.01.2026 थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।

इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:–

रंगः गोरा, कदः 5'5", शरीरः मध्यम, जिसने सूट, लाल रंग की शॉल और चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई-मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639
दूरभाषः 24368638/24368641
थानाध्यक्षः बवाना, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-27751949
7065036321
DP/1000/ON/2026

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

संख्या: W/623/3/NIT "ई–टेण्डरिंग नोटिस" दिनांक:22.01.2026

मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय कार्य लेखा शाखा पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं विवरण इस प्रकार है

क्रम सं.	ई–टेन्डरिंग संख्या और कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	बयाना राशी रु.
1.	RTM-2025-26-185 Godhra -Ratlam -Providing track machine siding with allied facilities at Jekot and balance work for Limkheda siding. अनुमानित मात्राः- As per tender schedule, कार्य समापन अवधिः- 12 Months, Similar type of work:- Any Civil Engineering Work. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:– 22.01.2026, निविदा खुलने की तिथि:– 16.02.2026	₹5,01,66,194.38	₹4,00,800.00

विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

5/1427

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

गुमशुदा की तलाश

सुरजू

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाई गई है) जिसका नामः खुशबू, पुत्रीः नीरज कुमार, निवासीः डी–204, गोजी वाला बाग, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली दिनांक 16.01.2026 को शाम 6.00 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस संबंध में FIR No.053/2026 दिनांक 21.01.2026 U/S 137(2), भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत थाना आदर्श नगर, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली में गुमशुदा का मामला दर्ज किया गया है।

उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

लिंगः महिला, उम्रः 17½ वर्ष, कदः 5 फुट, रंगः गोरा, चेहराः लंबा, बनावटः मजबूत, बालः लंबे काले, पहचान चिह्नः दाहिने हाथ पर "ॐ" का टैटू, पहनावाः जर्सी और गुलाबी रंग का सलवार सूट और पैरों में चप्पल।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

फोन नंबर: 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स नंबर: 011-24368639 | ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | वेबसाइट: https://cbi.nic.in
थानाध्यक्ष
थाना आदर्श नगर, दिल्ली
फोनः 8790870229, 011-27674552
DP/1156/NW/2026

गुमशुदा की तलाश/पीड़ित

फोटो उपलब्ध नहीं है

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो उपलब्ध नहीं है) जिसका नामः राधे श्याम, पुत्रः कुशल सिंह, निवासीः बेगाबॉन्ड, गुरुद्वारा बस स्टैंड, दिल्ली रकाबगंज गुरुद्वारा, दिल्ली से लापता हो गया है। जो केस नं. एफआईआर संख्या 127/2025 दिनांक 26.10.2025 में पीड़ित व्यक्ति है व उनकी तलाश है। इस संबंध में रिपोर्ट थाना चाणक्यपुरी, नई दिल्ली जिला, नई दिल्ली में दर्ज की गई है।

उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

लिंगः पुरुष, उम्रः 55 वर्ष, कदः 5'6", रंगः गहरा, बनावटः मजबूत, बालः घुंघराले छोटे भूरे और दाढ़ी–मूंछे, पहनावाः काले रंग का कुर्ता और पैंट।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता/पीड़ित आदमी का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस आदमी के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

फोन नं.: 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स नं.: 011-24368639 | ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | वेबसाइट: http://cbi.nic.in
थानाध्यक्ष
थाना - चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
फोन: 011-23012003, 8750870523
DP/1095/NDD/2026

पहचान के लिए अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नामः अज्ञात पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात, जो कि एच.सी. सेन मार्ग, शीशगं

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMH13 User: cci Time: 01-28-2026 00:06 Color:

भारत और EU का समझौता क्यों कहा जा रहा है

मदर ऑफ ऑल डील्स...

शिखर सम्मेलन में भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) ने फ्री ट्रेड अग्रिमेंट (FTA) होने का ऐलान किया। यूरोपियन यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स (सबसे बड़ा समझौता) बताते हुए कहा कि हमने ये कर दिखाया। आइए जानते हैं डील की खास बातें और इससे भारत-EU को क्या फायदे होंगे।

PTI

FTA का ऐलान करते पीएम नरेंद्र मोदी, उर्सुला वॉन डेर लेयेन, एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा।

25% सम्मिलित हिस्सा है ग्लोबल GDP में भारत और EU का

33% हिस्सेदारी है भारत और EU की वैश्विक व्यापार में

99% निर्यात (भारत के) को EU में मिलेगी छूट, वैल्यू के आधार पर

97.5% EU से आयात के हिस्से पर भारत टैरिफ घटाएगा

90.7% भारत के एक्सपोर्ट पर EU डील लागू होने के पहले दिन से टैरिफ जीरो कर देगा

$33 बिलियन के एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो लेगा भारत से टेक्सटाइल्स, लेदर, रागुड़ी उत्पादों, जेम्स एंड जूलरी जैसी वस्तुओं पर

20% कर दिया जाएगा 150% तक के टैरिफ को घटाकर यूरोपियन वाइन पर

50% किया जाएगा यूरोपियन बीयर पर 110% के टैरिफ को चरणबद्ध ढंग से

30% EU से आयात पर टैरिफ जीरो करेगा भारत डील लागू होने के पहले दिन से

10 साल में भारत, EU से आने वाले माल पर टैरिफ धीरे-धीरे घटाकर जीरो करेगा

10% पर लाया जाएगा EU से आने वाली लग्जरी कारों पर कोटा बेस्ड सिस्टम में टैरिफ 5 साल में

07 साल में EU धीरे-धीरे भारत से जाने वाले माल पर टैरिफ घटाकर जीरो करेगा

37 सेक्टरों में कॉन्ट्रैक्चुअल सर्विस सप्लायर्स और 17 में इंडिपेंडेंट प्रफेशनल्स के लिए छूट देगा EU

144 सब-सेक्टरों में (EU के सर्विसेज सेक्टर के) भारतीय पेशेवरों के लिए आसान नियम

घटेंगे यूरोपियन वाइन और चॉकलेट के दाम?
यूरोप से आने वाली प्रीमियम वाइन पर टैरिफ घटाकर 30% और बाकियों में 20% किया जाएगा। ब्रेड, पेस्ट्री, बिस्किट और चॉकलेट पर टैरिफ धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा।

5 साल में... लग्जरी कारों पर

कस्टम्स ड्यूटी 110% से 10% लाएगा भारत

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FTA लागू होने के बाद यूरोप से आने वाली मर्सिडीज, लैम्बोर्गिनी, पोर्श, ऑडी और BMW जैसी लग्जरी कारों के दाम घट सकते हैं। इन पर भारत 70% से 110% तक कस्टम्स ड्यूटी लगाता है। इसे चरणबद्ध ढंग से घटाकर 5 साल में 10% किया जाएगा। यह रिफायत कोटा आधारित होगी। यानी, यह नहीं होगा कि यूरोप से जितनी चाहें, उतनी कारें आयात हों और उन पर टैरिफ कम लगे। कोटा चरणबद्ध ढंग से बढ़ाया जाएगा और तब कोटे से ज्यादा की कारों पर ड्यूटी में कोई छूट नहीं मिलेगी। इलेक्ट्रिक कारों के मामले में कोटा सिस्टम डील लागू होने के पांचवें साल से शुरू होगा।

EV में कोटा सिस्टम डील के पांचवें साल से शुरू होगा

EU से नहीं आएंगी सस्ती कारें

कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, 'भारत में मुख्य रूप से 25 लाख रुपये तक की कारें ज्यादा बिकती हैं और EU की इसमें खास दिलचस्पी नहीं है। इसलिए तय किया गया है कि 15000 यूरो यानी टैक्स वगैरह मिलाकर यह 25 लाख रुपये तक की पड़ने वाली कारें EU से नहीं आएंगी। वे चाहें तो यहां कारें बनाएं और यहां से निर्यात करें। इससे यहां वैल्यू एडिशन होगा और युवाओं के लिए नए रोजगार के मौके बनेंगे।'

लेकिन, कारों के दाम पर नहीं पड़ेगा ज्यादा असर

Khalid.Amin@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत-यूरोप फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एक बड़ी घटना है जो आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकती है लेकिन जहां तक ऑटोमोबाइल सेक्टर की बात है तो गाड़ियों की कीमतों पर इसका तुरंत कोई नहीं दिखने जा रहा है। वजह यही है कि पिछले कुछ सालों में 'मेक इन इंडिया' पर सरकार का काफी जोर रहा है और ज्यादा ऑटो कंपनियों ने देश में ही अपने पोर्टफोलियो की ज्यादातर गाड़ियों को बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में लोअर इंपोर्ट टैक्स का ज्यादा असर पॉपुलर गाड़ियों पर नहीं दिखाई देने वाला। मास सेगमेंट की तो लगभग सभी गाड़ियां इंडिया में ही बनाई जाती हैं। लग्जरी सेगमेंट में जरूर कंपनियां अपनी कुछ गाड़ियों को इंपोर्ट करती हैं। लेकिन यहां भी सीन चेंज हो चुका है। लग्जरी सेगमेंट में मर्सीडीज और BMW मिलकर करीब 65 से 70 फीसदी बाजार पर कब्जा किए हुए हैं। मर्सीडीज की 90 पर्सेंट का ज्यादा बिक्री इंडिया में बनी हुई गाड़ियों से ही होती है। वहीं, BMW के भी 95 पर्सेंट से ज्यादा मोडल्स इंडिया में ही बन रहे हैं। ऑडडी और JLR भी अपनी काफी मॉडल्स इंडिया में ही बना रही हैं। ऐसे में लग्जरी सेगमेंट में भी कोई बहुत बड़ा प्राइस रिडक्शन फिलहाल को नहीं दिखाई दे रहा है।

FTA कब लागू होगा, ये भी सवाल: समझौते का ऐलान तो हो गया है, लेकिन ऑटो इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के मुताबिक, इसे पूरी तरह लागू होने में 2028 के मध्य तक का वक्त लग सकता है। वहीं, 2025 में रुपया, यूरो के मुकाबले 19% कमजोर हो गया है। इसका मतलब, अगर कल को इम्पोर्ट ड्यूटी कम भी हो जाए, तो भी यूरोप से कार खरीदना महंगा ही रहेगा।

भारत के 93% निर्यात पर हटेगा यूरोपियन यूनियन का टैरिफ

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

NBT EXPLAINER

■ **नई दिल्ली :** भारत-यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) की बात मंगलवार को बन गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपियन यूनियन के शिखर सम्मेलन में FTA पर बातचीत पूरी होने का ऐलान किया। पीएम ने कहा कि इससे यूरोप के बाजारों में देश के निर्यात की आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। यह महज व्यापार समझौता नहीं, बल्कि साझा खुशहाली का नया ब्लूप्रिंट है। इससे भारत से भेजे जाने वाले 93% माल पर टैरिफ खत्म हो जाएगा और टेक्सटाइल्स, लेदर एंड फुटवियर, जेम्स एंड जूलरी जैसे ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

Q भारत को क्या मिला?

वैल्यू के आधार पर भारत से EU को होने वाले निर्यात के 99% तक हिस्से पर टैरिफ में छूट मिलेगी। इससे एक बड़ा संदेश मल्टीनेशनल कंपनियों को जाएगा कि वे भारत में कारखाने लगाकर चीजें बनाएं और यहां से निर्यात करें तो EU के 27 देशों के बाजार में उन्हें इंपोर्ट ड्यूटी में बड़ी छूट मिलेगी। ऐसे विदेशी निवेश से मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके बनेंगे। निर्यातकों के संगठन FIEO के प्रेसिडेंट एस. सी. रालहन ने इसे सराहा है।

Q कब लागू होगी डील?

अभी बातचीत पूरी हुई है। अब दोनों पक्ष FTA की कानूनी शब्दावली पर काम करेंगे। इसके बाद भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल और यूरोप में वहां की संसद की मंजूरी की जरूरत होगी। हालांकि, यूरोप के 27 देशों से अलग-अलग मंजूरी नहीं लेनी होगी। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा, 'यह वंडरफुल एग्रीमेंट है। उम्मीद है कि यह सम्भवतः 2026 में लागू हो जाएगा।'

Q कौन कब घटाएगा ड्यूटी?

डील के तहत EU, भारत से निर्यात के 99% हिस्से पर टैरिफ घटाएगा। भारत, EU से आयात के करीब 97% हिस्से पर ड्यूटी घटाएगा। खास बात यह है कि EU को जहां 7 वर्षों में टैरिफ जीरो करना है, वहीं भारत 10 वर्षों में धीरे-धीरे यूरोपियन चीजों पर ड्यूटी घटाएगा। FTA लागू होने के पहले दिन से EU, भारत के 90.7% एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो कर देगा, लेकिन भारत उस दिन EU के केवल 30% आयात पर टैरिफ खत्म करेगा।

Q किन सेक्टरों को फायदा?

गाड़ियों और स्टील को छोड़कर भारत से जाने वाले 93% माल पर ड्यूटी खत्म हो जाएगी। ऑटोमोबाइल्स सहित बाकी चीजों के लिए EU कोटा तय कर ड्यूटी में रियायत देगा। भारत के लेदर एंड फुटवियर, टेक्सटाइल्स, समुद्री उत्पादों, जेम्स एंड जूलरी, बेस मेटल्स, दवाओं, चाय, कॉफी, मसाला सहित एग्रो प्रोडक्ट्स और स्पोर्ट्स गुड्स के निर्यात को बड़ा फायदा होगा, इन पर टैरिफ जीरो हो जाएगा। इन चीजों के 33 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो हो जाएगा। अभी समुद्री उत्पादों पर EU का टैरिफ 26% तक, केमिकल्स पर 12.8% तक, लेदर गुड्स पर 17% तक, टेक्सटाइल्स और अपैरल पर 12% तक, दवाओं पर 11% तक, फर्नीचर पर 10.5% तक और जेम्स एंड जूलरी पर 4% तक है। कुछ समुद्री उत्पादों, प्रोसेस्ड फूड और हथियारों सहित भारत के निर्यात के 2.9% हिस्से पर EU का टैरिफ 3 से 5 वर्षों में जीरो हो जाएगा। वहीं, कुछ पॉल्ट्री प्रोडक्ट्स, प्रिजर्व्ड सब्जियों, बेकरी प्रोडक्ट्स सहित भारत के करीब 6% निर्यात पर ड्यूटी घटेगी। भारत में बनी शराब के मामले में भी ड्यूटी में छूट मिलेगी। EU से आने वाली मशीनरी, इलेक्ट्रिक उपकरणों, हवाई जहाज, मेडिकल उपकरणों, प्लास्टिक, केमिकल्स, ऑयल्स, स्टील और दवाओं पर भारत में ड्यूटी नहीं लगेगी।

Q प्रफेशनल्स, स्टूडेंट्स को फायदा

यूरोप ने सर्विसेज के 144 सब-सेक्टर्स में भारतीय प्रफेशनल्स को रियायत देने की हामी भरी है। इससे भारत के IT, ITeS, प्रफेशनल सर्विसेज, एजुकेशन और दूसरी बिजनेस सर्विसेज के पेशेवर लोगों को यूरोप में काम करने में आसानी होगी। छात्रों के लिए यूरोप में पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्क वीजा के बारे में भी बात की गई है।

Q कार्बन टैक्स मुद्दे पर क्या हुआ?

यूरोपियन यूनियन के कड़े पर्यावरण नियमों से भारत के स्टील, एल्युमीनियम, फर्टिलाइजर और सीमेंट जैसे सेक्टरों पर असर का मामला पूरी तरह नहीं सुलझ सका है। EU ने कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म में रियायत नहीं दी है, लेकिन राजी हुआ है कि अगर किसी भी देश को इसमें छूट दी गई, तो भारत को भी वह हासिल होगी।

27 तारीख को 27 देशों के साथ भारत की सबसे बड़ी डील: PM

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड डील (FTA) को पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील करार दिया। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में EU-भारत समिट के बाद साझा प्रेस बयान में पीएम ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा साझेदारी, मोबिलिटी, क्लीन एनर्जी, तकनीक और IMEC कॉरिडोर पर सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के साथ अगले पांच साल तक का एजेंडा तय किया गया है। EU-भारत के बीच 180 बिलियन यूरो का व्यापार है और 8 लाख भारतीय EU देशों में योगदान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने ईयू परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा को लिस्बन का गंधी बताया और कहा कि कोस्टा अपनी सरल जीवन शैली के लिए जाने जाते हैं।

भारत-EU के रिश्तों में नए युग की शुरुआत बताया

साझा प्रेस बयान जारी करने के दौरान पीएम मोदी और एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा

27 तारीख को 27 देशों के साथ

FTA : पीएम मोदी ने बताया कि जटिल ग्लोबल माहौल में ये यह अनेंडा एक स्पष्ट दिशा दिखाएगा। संकेत है कि भारत 27 तारीख को ही ईयू के 27 देशों के साथ अपना सबसे बड़ा और ऐतिहासिक समझौता कर रहा है। यह हमारे किसानों, छोटे उद्योगों की यूरोपियन मार्केट तक पहुंच आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा, सर्विसेज सेक्टर्स के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। पीएम ने इसे समृद्धि का ब्लूप्रिंट करार दिया। पीएम ने कहा कि उथल पुथल वाले ग्लोबल ऑर्डर में यह साझेदारी इंटरनैशनल सिस्टम में स्थिरता को मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन, पश्चिमी एशिया, इंडो-पैसिफिक समेत कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

हमने कर दिखाया : उर्सुला

यूरोपियन यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन ने कहा, 'जब भारत सफल होता है तो दुनिया और स्थिर होती है। हम दो बिलियन लोगों के लिए बाजार बना रहे हैं। दो दो दिग्गजों की कहानी है...। दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की। यह डील सप्लाई चेन को आपस में जोड़ेगी और लाखों कामगारों के लिए रोजगार लाएगी।' उन्होंने एक साल पहले ईयू कमिश्नरों के भारत दौरे का भी जिक्र किया। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा ने यूक्रेन संघर्ष का जिक्र किया, लेकिन रूस का नाम नहीं लिया। कहा कि सुबह उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंक के खिलाफ साथ आए भारत-EU

भारत और ईयू समिट में दोनों पक्षों ने ग्लोबल और क्षेत्रीय मुद्दे, बहुपक्षवाद और ग्लोबल संस्थाओं में सुधार के मामले पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने हिंसक चरमपंथ और क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म समेत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी आलोचना की। पहलगाम अटैक और लाल किला आतंकी हमले की सख्त शब्दों में निंदा की गई। सुरक्षा परिषद में विस्तृत सुधार की मांग की। दोनों ने माना कि इसे और पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध होना चाहिए जो जियो पॉलिटिकल हालात के लिए जवाबदेह हो। EU की सुरक्षा और विदेश नीति प्रमुख काया कलास ने कहा कि यूरोपीय पक्ष ने भारत से कहा है कि वो यूक्रेन संकट के मसले को रूस के साथ उदार और शांति के लिए दबाव बनाए।

रक्षा साझेदारी के ज़रिये करीब आ रहे EU-भारत

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) की 16वीं शिखर बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापक सुरक्षा-रक्षा साझेदारी की घोषणा की। अम्बिर वैश्विक मशीन में अब सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी काफी अहम हो रही हैं। रक्षा साझेदारी के जरिये भारत और ईयू अपने रिश्ते को और मजबूती दे रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईयू आयोग की विस्तेटेटिव काजा कलास से मुलाकात की। ईयू डेलिगेशन और भारत के डिप्लोमैटिक डेलिगेशन के बीच रक्षा साझेदारी पर बात हुई। ईयू इंडियन नेवी के इन्फॉर्मेशन 'फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन' में एक लाइजन अधिकारी भी तैनात करेगा। यह सेंटर गुरुग्राम में है। ईयू के लाइजन अधिकारी समुद्री डकैती रोधी अभियानों और हिंद महासागर क्षेत्र में खतरों के आकलन को लेकर इंडियन नेवी के साथ ऑपरेशनल कॉऑर्डिनेशन को मजबूत करेंगे।

समुद्री सुरक्षा काफी अहम: ईयू और भारत के बीच समझौते में सूचना जानकारी साझा करने, रक्षा निर्माण, समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष, साइबर जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग पर भी जोर दिया गया। इस साझेदारी में समुद्री सुरक्षा काफी अहम है। समझौते के तहत भारत और यूरोपियन यूनियन सालाना सुरक्षा और रक्षा संवाद शुरू करेंगे, जिसकी पहली बैठक एक-दो महीने के भीतर होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों में यकीन रखते हैं, जो दोनों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी की नींव है। इन्हीं मूल्यों को आधार बनाकर भारत वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि के लिए व्यवहारिक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। काजा कलास ने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन को हिंद महासागर क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए और नॉर्ड एक्सरसाइज के जरिये एक-दूसरे की बेस्ट प्रैक्टिस से सीखना चाहिए।

इंडिया एनर्जी वीक 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया 500 अरब डॉलर के निवेश का न्योता

भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब : PM

Prashant.Asthana
@timesofindia.com

■ **वेलूल (गोवा) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'इंडिया एनर्जी वीक-2026' का उद्घाटन करते हुए दुनियाभर के निवेशकों को भारत के एनर्जी सेक्टर में निवेश के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने ऐलान किया कि भारत का एनर्जी सेक्टर इस समय 500 अरब डॉलर (लगभग 41 लाख करोड़ रुपये) के इन्वेस्टमेंट का मौका दे रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब बनकर उभरेगा। पीएम ने निवेशकों को 'मेक इन इंडिया' और 'इनोवेट इन इंडिया' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी तेल रिफाइनिंग क्षमता को 260 मिलियन टन प्रति वर्ष (MTPA) से बढ़ाकर 300 MTPA करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक तेल और गैस क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करना है। पीएम मोदी ने विशेष रूप से 'समुद्र मंथन' प्रोजेक्ट और गहरे समुद्र में अन्वेषण का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अंडमान और निकोबार बेसिन भारत के लिए हाइड्रोकार्बन की नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। सरकार ने अन्वेषण के दायरे को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

LNG और पुनिचवारी डांचे पर जोर : भारत अपनी कुल ऊर्जा जरूरतों का 15 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक गैस (LNG) से पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसके लिए पूरे देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क, टर्मिनल और पोर्ट्स का विस्तार किया जा रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि जहाजों के निर्माण के लिए 70 हजार करोड़ रुपये का कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि LNG परिवहन के लिए जरूरी वेसल्स का निर्माण भारत में ही हो सके।

PTI

AI, डेटा सेंटर्स से बढ़ेगी बिजली खपत

यूएई के मंत्री सुल्तान अल जाबेर ने बताया कि भविष्य में बिजली की खपत बढ़ने का सबसे बड़ा कारण AI और डेटा सेंटर्स होंगे। भारत में अगले 15 साल में डेटा सेंटर्स की क्षमता 10 गुना बढ़ जाएगी, जिन्हें चलाने के लिए बहुत ज्यादा बिजली चाहिए होगी। बढ़ती गर्मी के कारण दुनियाभर में एयर कंडीशनर (AC) की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया में 5.6 अरब AC होंगे। इस भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश की जरूरत है।

100 अरब डॉलर से अधिक है भारत, UAE का व्यापार

200 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है 2032 तक

भारत-UAE की साझेदारी अटूट

इस कार्यक्रम में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के उद्योग मंत्री और ADNOC के सीईओ सुल्तान अल जाबेर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने भी शिरकत की। सुल्तान अल जाबेर ने भारत को वैश्विक ऊर्जा मांग का 'निर्णायक चालक' (Decisive Driver) बताया। उन्होंने कहा कि भारत और UAE के बीच व्यापार 100 अरब डॉलर को पार कर गया है और इसे 2032 तक 200 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। अल जाबेर ने कहा कि भारत में अगले 15 वर्षों में हवाई यात्रा में 150% का इजाफा होगा और शहरों की आबादी 100 करोड़ तक पहुंच जाएगी। उन्होंने साफ किया कि भारत के रिफाइनिंग और ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में UAE एक भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा।

गैस सिलिंडर अब हल्का और स्मार्ट

इंडिया एनर्जी वीक के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने एक खास सिलिंडर लॉन्च किया है। इसका नाम है भारत लाइट (Bharat Lite)। उन्होंने इसे नए भारत का नया सिलिंडर कहा। यह पुराने लोहे वाले सिलिंडर से बहुत अलग और बेहतर है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया लॉन्च

वजन बहुत हल्का

पुराने भारी सिलिंडर को उठाना काफी मुश्किल होता था। नया सिलिंडर कंपोजिट मैटीरियल से बना है, जिसकी वजह से यह लोहे वाले सिलिंडर से करीब आधा हल्का है। इसे कोई भी आसानी से खिसका या उठा सकता है।

गैस दिखेगी साफ

अक्सर खाना बनाते समय अधानक गैस खत्म हो जाती है। भारत लाइट सिलिंडर की बॉडी थोड़ी पारदर्शी है। इसका मतलब है कि आप बाहर से ही देख सकेंगे कि कितनी गैस बची है और अपको कब नया सिलिंडर बुक करना है।

खतरे से छुट्टी

लोहे के सिलिंडर में नीचे जंग लग जाती है, जिससे फर्श खराब होती है, लेकिन इसमें जंग नहीं लगती। साथ ही, यह बहुत ज्यादा सुरक्षित है। यह दिखने में काफी स्टाइलिश है और आपके आधुनिक किचन में बहुत अच्छा लगेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-27-2026 21:59 Color:

जब समाज के कुछ वर्गों को शिक्षा से वंचित रखा जाता है, तब असमानता बनी रहती है - *अमर्त्य सेन*

संतुलन की ज़रूरत

उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समानता के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की ओर से जारी रेगुलेशंस पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस कानून को लाया गया है SC-ST और OBC स्टूडेंट्स की गरिमा व सम्मान की रक्षा के लिए, पर सवर्ण समाज इसे लेकर सशंकित है। नए नियमों की मंशा पर शायद ही किसी को शक हो, चिंता इसमें संतुलन की कमी को लेकर है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है।

UGC के नए नियम

सवर्ण समाज की चिंता । Promotion of Equity in Higher Education Institutions Regulations को UGC ने 13 जनवरी को नोटिफाई किया था। इसमें SC-ST और OBC स्टूडेंट्स के खिलाफ होने वाले भेदभावों की व्याख्या करते हुए इन्हें रोकने के इंतजाम किए गए हैं। इसके विरोधियों का कहना है कि इसमें उनके प्रति होने वाले भेदभाव को शामिल नहीं किया गया है और स्वाभाविक रूप से उन्हें ही दोषी मान लिया गया है।

अलग था ड्राफ्ट । इन रेगुलेशन को सालभर की जद्दोजहद के बाद लागू किया जा सका है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2025 में UGC को नए नियम बनाने का आदेश दिया था। इसका जो ड्राफ्ट आया, वह फाइनल से बिल्कुल अलग था। ड्राफ्ट में झूठी शिकायत पर जुर्माने का प्रावधान था, पर दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति के सुझाव पर उसे खत्म कर दिया गया।

झूठी शिकायत का डर । समिति का तर्क था कि इससे पीड़ित शिकायत करने से डरेंगे। यह सोच सही हो सकती है, लेकिन झूठी शिकायतों से निपटने के कुछ उपाय तो किए ही जाने चाहिए थे। इसी तरह, पहले से यह मान लेना सही नहीं कि सवर्ण समाज के स्टूडेंट्स के साथ भेदभाव नहीं हो सकता।

भरोसा नहीं । नियमों के पालन और निगरानी के लिए संस्थान के स्तर पर समिति और उप-समितियां बनाने का प्रावधान है, लेकिन उनमें भी सवर्ण समाज की नुमाइंदगी नहीं रखी गई है। इन वजहों से नियमों के दुरुपयोग की चिंता है। हालांकि सरकार भरोसा दिलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन BJP में भी स्थानीय स्तर पर कुछ नेताओं के इस्तीफे देने से लगता नहीं कि असर हो रहा है।

चिंताजनक आंकड़े । जातिगत आधार पर भेदभाव समाज की एक कड़वी सच्चाई है। आंकड़े बताते हैं कि 2019-20 में संस्थानों में ऐसी 173 शिकायतें दर्ज की गई थीं, जो 2023-24 में बढ़कर 378 हो गईं। इनको रोकने के लिए सख्त नियमों की जरूरत है, लेकिन उससे किसी वर्ग को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसकी अनदेखी हो रही है।

नाभि में तीर

मार्केट में मूली

मूली आ गई है और छा गई है। हफ्तेभर पहले पचास रुपये की तीन मिल रही थी, अब पांच रुपये की तीन मिल रही है। जिन्हें मूली पसंद है, उनकी पौ बारह है। सब्जी में मूली, सलाद में



हरि मृदुल

मूली, पराठे में मूली यानी हर बाइट में मूली। सुबह, दोपहर और रात, हर खाने में मूली। इतनी मूली कि जिसे पसंद नहीं, वह मूली को खा जाने वाली नजरों से देख रहा। चांदी सी एकदम सफेद मूली आ चुकी है मार्केट में। हालांकि चांदी के दाम तो आसमान छू रहे हैं, लेकिन मूली कदमों में गिरी जा रही है कि मुझे खा लो अभागो। यहीं तो सौजन्य है। पेट को दुरुस्त कर लो। किस्म-किस्म के रोग भगा लो। जो भी अगड़म-बगड़म खाया है, उसका असर खत्म हो जाएगा। इस बार सस्ती हूं, हर बार इतनी सस्ती नहीं मिलूंगी।

लेकिन मूली उपेक्षित है। उसकी कोई नहीं सुन रहा। खेतों से उखाड़ कर ताजी-ताजी लाई गई है, लेकिन उसे वह भाव नहीं मिल रहा है, जिसकी हकदार है। पचास की तीन मिल रही थी, तब तो बड़ी इज्जत थी। तब सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी हो रही थी। अब पांच रुपये की तीन मिल रही है, तो हेयदृष्टि से देखा जा रहा है। मानो वह जबर्दस्ती गले पड़ रही हो। दरअसल, हमारे यहां के लोगों की सोच ही ऐसी है कि महंगे को भाव दिया जाता है। महंगी चीजों को ही क्वालिटी समझ लिया जाता है।



देखिए कि मूली के ही बगल में गाजर मौजूद है, लेकिन उसके साथ अलग बर्ताव है। उसकी बड़ी आवभगत हो रही है। एक साथ पांच-पांच किलो खरीदी जा रही है। उसे सलाद में तो पड़ना ही है, हलवा भी बनना है। बेचारी मूली सोच रही है कि काश, उसका भी हलवा बन पाता! जरा सोचिए, इस संसार में कितना भेदभाव है। गाजर और उसकी एक जैसी ही तो कद-काठी है। खेतों में एक ही तरह से उगाई जाती है। एक ही विधि से बाजार में पहुंचती है। फिर इतना ज्यादा भेदभाव क्यों? नादान मूली इतनी सी बात नहीं समझती कि दोनों के रंग अलग हैं। हमारे यहां रंग बहुत मायने रखते हैं। इसी रंगभेद ने ही तो हमारे समाज को इतना बेरंग कर रखा है!!

एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

राजेंद्र प्रसाद की चिंता

दिन था 26 नवंबर 1949। संविधान सभा में एक विशेष उत्साह था। वर्षों की मेहनत के बाद संविधान जो तैयार हो गया था। लेकिन, सभा की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद को संविधान के सही ढंग से लागू होने की चिंता सता रही थी। संविधान पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'संविधान चाहे कितना ही उत्तम क्यों न लिखा गया हो, उसकी सफलता सही ढंग से लागू होने में है। हमें ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ईमानदार हों और राष्ट्रहित को स्वयं से ऊपर रखें।' इसके बाद उन्होंने संविधान निर्माण में लगे विद्वानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, लेकिन साथ ही उन अस्थायी कर्मचारियों को भी नहीं भूले, जिन्होंने सहायक के रूप में वर्षों तक निष्ठा से काम किया था। उन्होंने उनके योगदान को पहचानते हुए उन्हें स्थायी नौकरी देने की बात कही। यह सुनकर कई आंखें नम हो गईं, जैसे तीन वर्षों की साधना को सम्मान मिल गया हो। बाद में, राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने यह कहकर निर्धारित पूरा वेतन लेने से इनकार कर दिया कि यह एक गरीब देश के लिए बहुत अधिक है। उनका जीवन और विचार, संविधान की आत्मा के सच्चे उदाहरण थे।

Subrata Dhar

US, चीन व रूस से मिली चुनौतियों ने EU को समझौते के लिए मजबूर किया

झटके खाकर डील पर बनी बात

लंबे इंतजार के बाद भारत और यूरोपीय यूनियन आखिर मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंच गए। यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है यानी सबसे बड़ा समझौता। दोनों के बीच लंबे समय से यह डील अटकी हुई थी और इस बार इसे अंजाम तक पहुंचाने के पीछे अप्रत्याशित घटनाक्रम हैं।



प्रणव ढल सामंता

देरी की वजह । भारत का यूरोप सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ऐसे में EU के साथ मुक्त व्यापार समझौता हमेशा से जरूरी था, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण लंबे अरसे से नौकरशाही की भूलभुलैया में उलझ कर रह गया। अब जब डील हो गई है, तो सवाल है कि क्या बदलाव आया है? यूरोपीय यूनियन की सफलता अब तक मोटे तौर पर तीन बड़े बाहरी सहारों पर टिकी थी। पहला सहारा, नैटो के जरिये मिलने वाली सुरक्षा, जिसके पीछे मुख्य रूप से अमेरिका है। दूसरा सहारा, रूस से ऊर्जा (तेल-गैस) जरूरत पूरी होना और तीसरा सहारा - चीन के साथ व्यापार व निवेश संबंध।

ट्रंप का डर । पिछले कुछ बरसों में इन तीनों सहारों को झटका लगा है। इसकी शुरुआत डॉनल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल से हुई। इसके बाद जो बाइडन के Inflation Reduction Act ने मुसीबत बढ़ाई और अब ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रीनलैंड विवाद से यूरोप सन्न है। उसे लगता था कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये उसने ट्रंप

दोनों को फायदा | अमेरिका के साथ डील न होने से भारत पर दबाव | EU की तरजीही व्यापार व्यवस्था का हिस्सा बनेगा भारत

को साध लिया है, पर अमेरिकी राष्ट्रपति फिर से टैरिफ के नाम पर दबाव बना रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि ट्रंप के साथ कोई मुद्दा कभी खत्म नहीं होता।

रूस पर निर्भरता । यूरोप के लिए दूसरी मुसीबत ऊर्जा क्षेत्र में है। यूक्रेन युद्ध के कारण उसे रूस पर निर्भरता कम करनी पड़ी है। उसे सुरक्षित विकल्प चाहिए, लेकिन ट्रंप के रहते अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है। दूसरे विकल्प कठिन हैं और महंगे भी। इसके साथ ही अमेरिका ने साफ कर दिया है कि यूरोपीय देशों को अपनी सुरक्षा के लिए भुगतान करना होगा। इसका मतलब है डिफेंस बजट में इजाफा करना।

यूरोप को चाहिए भरोसेमंद सैन्य और आर्थिक साझेदार

चीन की कारें । इस बीच चीन के साथ भी यूरोप के रिश्ते उलझ रहे हैं। यूरोपीय यूनियन में चीन की इलेक्ट्रिक कारों को मंजूरी देने को लेकर विवाद बढ़ गया है। चीनी कंपनियों की वजह से यूरोप की ऑटो कंपनियों को खतरा है। EU ने पहले बैटरियों पर भारी टैरिफ लगाया था, लेकिन चीन ने धमकी दी कि वह यूरोप से उसके यहां आने वाले डेयरी प्रॉडक्ट्स पर रोक लगा देगा। इसके बाद EU को चीनी इलेक्ट्रिक वीकल्स को मंजूरी देनी पड़ी। कुछ खास पहले दोनों के बीच निवेश को लेकर बड़ा समझौता हुआ था, पर उस पर बात आगे नहीं बढ़ पाई है।

भारत पर भरोसा । पिछले एक साल में यूरोप ने अमेरिका, रूस और चीन के साथ अपने रिश्तों में भारी उथल-पुथल देखी है। इस बीच ट्रंप ने चीन के साथ 'G2' का विचार रखा है। इसमें रूस को मिलाकर 'G3' की भी बात हो रही है। एक नई वैश्विक व्यवस्था की चर्चा ट्रंप ने छेड़ दी है, जिससे ट्रांस अटलांटिक अलायंस की बुनियाद पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इन हालात में यूरोप को नए बाजार की ही नहीं, विश्वसनीय और अनुकूल सैन्य व आर्थिक साझेदारों की भी जरूरत है। भारत पर भरोसा किया जा सकता है, क्योंकि उसके सामने खुद चुनौतियां हैं।

मुनाफे का सौदा । यह डील भारत और EU, दोनों के हित में है। आसियान देशों के साथ व्यापार के उलट, यूरोपीय संघ के साथ भारत का व्यापार प्रतिस्पर्धा पर नहीं, जरूरत पूरा करने पर आधारित है। EU के साथ करीब 136 अरब डॉलर के व्यापार में भारत को लगभग 15 अरब डॉलर का फायदा होता है। वहीं, चीन के साथ EU का व्यापार 300 अरब डॉलर का घाटा देता है।

अब मिलेगी तरजीह । भारत के लिए सबसे बड़ा नुकसान यह रहा है कि वह अब तक EU की किसी भी तरजीही व्यापार व्यवस्था का हिस्सा नहीं था। दक्षिण एशिया के कई देशों को EU के साथ व्यापार में जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज का फायदा मिलता है। यूरोप ने इन देशों को कम विकसित श्रेणी में डाल रखा है। इसी तरह, तुर्किये, इस्राइल समेत कई देशों को Pan-Euro-Mediterranean (PEM) कन्वेंशन का फायदा मिलता है। वहीं, अफ्रीका, पैसिफिक और कैरेबियन क्षेत्र के 79 देश भी यूरोप के साथ व्यापार में तरजीह पाते हैं। भारत को इनमें से कोई फायदा नहीं मिलता। उसे पूरे EU टैरिफ का सामना करना पड़ता है, जो कई बार अमेरिका से भी ज्यादा होता है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से इससे राहत मिलेगी। भारतीय निर्यातकों को तुरंत फायदा मिलेगा।

स्त्रियों की गरिमा के साथ पुरुष सम्मान पर भी हो बात

दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल में गैरपेश आरोपियों को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।



ऋतु सारस्वत

जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने कहा कि किसी पर गंभीर आरोप लगाने के बाद अगर मुकदमा वापस लिया जाता है, तो लोगों को संशय होता है। ऐसे में रेप जैसे गंभीर मामलों को भी संदेह से देखा जाता है। रेप पीड़िता पर भी सवाल खड़े होते हैं और आरोपी के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है।

प्रतिष्ठा धूमिल । कोर्ट ने कहा कि झूठे आरोप में फंसाए गए व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है। उसकी सामाजिक स्थिति खराब हो जाती है और वह आजीवन अवसाद में रहता है। ऐसे नुकसान की भरपाई महज रिहाई देने या सहानुभूति भरी बातों से नहीं हो सकती। अदालत इससे पहले भी रेप के कई मामलों पर चिंता जता चुकी है। हाईकोर्ट ने 'सूरज प्रकाश बनाम सरकार और अन्य' मामले में रेप की FIR यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि कानूनी प्रावधान को पुरुषों को परेशान करने का हथियार बना लिया गया है।

सामाजिक ताना-बाना । पूरी दुनिया में पुरुषों के खिलाफ महिलाओं की शिकायत को पहली बार में ही सच मान लिया जाता है। रेप जैसे मामलों में तो यह अकाट्य हो जाता है। लेकिन, कई बार ऐसी शिकायतें अदालत में फर्जी पाई गई हैं। निर्दोष को बरसों जेल में रहना पड़ता है। UP के ललितपुर का विष्णु ऐसे ही एक फर्जी मामले में 20 वर्षों तक सलाखों के पीछे रहा। अदालत में निर्दोष साबित होने पर जब वह बाहर निकला, उसका पूरा परिवार खत्म हो चुका था।

कॉमन रूम

मानसिकता बदलनी होगी । पुरुषों के खिलाफ होने वाली शिकायत पर पहली नजर में ही वे अपराधी हो जाते हैं। दिल्ली की एक अदालत ने 3 मार्च 2016 को 'राजू भट्ट बनाम सरकार' मुकदमे की सुनवाई के दौरान कहा था कि हम में से कोई भी पुरुषों के सम्मान की बात नहीं करता। महिलाओं के लिए कानून है, जिनका वे दुरुपयोग भी करती हैं। लेकिन, उनसे बचने के लिए पुरुषों के पास कुछ नहीं है।

सजा जरूरी । आखिर पुरुषों को झूठे मुकदमे में फंसाने का साहस महिलाओं में कहां से आता है? क्या उन्हें पता होता है कि अदालत का चक्कर लगाने में पुरुष की आर्थिक-सामाजिक स्थिति खराब हो जाएगी और अगर वह निर्दोष साबित हो जाता है तो भी महिला की प्रतिष्ठा को ठेस नहीं पहुंचेगी? 16 अगस्त 2021 को 'विप्लेश अग्निहोत्री और अन्य बनाम राज्य' मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि छेड़खानी और रेप से संबंधित झूठे दावों व आरोपों से सख्ती से निपटने की जरूरत है। ऐसा मुकदमा इसलिए भी होता है, क्योंकि वादी को लगता है कि दूसरा पक्ष डर या शर्म से उनकी मांगें मान लेगा। जब तक गलत काम करने वालों को सजा नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे घिनौने आरोप लगते रहेंगे।

कांटे की बात

मुझे विश्वास है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच कोई सकारात्मक समाधान निकल आएगा, किंतु शंकराचार्य होने का सबूत मांगकर प्रशासन ने अपनी मर्यादाओं और अधिकारों का उल्लंघन किया है।

उमा भारती, पूर्व केंद्रीय मंत्री व वीजेपी नेता

पार्किंसन से गिरे दादाजी तो बनाया WALK

छोटी बात, बड़ा फ़र्क

BITS पिलानी गोवा कैंपस में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अमेय देसाई के दादाजी पार्किंसन की वजह से गिर गए और उनका कूल्हा टूट गया। नर्वस सिस्टम डिसऑर्डर के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। अपने दादा को ऐसी स्थिति में देखकर अमेय को वॉकिंग एड बनाने का आइडिया आया।

दूर किया गिरने का डर

अमेय ने फ्रीजिंग ऑफ गेट (FOG) पर ध्यान दिया। इसमें व्यक्ति को लगता है कि उसका पैर जमीन से चिपक गया है और जब वह चलने की कोशिश करता है, तो गिर जाता है। अमेय ने ऐसी डिवाइस 'WALK' बनाई है, जो चलते वक्त तालमेल बैठाने के लिए मांसपेशियों के स्टिमुलेशन का उपयोग करती है।

50% कम हुई दिक्कत

WALK को पैरों पर बैंड की तरह पहना जाता है। यह डेटा इकट्ठा कर उन लक्षणों को देखता है जिनसे गिरने का खतरा होता है। अंगों के जमने का पता लगने पर यह हल्के इलेक्ट्रिकल संकेत देता है, जो स्पाइनल कॉर्ड के नियंत्रण को रिसेट करते हैं। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ ऐंड न्यूरोसाइंसेज (NIMHANS), बेंगलुरु में भी टेस्ट किया गया। शुरुआती नतीजों में इसे पहनने वालों की दिक्कत 50% तक कम हुई।

जनता जंक्शन | इरफान



बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़े कांग्रेस

हेमंत राजौरा

पश्चिम बंगाल की राजनीति में कांग्रेस एक बार फिर कठिन लेकिन निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। वर्षों तक लेफ्ट के साथ चुनावी गठबंधन का हिस्सा रही कांग्रेस अब उससे दूरी बनाने के संकेत दे रही है। यह केवल सीटों के बंटवारे या तात्कालिक चुनावी गणित का सवाल नहीं है, बल्कि कांग्रेस के भीतर चल रही उस गहरी बहस का नतीजा है, जिसमें पार्टी के पुनरुत्थान और संगठनात्मक अस्तित्व पर चिंता साफ झलकती है।

वोट शेयर में गिरावट

कांग्रेस और वाम दलों का गठबंधन 2016 से बंगाल में सक्रिय रहा। 2019 लोकसभा चुनाव में दोनों अलग हुए, लेकिन 2021 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में फिर साथ आए। हालांकि यह प्रयोग कांग्रेस के लिए लगभग हर बार नुकसानदेह ही साबित हुआ। 2021 विधानसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जब कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ मिलकर 92 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका। उसका वोट शेयर घटकर महज 3% रह गया।

इसके उलट, 1996 में कांग्रेस बंगाल में मुख्य विपक्ष थी। उसने 294 में से 288 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 82 सीटें जीतकर 39.48% वोट हासिल किया। 2001 में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के साथ गठबंधन कर उसने 60 सीटों पर चुनाव लड़ा और 26 सीटें जीत गई। 2011 में 42 सीटें जीतीं। 2016 में लेफ्ट के साथ मिलकर 44 सीटों पर जीत दर्ज की। लेकिन इसके बाद पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरा।

कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग मानता है कि दो दशकों से गठबंधनों पर निर्भरता ने पार्टी को खोखला कर दिया है। राज्य के दो-तिहाई विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का झंडा और चुनाव चिह्न वर्षों तक दिखाई ही नहीं दिया। ऐसे में संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं का जुड़ना और मतदाताओं के बीच पार्टी की पहचान

कैसे बने, यह सवाल उठ रहा है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि राजनीतिक सुविधा छोड़कर कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लेना चाहिए, भले ही तात्कालिक नुकसान क्यों न हो। केरल का संदर्भ यहां अहम हो जाता है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF और वाम मोर्चा में सीधा मुकाबला है। BJP लंबे समय से इसी मुद्दे पर कांग्रेस को घेरती रही है कि वह बंगाल में लेफ्ट के साथ गठबंधन करती है, लेकिन केरल में उन्हीं के खिलाफ लड़ती है। हालिया लोकल बॉडी चुनावों में जीत के बाद कांग्रेस केरल में किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती। इसका असर राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन राजनीति की सोच पर भी पड़ रहा है।

विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. के दो प्रमुख घटक होने के बावजूद कांग्रेस और लेफ्ट ने बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक कोई औपचारिक बातचीत नहीं की है। यह स्थिति 2021 से बिल्कुल उलट है, जब दिसंबर 2020 में ही दोनों ने साथ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। उस समय बना संयुक्त मोर्चा पूरी तरह विफल रहा।

लंबे संघर्ष का रास्ता

इन अनुभवों ने कांग्रेस को आत्ममंथन के लिए मजबूर किया है। पार्टी के रणनीतिकार मानते हैं कि अगर कांग्रेस को बंगाल में फिर से राजनीतिक प्रासंगिकता हासिल करनी है तो उसे लंबे समय तक संगठन निर्माण, जमीनी संघर्ष और स्वतंत्र पहचान पर काम करना होगा। इसके लिए अकेले चुनाव लड़ना कठिन जरूर है लेकिन शायद यही एकमात्र रास्ता है।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

रणनीतिक साझेदारी

27 जनवरी का संपादकीय 'दुनिया की नजर' भारत की बदलती वैश्विक भूमिका को संतुलित ढंग से सामने रखता है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन का बयान केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि भारत पर बढ़ते भरोसे की स्वीकारोक्ति है। भारत-EU संबंध अब औपचारिक कूटनीति से आगे बढ़कर रणनीतिक साझेदारी की दिशा में जा रहे हैं। सप्लाई चेन, ऊर्जा, सुरक्षा और टेक्नॉलजी जैसे क्षेत्रों में भारत की भूमिका निर्णायक बनती दिख रही है। संरक्षणवाद के इस दौर में भारत और यूरोप का सहयोग वैश्विक स्थिरता और बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूती देने वाला साबित हो सकता है।

प्रेरणा रावत, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

अगर इच्छाएं छोड़ दीं, तो घर छोड़ने की जरूरत नहीं

निर्मल जैन

त्याग का अर्थ छोड़ना या फेंकना नहीं। इसका मतलब है कि हमारे पास सब कुछ बना रहे, लेकिन उसके खोने और पाने, लुटने-मिटने, छूटने-छिनने का भय न रहे। त्याग और समर्पण के बिना लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता, क्योंकि दुनिया में कुछ हासिल करने के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। श्रीराम ने राजसुख त्यागा तो मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।

यह भी हमेशा याद रखना है कि एक को छोड़ने पर ही दूसरे की प्राप्ति संभव है। जब हम पहले रखे हुए कदम को उठाते हैं, तभी दूसरा कदम रखना मुमकिन होता है। पेट में अवशेष तत्व का त्याग करने पर ही भोजन की रुचि पैदा होती है। शुद्ध वायु ग्रहण करने के लिए फेफड़ों में मौजूद अशुद्ध वायु को छोड़ना पड़ता है। नया शरीर धारण करने के लिए एक दिन जर्जर शरीर का भी त्याग कर देना पड़ता है। जिस प्रकार रुका हुआ पानी सड़ने लगता है, उसी प्रकार पेट यदि खाए हुए पदार्थों को अपने अंदर ही संग्रह करता रहे तो अनेक बीमारियां पैदा होती हैं।

AI Image



पूर्वजों ने कहा है, जिससे इच्छा का त्याग कर दिया उसे घर छोड़ने की कोई जरूरत नहीं, और जो इच्छाओं से वंचित है, उसके वन में चले जाने पर भी कोई लाभ नहीं। अपनी इच्छा और कामनाओं को छोड़ना ही सच्चा त्याग है। मन में रहने वाली उस इच्छा और रुचि का त्याग कीजिए, जिससे आलस्य, प्रमाद बढ़ता हो। असत्य वचन, चापलूसी, परनिंदा, कटु बोली, व्यर्थ वार्तालाप का त्याग करें, ताकि जीवन में कलह, पश्चात्ताप, लड़ाई, झगड़े, अशांति पैदा न हों। किसी भी स्थिति में बुरे काम करना, बुरा सोचना और बुरा कहना त्याग करने योग्य है। स्थान, पद, अधिकार के साथ अहंकार का भी त्याग करें।

त्याग करें उस ईर्ष्या का जो रिश्तों में दरार पैदा कर दे, उस सोच का जो किसी का हक छीनने पर मजबूर कर रही है, उन शब्दों का जो किसी के दिल को कष्ट पहुंचा रहे हैं, ऐसे क्रोध का जो दूसरों के साथ-साथ हमें भी भस्म करता है। जीवन के सभी क्षेत्रों से अशुभ, असुंदर का त्याग करना चाहिए, जिससे शुभ और सुंदरता का उदय हो।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA13 User: rajesh.mishra Time: 01-27-2026 22:54 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
DelhiTimes
OF INDIA
masala mix
WEDNESDAY, JANUARY 28, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE

करण जौहर ने कहा है कि वह एक हफ्ते तक सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखेंगे

हार्वर्ड की इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगी प्रियंका

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के छात्रों की ओर से आयोजित होने वाले 23वें इंडिया कॉन्फ्रेंस में प्रियंका चोपड़ा जोनस हिस्सा लेंगी। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 14 और 15 फरवरी 2026 को अमेरिका के बोस्टन शहर में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'द इंडिया वी इमैजिन' रखी गई है। इस सम्मेलन में प्रियंका चोपड़ा के अलावा डॉ. शशि थरूर, अमिताव आचार्य समेत बिजनेस, शिक्षा और राजनीति से जुड़ी कई हस्तियां हिस्सा लेंगी।

गौरतलब है कि यह सम्मेलन भारत से बाहर पढ़ रहे भारतीय समुदाय के छात्रों, पेशेवरों और विचारकों को एक मंच पर लाता है जिसमें पहचान, इनोवेशन और वैश्विक भूमिका पर खुलकर चर्चा होती है। प्रियंका चोपड़ा इस मौके पर सांस्कृतिक रणनीतिकार अंजुला आचार्य के साथ संवाद करेंगी। बातचीत में वह प्रवासी भारतीयों के अनुभव और पहचान को वैश्विक स्तर पर आगे ले जाने और एकतरफा धारणाओं को चुनौती देने जैसे विषयों पर बात करेंगी। प्रियंका बताएंगी कि कैसे सांस्कृतिक समझ व आत्मविश्वास से भारत और भारतीयों की वैश्विक छवि को नया रूप दिया जा सकता है। फिल्मों की बात करें तो प्रियंका आने वाले दिनों में द ब्लफ, सिटाडेल सीजन 2 व एसएस राजामौली की वाराणसी में नजर आएंगी।

प्रियंका चोपड़ा कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक रणनीतिकार अंजुला आचार्य के साथ संवाद करेंगी।

ओरी के तंज पर सारा का जवाब !

सारा अली खान और ओरी के बीच सोशल मीडिया पर चल रहा विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। इस विवाद के बाद सारा और उनके भाई इब्राहिम अली खान सोशल मीडिया पर ओरी को अनफॉलो कर चुके हैं। अब सारा अली खान ने सोशल मीडिया पर वेकेशन की तस्वीरों का कोलाज शेयर करते हुए विक्रम सरकार का गाना 'नाम चले' लगाया जिसके बोल हैं कि 'टैलेंटेड बालक ना पड़ते विवादों में।' माना जा रहा है कि यह सारा की ओर से ओरी को जवाब है। ओरी का दावा है कि उन्होंने पहले ही टीनों को अनफॉलो कर दिया था।

क्या है यह विवाद

विवाद तब शुरू हुआ जब ओरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में तीन सबसे खराब नामों का जिक्र किया। इस विडियो में उन्होंने बिना सरनेम लिए 'सारा, अमृता और पलक' को सबसे खराब नाम बताया। बाद में विडियो डिलीट कर दिया।



मुंबई मेट्रो में लटकने पर वरुण को चेतावनी

महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वरुण धवन के उस वायरल विडियो पर अपनी चेतावनी जारी की है जिसमें वह मेट्रो में पुलअप्स करते नजर आ रहे हैं। दरअसल मुंबई में ट्रैफिक से बचने के लिए वरुण ने मेट्रो से सफर किया, लेकिन मेट्रो के अंदर उन्होंने ऐसा स्टंट कर दिया जिस पर मुंबई मेट्रो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वायरल विडियो में वरुण धवन मेट्रो के अंदर रैंप हैंडल पकड़कर पुल-अप्स करते नजर आ रहे हैं। इस पर मुंबई मेट्रो ने कहा, 'इस विडियो के साथ एक्शन फिल्मों की तरह डिस्क्लेमर होना चाहिए। महा मुंबई मेट्रो में ऐसा करने की कोशिश ना करें। दोस्तों के साथ मेट्रो में हैंगआउट करना (घूमना) ठीक है लेकिन रैंप हैंडल्स हैंगिंग (लटकने) के लिए नहीं हैं।' मेट्रो अथॉरिटी ने आगे लिखा, 'इस तरह की हरकतें कानून के तहत दंडनीय हैं और इन पर जुर्माना या जेल भी हो सकती है। तो दोस्तों हैंगआउट करें लेकिन हैंगिंग ना करें। महा मुंबई मेट्रो में जिम्मेदारी के साथ सफर करें।'

Buzzstop

हाई कोर्ट से विजय की फिल्म को राहत नहीं

दलपति विजय की फिल्म 'जन नेता' को सेंसर सर्टिफिकेट देने के सिंगल जज के आदेश को मद्रास हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने मामले पर नए सिरे से विचार के लिए इसे फिर से सिंगल बेंच के पास भेज दिया है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

बजट से पहले 'हलवा सेरेमनी'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारंपरिक 'हलवा' रस्म में हिस्सा लिया। इसके साथ ही फरवरी को लोकसभा में पेश होने वाले आम बजट 2026-27 की तैयारियों का आखिरी चरण शुरू हो गया है। निर्मला सीतारमण इस बार अपना लगातार नौवां बजट पेश करने जा रही हैं।

3-नैनोमीटर चिप्स जल्द : वैष्णव

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य साल 2032 तक 3-नैनोमीटर वाले हाई-टेक चिप्स भारत में ही बनाना है। ये वो एडवांस चिप्स हैं जिनका इस्तेमाल आधुनिक स्मार्टफोन्स और कंप्यूटरों में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही अगले 4 सालों के भीतर भारत तकनीक की 75% श्रेणियों में आत्मनिर्भर बन जाएगा।

RBI ब्याज दरें घटा सकता है : रिपोर्ट

■ **पीटीआई, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) 6 फरवरी को होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों (रीपो रेट) में 0.25% की एक और कटौती कर सकता है। विदेशी ब्रोकरेज कंपनी 'बैंक ऑफ अमेरिका' के अर्थशास्त्रियों ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों को घटाने के मौजूदा दौर की यह आखिरी कटौती हो सकती है। रीपो रेट वह दर है जिसपर आरबीआई बैंकों को लोन देती है। इस कटौती के बाद रीपो रेट घटकर 5.25% पर आ सकता है। बैंक ऑफ अमेरिका का कहना है कि अगर आरबीआई इस बार कटौती करता है, तो यह इस साइकल की आखिरी कटौती होगी। लेकिन अगर इस बार दरें नहीं घटाई जाती हैं, तो आरबीआई भविष्य में कटौती के रास्ते खुले रखने के संकेत दे सकता है। महंगाई आरबीआई के अनुमान से कम रहने की उम्मीद है।

शेयर बेचकर खरीदें सोना-चांदी?

एक्सपर्ट ने चेताया, सिर्फ हालिया मुनाफा देखकर निवेश करना सही नहीं

■ **NBT रिपोर्ट :** शेयर बाजार में गिरावट और सोने-चांदी की रेकॉर्ड तोड़ तेजी को देखकर बहुत से निवेशक अपने शेयर बेचकर कीमती धातुओं में पैसा लगा रहे हैं। कई ऐसे रिटेल निवेशक हैं जिन्होंने पिछले डेढ़ साल में स्मॉल-कैप शेयरों में पैसा गंवाया है। वे अब मुनाफे के चक्कर में इस सोच में पड़े हैं कि क्या शेयरों को बेचकर गोल्ड और सिल्वर ETF में पैसा लगा देना चाहिए? हालांकि एक्सपर्ट का कहना है कि सोना-चांदी पोर्टफोलियो के लिए एक 'हेज' (सुरक्षा कवच) है, न कि मुनाफा कमाने का मुख्य जरिया। सिर्फ हालिया मुनाफे को देखकर निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है।

AI Image

Q कितनी तेजी? : निवेशकों को लुभाने वाली तेजी वाकई हैरान करने वाली है। मंगलवार को दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत में 7,300 (4.6%) का उछाल आया। इसके साथ ही सोने का भाव 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के नए रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमतों में एक ही दिन में 40,500 (12.3%) की भारी तेजी आई। अब चांदी का भाव 3,70,000 रुपये प्रति किलो (सभी टैक्स सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया है। पिछले सात दिनों में सोने की कीमतों में करीब 9% का उछाल आया है।

Q क्या है वजह? : ET के मुताबिक, सिर्फ साल 2025 में ही सोने ने 75% और चांदी ने 120% का रिटर्न दिया है। वहीं, निफ्टी ने सिर्फ 10% का मामूली रिटर्न दिया है। इस प्रदर्शन ने लंबे समय के लिए शेयरों में पैसा लगाने वालों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। Lighthouse Canton के इन्वेस्टमेंट हेड प्रदीप गुप्ता का कहना है कि सोने-चांदी में कीमतों का यह स्तर कुछ साल पहले तक किसी ने सोचा भी नहीं था। इस तेजी के पीछे दुनिया भर में चल रहे उथल-पुथल का बड़ा हाथ है, जिससे आने वाले समय में भी कीमतें थोड़ी और बढ़ सकती हैं।

Q क्या है जोखिम? : एक्सपर्ट का कहना है कि शेयर बेचकर सिर्फ सोने-चांदी में निवेश जोखिम भरा दांव बन सकता है। प्रदीप गुप्ता का कहना है कि असेट अलोकेशन कभी भी सिर्फ हाल के मुनाफे को देखकर नहीं करना चाहिए। उनका कहना है कि शेयरों से हटकर किया जा रहा यह बदलाव निवेश के बुनियादी सिद्धांतों को छोड़ने जैसा है, जो गलत समय पर भारी पड़ सकता है। प्रदीप गुप्ता आगाह करते हैं कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग अपनी जोखिम सहने की क्षमता को भूलकर, बिना बुनियादी बातों को समझे और कीमतों का सही आकलन किए बिना निवेश कर रहे हैं।

क्या करें निवेशक?

आनंद राठी वेल्थ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुमेधु हरिचंदन कहते हैं कि सोना-चांदी हमेशा एक चक्र में चलते हैं और अक्सर शेयर बाजार की सुस्ती के समय चमकते हैं। शेयरों के उलट, सोने-चांदी से मिलने वाला मुनाफा सिर्फ डिमांड-सप्लाई पर निर्भर करता है। चांदी का पिछला रेकॉर्ड अस्थिर रहा है। पिछले 16 सालों में इसने 50% बार नेगेटिव रिटर्न दिया है। हरिचंदन चेतावनी देते हैं कि भारी तेजी के बाद सोना खरीदना गलत टाइमिंग का शिकार बना सकता है।

आगे क्या होगा?

शेयरों से हो रहे इस पलायन पर गुप्ता कहते हैं कि निवेशकों का शेयरों से दूर जाना सिर्फ कुछ समय के लिए है। जैसे ही मार्केट में वापसी होगी और ग्रोथ दिखेगी, लोग फिर से शेयरों की तरफ लौटेंगे। वेल्थ मैनेजर्स का कहना है कि संस्थागत निवेशक कीमती धातुओं में 5 से 15% तक ही निवेश रखते हैं। इससे ज्यादा पैसा लगाने से पोर्टफोलियो एक ही जगह सिमट जाता है।

भारत-EU के बीच FTA की आस से बाज़ार गुलज़ार

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। बैंक और मेटल शेयरों में जोरदार खरीदारी, ग्लोबल मार्केट के मजबूत रुख और भारत-यूरोपीय संघ (EU) के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) की उम्मीदों ने शेयर बाजार को सहारा दिया। सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39%) चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 126.75 अंक (0.51%) की तेजी के साथ 25,175.40 पर पहुंच गया। सेक्टर के हिसाब से देखें तो मेटल इंडेक्स में 3.11% की सबसे बड़ी तेजी रही। इसके अलावा सर्विसेज, कमोडिटी, सरकारी बैंक, प्राइवेट बैंक और ऑयल एंड गैस सेक्टर भी फायदे में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा मुनाफे में रहे। रिजल्ट के बाद एक्सिस बैंक के शेयरों में 4% से ज्यादा का उछाल आया।

भारत में ब्राज़ील की कंपनी विमान बनाएगी

अदाणी डिफेंस, Embraer ने मिलाया हाथ

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** ब्राजील की एम्बेयर (Embraer) कंपनी और भारत की अदाणी डिफेंस ऐंड एयरोस्पेस ने हाथ मिलाते हुए भारत में मेक-इन-इंडिया कॉन्सेप्ट पर विमान बनाने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में मौजूदा 'उड़ान' स्कीम की तरह टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद करेगी। इसमें रीजनल डिमांड को पूरा करने के लिए स्मॉल और मीडियम कैटिगरी के 80-152 सीट वाले प्लेन बनाए जाएंगे।

- स्मॉल और मीडियम कैटिगरी के 80 से 152 सीटों वाले बनेंगे विमान
- टियर 2-3 शहरों में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद मिलेगी

पांच साल में पहला मेक-इन-इंडिया प्लेन

एमओयू साइन करने के बाद पहला प्लेन कब तक आ जाएगा? एनबीटी के इस सवाल के जवाब में अदाणी डिफेंस ऐंड एयरोस्पेस के डायरेक्टर जीत अदाणी ने बताया कि पांच साल के अंदर पहला प्लेन भारत में उड़ान भरना शुरू कर देगा। एम्बेयर के साथ मिलकर जल्द ही भारत में हवाई जहाज बनाने की यूनिट लगाई जाएगी। इसके लिए कुछ जगहों की तलाश की जा रही है। कुछ महीनों में इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि दिंदयाद में भी हवाई जहाज बनाना शुरू किया जा सकता है। अदाणी डिफेंस के प्रेजिडेंट और CEO आशीष राजवंशी ने कहा कि यह सहयोग देश के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

Duster की वापसी, पर इस बार कई चुनौतियां

Khalid.Amin@timesofindia.com

नई दिल्ली : 2012 में जब रेनॉ (Renault) ने इंडिया में अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी डस्टर (Duster) को उतारा था तो ये एक ताजी हवा के झोंके की तरह आई है। सिडेन और हैचबैक कारों के दबदबे के बीच इसने एक 'अर्बन एसयूवी' के कॉन्सेप्ट के साथ बिल्कुल नया सेगमेंट मार्केट में खड़ा कर दिया था। लेकिन पक्का के साथ डस्टर खुद को अपडेट नहीं कर पाई और इस सेगमेंट में हूंदै क्रेटा जैसे गाड़ियों ने कब्जा कर लिया। अब जब डस्टर की वापसी हुई है तो सामने ये सभी गाड़ियां चुनौतियों की तरह खड़ी हैं। लेकिन इस बार डस्टर भी पूरी तैयारी के साथ आई है। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड सिस्टम इसकी सबसे बड़ी यूएसपी रहने वाली है।

PTI

फ्रांस की कंपनी Renault ने मंगलवार को चेन्नै में अपनी गिड-साइज एसयूवी Duster को एक बार फिर से लॉन्च कर दिया है।

इन खूबियों के साथ मैदान में

अपने रफ एंड टफ लुक्स के लिए डस्टर पहली भी जानी जाती है थी, नई डस्टर में इसे और बेहतर किया गया है। दिखने में यह काफी मॉडर्न और मस्कुलर लग रही है। तीन पेट्रोल इंजन ऑप्शन दिए हैं। बजट सेगमेंट के लिए एंट्री लेवल टर्बो इंजन, पावर चाहने वालों के लिए 163 पीएस वाला इंजन और माइलेज चाहने वालों के लिए स्ट्रांग हाइब्रिड इंजन का भी विकल्प दिया गया है।

फीचर्स की बात करें तो पैनारोमिक सनरूफ, इलेक्ट्रिक टेलगेट, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक, फ्रंट इलेक्ट्रिक सीट्स वेंटिलेशन के साथ, ADAS, 10 इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम प्लस 10 इंच डिजिटल क्लस्टर, 18 इंच अलॉय वील्स, ऑटो डिमिंग IRVM समेत बेहद लंबी लिस्ट है जो इसे मुकाबले के लिए एक मजबूत खिलाड़ी बनाती है। कंपनी 7 साल तक वारंटी बढ़ाने का विकल्प भी दे रही है। बुकिंग शुरू हो चुकी है। टर्बो पेट्रोल वेरिएंट्स की डिलिवरी अप्रैल से हो सकती है लेकिन हाइब्रिड चाहने वालों को दिवाली तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

क्या है चैलेंज?

डस्टर के लिए वापस अपनी जगह बनाना ही सबसे बड़ा चैलेंज रहने वाला है। इसमें कोई शक नहीं कि फीचर्स से लेकर हाइब्रिड इंजन तक डस्टर पूरी तैयारी से आई है। लेकिन इस वक्त मार्केट में पर जिस तरह से क्रेटा ने कब्जा जमा रखा है उसे हिला पाना आसान नहीं होगा। टाटा सिएरा जैसे गाड़ियों ने सेगमेंट में शानदार एंट्री की है जिसे पहले ही दिन 70 हजार से ज्यादा बुकिंग मिल चुकी है। इसके अलावा किआ सेल्टॉस, टोयोटा हाइराइडर, मारुति विक्टोरिस, ग्रैंड विटारा, स्कोडा कुशाक, फोक्सवागन टाइगुन, एमजी एस्टर और सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस जैसी गाड़ियों ने भी अपनी-अपनी जगह पक्की कर ली।

- रेनॉ का लक्ष्य 2030 तक भारत में 3-5% मार्केट शेयर हासिल करना है।
- उत्तरमान में रेनॉ की बाजार हिस्सेदारी 1% से भी कम है।
- अपने रफ एंड टफ लुक्स के लिए डस्टर पहली भी जानी जाती है थी, कंपनी का कहना है कि नई डस्टर में इसे और बेहतर किया गया है।

Auto4U

मैनपावर बढ़े, मेडिकल शिक्षा पर फोकस हो

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** आम बजट से पहले स्वास्थ्य क्षेत्र की नजरें सरकार की प्राथमिकताओं पर टिकी हैं। बीते कुछ वर्षों में डिजिटल हेल्थ, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, फेसलू उत्पादन और सस्ती दवाओं को लेकर सरकारी फोकस लगातार मजबूत हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले बजट में इस दिशा को आगे बढ़ाते हुए अब सबसे ज्यादा जोर हेल्थकेयर मैनपावर और मेडिकल शिक्षा पर दिया जाना चाहिए, ताकि आम आदमी तक बेहतर और किफायती इलाज पहुंच सके।

बजट 2026 स्वास्थ्य

आकाश हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष चौधरी के मुताबिक, आम लोगों के लिए अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ अस्पतालों की संख्या से तय नहीं होता, बल्कि इस बात से तय होता है कि वहां कितने प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध हैं। वे कहते हैं कि पिछले बजटों में इंफ्रास्ट्रक्चर और बीमा कवरेज को लेकर अहम फैसले हुए, लेकिन अब जरूरत ऐसी लंबी अवधि की स्वास्थ्य नीति की है, जो इमारतों के साथ-साथ लोगों में निवेश करे। ट्रेनिंग, निरंतर मेडिकल एजुकेशन को बजट में प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि देशभर में गुणवत्ता एक-सी हो।

एक्सपर्ट आशीष चौधरी मानते हैं कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में मेडिकल सुविधाओं की कमी आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMH14 User: vinay.vashisht Time: 01-27-2026 23:17 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज हुआ था स्पेस का सबसे बड़ा हादसा

आज ही के दिन 1986 को अमेरिका का अंतरिक्ष यान चैलेंजर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। फ्लोरिडा से उड़ान भरने के 73 सेकंड के भीतर इसमें विस्फोट हो गया था। इसमें सवार सभी सात अंतरिक्ष यात्रियों की मौत हो गई थी। मरने वालों में एक शिक्षक भी था, जिसका चयन अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमैनिक शख्स के तौर पर किया गया था। इसे स्पेस का सबसे बड़ा हादसा माना जाता है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली
बुधवार, 28 जनवरी 2026

भविष्य में सेफ और आम होगी स्पेस यात्रा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा सुरक्षित, नियमित और आम हो जाएगी। अडवांस रीयूजेबल स्पेसक्राफ्ट, आर्थिक भरोसेमंद रॉकेट सिस्टम और AI इसकी गलतियों को बहुत हद तक कम कर देंगे। रेडिएशन से सुरक्षा के लिए नए मटीरियल और आर्टिफिशल मैग्नेटिक शील्ड विकसित हो चुके होंगे। मेडिकल साइंस शरीर को माइक्रोग्रैविटी के अनुकूल बना देगी, जिससे हड्डियों और मांसपेशियों पर असर नहीं पड़ेगा।

AI Images

UGC के नियमों पर प्रदर्शन, सियासत गरम

छात्रों ने कहा, नियमों से फैलेगी अराजकता | देशभर में विवाद, सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका | बीजेपी के लिए नई चुनौती, सरकार भी हरकत में आई

भूपेश शर्मा/पूनम पाण्डे

■ **नई दिल्ली:** यूजीसी के नियमों के खिलाफ सोशल मीडिया पर उठे तूफान के बीच देश की सियासत भी गरमा रही है। यूजीसी ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने का हवाला देते हुए ये नियम तैयार किए हैं। सामान्य वर्ग के छात्रों के संगठनों के सवाल हैं कि क्या उनके लिए समानता के नियम लागू नहीं होते हैं? पक्ष और विपक्ष के नेता इस मुद्दे पर खुलकर नहीं बोल रहे हैं। छात्र पूछ भी कह रहे हैं कि नेता तो अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेज देते हैं और उन पर नए नियमों का कोई असर नहीं होगा। मामले को बढ़ता देख सरकार हरकत में आ रही है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच चुका है और शिक्षा मंत्रालय को कोर्ट के सामने तर्क देना होगा। मंत्रालय इस मसले पर कानूनी सलाह भी ले रहा है। सूत्रों का कहना है कि यूजीसी की ओर से पूरे मसले पर जल्द ही तथ्य रखे जाएंगे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट में जब मामले की सुनवाई होगी तो यूजीसी की ओर से नए नियमों को जारी करने पर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए दिल्ली स्थित यूजीसी मुख्यालय की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट में स्थिति स्पष्ट कर सकती है सरकार

PTI

आवाज दो नए नियमों को समानता के खिलाफ बताते हुए मंगलवार को लखनऊ समेत कई जगह प्रदर्शन हुए

NBT Explainer

बीजेपी के लिए चुनौती?

यूजीसी के नए नियम बीजेपी के लिए चुनौती बनते दिख रहे हैं, क्योंकि बीजेपी के अंदर ही इसका विरोध हो रहा है। बीजेपी के कई जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों ने पद से इस्तीफा दिया है और लगातार सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं। यूजीसी के नए नियम को जनरल कैटेगरी के लोगों के साथ भेदभाव वाला बताया जा रहा है। जनरल कैटेगरी के कई बीजेपी नेता सवाल उठा रहे हैं, जिस तरह लगातार विरोध और पत्र लिखकर विरोध जताना जारी है, उससे सरकार के सामने दुविधा की स्थिति दिख रही है। इस साल उत्तराखंड, बंगाल समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और यूजीसी का मुद्दा अगर इसी तरह चलता रहा तो ये बीजेपी के लिए दिक्कत खड़ी कर सकता है।

ये तीन बड़े सवाल हैं

यूजीसी ने 13 जनवरी 2025 को 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूशन' रेगुलेशंस 2026 जारी किए। इन नियमों के खिलाफ तीन सबसे बड़े सवाल सामने आए हैं।

पहला सवाल जातिगत भेदभाव रोकने के नियम पहले से थे, लेकिन 2026 के संशोधित प्रावधानों में इसकी परिभाषा का दायरा बढ़ा। अब 'जाति आधारित भेदभाव' में SC/ST के साथ OBC समुदाय के छात्र और कर्मचारी भी शामिल हैं। नए नियम इन वर्गों की शिकायतों पर अनिवार्य कार्रवाई को बाध्य करते हैं, वहीं सामान्य वर्ग के छात्र बराबरी का सवाल उठा रहे हैं।

दूसरा सवाल 2012 के प्रावधानों में भेदभाव से जुड़ी झूठी शिकायतों पर दंड और जुर्माने का प्रावधान नहीं था। 2025 के ड्राफ्ट में दंड की सिफारिश की गई, लेकिन 2026 के रेगुलेशन में इन्हें हटा दिया गया है। तर्क दिया गया कि इससे असल पीड़ित बिना डर के शिकायत कर सकेंगे। पहचान की गोपनीयता रहेगी। विरोधी कह रहे कि झूठी शिकायतें बढ़ सकती हैं। सामान्य वर्ग में असुरक्षा की आशंका भी पैदा हो सकती है।

तीसरा सवाल नए नियम में समता समिति बनाने का प्रावधान है। इस समिति में OBC, दिव्यांगजन, SC/ST, महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा। छात्र सवाल उठा रहे हैं कि समता समिति में सवर्ण प्रतिनिधि नहीं हैं। झूठी शिकायतों पर कार्रवाई का प्रावधान नहीं है। क्या पहले से मान लिया कि सामान्य वर्ग से भेदभाव नहीं होता है। संविधान में समानता, कैंपस में क्यों नहीं?

किसान संगठन भी साथ

इस मसले पर दिल्ली, यूपी समेत देश में कई जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। किसान और अन्य संगठन भी साथ आ रहे हैं। इनका कहना है कि UGC जैसे काले कानून वापस नहीं हुए तो बड़े आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

सांसद ने कहा, भ्रांति दूर होगी

बीजेपी सांसद **डॉ. निशिकांत दुबे** ने कहा कि सामान्य वर्ग को EWS कैटिगरी में 10% कोटे से काफी मौके मिल रहे हैं। UGC नियमों पर भ्रांतियां खत्म होंगी। वहीं, लोगों ने कहा कि बीजेपी सांसदों के बच्चे विदेश में पढ़ते हैं, दूसरे के बच्चों की इन्हें कोई फिक्र नहीं है।

BJP के अंदर भी विरोध?

बीजेपी सांसद **मनन कुमार मिश्रा** ने कहा कि सबको समान रूप से न्याय मिलना चाहिए। यूजीसी को इस कानून को वापस लेना होगा। शिक्षण संस्थान में अच्छा वातावरण बना रहना चाहिए, रैगिंग नहीं होनी चाहिए, यह सबके लिए होना चाहिए।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

राजनीति विज्ञान के शोधार्थी सुभाष कुमार ठाकुर के अनुसार, यूजीसी के नए रेगुलेशन के कुछ प्रावधान व्यावहारिक समस्याएं पैदा कर सकते हैं। समता समिति में सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व की कमी, झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर रोक के स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं। शिकायतकर्ता को गोपनीय रखने की व्यवस्था है। इससे शिक्षक-छात्र संबंध और कैंपस का माहौल प्रभावित होने की आशंका है।

केंद्र से मिला भरोसा, भेदभाव की शिकायत कोई भी कर सकता है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सोशल मीडिया से सड़कों तक हो रहे विरोध के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। यूजीसी के सूत्रों ने कहा कि अगर किसी भी छात्र के साथ भेदभाव होता है, तो वह शिकायत कर सकता है। संस्थान के प्रमुख और भेदभाव रोकने के लिए बनाई जाने वाली कमिटी हर छात्र की शिकायत सुनेगी। अगर सामान्य वर्ग के छात्र के साथ भी कोई भेदभाव, उत्पीड़न होता है तो वह अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

यूजीसी नियमों पर छात्रों के विरोध के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी को भी किसी प्रकार के उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ेगा। कोई भेदभाव नहीं होगा और किसी को भी भेदभाव के नाम पर इस नियम का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं होगा।

कोई भेदभाव नहीं होगा और किसी को भी भेदभाव के नाम पर नियम के दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह संविधान के दायरे में ही होगा। – धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

'शिकायत पर एकतरफा फैसला नहीं'

यूजीसी के सूत्रों का कहना है कि भेदभाव रोकने के लिए बनाई जाने वाली कमिटी व्यापक संस्था होगी। ऐसा नहीं है कि किसी भी शिकायत पर एकतरफा फैसला लिया जाएगा। पूरी तरह से जांच होगी और जांच के आधार पर ही फैसला होगा। अगर इसके बाद भी छात्र कमिटी के फैसले से संतुष्ट नहीं होता है तो फिर लोकपाल के पास जाने का विकल्प भी रहेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि यूजीसी भी हर यूनिवर्सिटी में आ रही शिकायतों की निगरानी करेगी। कमिटी को 6-6 महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट देनी होगी और वेबसाइट पर भी जानकारी होगी। यूजीसी भी यह देखेगी कि किसी निर्दोष छात्र के साथ अन्याय न हो।

बरेली के सिटी मैजिस्ट्रेट सस्पेंड, जांच भी बैठी

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

यूजीसी के नए नियमों के विरोध और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान से नाराज होकर गणतंत्र दिवस पर इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मैजिस्ट्रेट (पीसीएस) अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा सरकार ने अभी मंजूर नहीं किया। अफसर के कदम को अनुशासनहीनता बताते हुए शासन ने उन्हें सस्पेंड कर दिया और शामली के DM दफ्तर से अटैच कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच कमिश्नर बरेली को सौंपी गई। सरकारी वाहन बरेली प्रशासन ने वापस ले लिया।

मंगलवार सुबह वह डीएम बरेली से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन स्टाफ ने अंदर नहीं जाने दिया। वह अन्य लोगों के साथ दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। जानकारों का मानना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सरकार इस्तीफे पर विचार करेगी।

अलंकार अग्निहोत्री

अफसर ने कहा, कोर्ट जाएंगे

सस्पेंड अफसर अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश रची गई। जब साजिश असफल हो गई और मैं जब अपने इस्तीफे पर अड़ा रहा तो रात में ही सस्पेंशन लेटर जारी कर दिया गया। मैं इस्तीफा वापस नहीं लूंगा, बल्कि सस्पेंशन के खिलाफ कोर्ट में जाऊंगा।

अयोध्या से

योगी के समर्थन में इस्तीफा

■ **आईएएनएस, अयोध्या :** उत्तर प्रदेश नीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में लिया गया है। विवाद मौनी अमावस्या के दौरान संगम पर स्नान को लेकर हुए पदचाप्रम से जुड़ा है, जहां स्वामी की ओर से रोके जाने और मारपीट के आरोप लगाए गए, जिन्हें प्रशासन ने खारिज किया। अधिकारियों के मुताबिक, भीड़ और सुरक्षा कारणों से रोक लगाई गई थी। सिंह ने अपने इस्तीफे में सीएम योगी और प्रधानमंत्री के समर्थन की बात कही और बचन से आहत होने की बात लिखी।

चीन के सबसे ताकतवर जनरल को क्यों हटाना पड़ा?

चीन की सेना के सबसे टॉप जनरल झांग यौशिया (Zhang Youxia) पर गंभीर आरोप लगे हैं। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, उन पर अमेरिका को चीन के परमाणु हथियारों से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक करने और करप्शन के आरोप हैं। इस कारण उन्हें पद से हटा दिया गया है। चीन में इस कदम को सिर्फ एक व्यक्ति पर कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि चीन की राजनीति, सेना और सत्ता संतुलन से जुड़ा संकेत क्यों माना जा रहा है।

Q यह जनरल इतने अहम क्यों? जनरल झांग चीन की सेना की सर्वोच्च कमान सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (CMC) के सदस्य थे। सीएमसी सीधे तौर पर राष्ट्रपति और पार्टी प्रमुख शी जिनपिंग के अधीन काम करती है। सीधे शब्दों में कहें तो जनरल झांग के ऊपर सीएमसी के चेयरमैन शी जिनपिंग ही थे। बताते हैं, जनरल झांग कभी शी के करीबी थे। बाद में मतभेद बढ़ते गए।

NBT Explainer

Q चीन ने वजह क्या बताई? चीन के रक्षा मंत्रालय ने उन पर अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगाए गए। साथ ही, CMC के अंदर गुटबाजी करने और पार्टी में फूट डालने का भी आरोप है। चीन की परंपरा के मुताबिक, आरोपों का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया, लेकिन चीन में करप्शन और टॉप लीडरशिप के प्रति कड़ादारी न दिखने पर ऐसे ही आरोपों के तहत जांच शुरू की जाती है।

Q असल वजह क्या मानी जा रही? अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि जनरल झांग पर चीन के परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ा डेटा अमेरिका को लीक करने का शक है। जनरल झांग पर पूर्व रक्षा मंत्री की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेने, प्रभाव बढ़ाने के लिए राजनीतिक गुट बनाने जैसे आरोप भी हैं।

Q क्या तख्तापलट की कोशिश थी? रिपोर्ट है कि जब राष्ट्रपति शी जून 2025 में दो हफ्तों के लिए 'गायब' हुए तो जनरल ने मिलिट्री कमिशन में पकड़ मजबूत करने के लिए कमिशन के अन्य सदस्यों से सीक्रेट मीटिंग्स कीं। इन्हें 'तख्तापलट' की कोशिशों के रूप में देखा गया। एपी

किन्नर अखाड़े से निकाली गई ममता कुलकर्णी

■ **NBT रिपोर्ट, प्रयागराज:** किन्नर अखाड़े ने श्रीयामायी ममतानंद गिरि (ममता कुलकर्णी) को निष्कासित कर दिया है। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर ने विडियो जारी कर यह ऐलान किया। ममता ने पिछले दिनों स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अहंकारी बताया था।



...तो वह कभी सत्ता में नहीं लौटतीं: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कायम रखने में विफल रहती है, वह कभी सत्ता में नहीं लौटती। शाह गांधीनगर की सभा में बोल रहे थे।

ट्रंप ने दी धमकी, साउथ कोरिया पर बढ़ाएंगे टैरिफ

■ **एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने साउथ कोरिया से अमेरिका आने वाले सामान पर टैरिफ को 15% से बढ़ाकर 25% करने की धमकी दी। ट्रंप ने आरोप लगाया कि साउथ कोरिया पिछले साल हुई ट्रेड डील पर तीक्ष्ण से अमल नहीं कर रहा है। बताते हैं, कोरिया की संसद डील को मंजूरी देने में देर कर रही है, जबकि अमेरिका ने समझौते के मुताबिक अपने टैरिफ तेजी से कम किए हैं। बढ़ा टैरिफ कारों, लकड़ी, दवाओं और बाकी चीजों पर लागू होगा।

साउथ कोरिया बोला, ट्रेड डील पर अमल में तेजी लाएंगे

साउथ कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि हम समझौते को अमल में लाने के लिए जरूरी कदम तेजी से उठाएंगे। कोरियाई अधिकारियों ने माना कि ट्रंप की घोषणा उनके लिए अप्रत्याशित है। इससे गठबंधन और कारोबारी साझेदारी में नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

QR CODE
स्कैन करें
या 1800 1205474
पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000 हेल्मेट्स बाँटकर हज़ारों जानें बचाईं.
PRAGATI KA PARTNER

SPEED News

शांति लाने के काम में भारत ने UN को घेरा

UN में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि देश UN को ऐसी संस्था नहीं मानते जो शांति दिला सके, इसलिए ये अलग-अलग मंचों में जा रहे।

आज चीन पहुंच रहे हैं ब्रिटिश पीएम स्टार्मर

स्टार्मर बुधवार को पेइचिंग और फिर शंघाई जाएंगे। उनके दौरे से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के असहमत होने का जोखिम भी है।

बांग्लादेश में भारतीय इकनॉमिक ज़ोन रद्द

अंतरिम सरकार ने चटगांव के मीरसराय में प्रस्तावित भारतीय प्रोजेक्ट को रद्द किया। उसकी जगह मिलिट्री इकनॉमिक जोन बनेगा।

ईरान में स्टारलिंक के 108 उपकरण ज़ब्त

ईरान के प्रदर्शनों में अब तक 6,126 लोग मारे जा चुके हैं। करंसी सबसे नीचे प्रति डॉलर/15 लाख रियाल पर है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 ईयू से ट्रेड डील के बाद भारत यूरोपीय कारों पर टैरिफ 5 साल में घटाकर कितने % पर लाएगा?
A. 10% B. 40% C. 50%

2 जातिगत भेदभाव रोकने के UGC के नए नियमों में इनमें से किस वर्ग को जोड़ा गया है?
A. सामान्य B. ओबीसी C. एससी/एसटी

3 ब्राजील की किस कंपनी ने भारत में विमान बनाने का समझौता किया है?
A. एयरबस B. बोइंग C. एम्बेयर

4 बांग्लादेश ने इंडियन इकनॉमिक प्रोजेक्ट को रद्द किया है। यह किस शहर में स्थित था?
A. मीरसराय B. ढाका C. सिलहट

5 चीन के किस टॉप जनरल पर अमेरिका को एटमी जानकारी लीक करने का आरोप लगा है?
A. हे वीडोंग B. झांग यौशिया C. ली शांगफू

कल के जवाब
A1 B. 27 A2 A. 27 जनवरी A3 C. अनीता आनंद A4 A. पद्म भूषण A5 B. चेपक

लकी विनर्स

1. गौतम यादव, गुजियाबाद
2. नरेंदर, नई दिल्ली
3. अरुण कुमार अग्रवाल, हापुड़

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHJJ User: cci Time: 01-27-2026 23:20 Color:

व्यक्तिगत रूप से मैं पाकिस्तान को वर्ल्ड कप में खेलते देखना चाहता हूं। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं और हमारे क्रिकेट को बड़े टूर्नामेंटों में टीम के अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है। -इंजमाम उल हक, पूर्व कप्तान, पाकिस्तान

मौजूदा सीरीज़ में भारतीय फिरकीबाज़ नहीं कर पाए हैं उम्दा प्रदर्शन

स्पिनर्स को छोड़नी होगी छाप

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, चौथा मैच

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती सीरीज टी20I में रेस्ट के बाद कर सकते हैं वापसी

आमना-सामना
17 भारत | 10 न्यूजीलैंड | 28 कुल मैच | 1 टाई

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, ईश सोढ़ी

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क, जियोहॉटस्टार पर

कुलदीप या बिश्नोई में कोई एक: कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए हैं। तीसरे मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। कुलदीप इससे पहले वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। वरुण को पिछले मैच में रेस्ट दिया गया था, लेकिन पहले दो मैच में उनकी बोलिंग में वह धार नहीं दिखी, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई (गुवाहाटी में 18 रन देकर दो विकेट) को ही इलेवन में बनाए रखा जाए और कुलदीप को रेस्ट देने के लिए उनकी जगह वरुण को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि उंगली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं। भारत इस सीरीज में वर्ल्ड कप से पहले बोलिंग डिपार्टमेंट में अपने चरम पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बैटिंग में उसका कोई सानी नहीं दिख रहा। भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक धमाकेदार प्रदर्शन किया है।

वाइट बॉल स्पेशलिस्ट

3 हजार टी20 इंटरनैशनल रन से सिर्फ 41 रन दूर है सूर्यकुमार यादव। भारत की तरफ से सिर्फ रोहित शर्मा (4231) और विराट कोहली (4188) ही यह आंकड़ा पार कर पाए हैं

5 विकेट दूर है ईश सोढ़ी टी20I में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे सफल बोलर बनने से। टिम साउदी (164) टॉप पर है। ओवरऑल सोढ़ी से ऊपर साउदी और राशिद (187) ही है

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बदलेगा संजू का बैटिंग ऑर्डर!

टी20 सीरीज में भारत के लिए चिंता का सबब संजू सैमसन की खराब फॉर्म है। वह तीन मैचों में 5.33 औसत से 16 रन ही बना पाए हैं। इससे टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। हालांकि, तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण बाहर होने से टीम मैनेजमेंट संजू को खुद को साबित करने के लिए और मौका दे सकता है। संजू को तीसरे नंबर पर भी उतारने का विचार किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो अभिषेक के साथ ईशान पारी की शुरुआत करेंगे।

विहान का शतक, भारत की बड़ी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत के 'यंग-मैन' ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी जीत का सिलसिला लगातार चार मैचों तक बढ़ाते हुए मंगलवार को ग्रुप-2 के सुपर-6 मुकाबले में जिंबाब्वे को 204 रन से हराया। बुलावायो में खेले गए मैच में भारतीय टीम की जीत के नायक विहान मल्होत्रा रहे जिन्होंने 109* रन की उम्दा पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच विहान के अलावा वैभव सूर्यवंशी तेजतर्रार 52 रन और अभिग्यान कुंडू की 61 रन की आक्रमक पारी की बदौलत भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में जिंबाब्वे की टीम 37.4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। ओबरोय ने 19 रन देकर दो विकेट लिए जबकि उधव मोहन (3/20) और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 4 ओवर में केवल 14 रन देकर तीन विकेट निकालकर मैच को फटाफट खत्म कर दिया। जिंबाब्वे की ओर से लिरॉय चिवाउला ने सर्वाधिक 62 रन बनाए।

वैभव का विस्फोट जारी: भारतीय टीम को ओपनर आरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दी। दोनों ने महज चार ओवर में ही बोर्ड पर 44 रन टांग दिए। आरोन 16 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन वैभव ने एक छोर से प्रहार करना जारी रखा। वैभव ने 30 गेंदों पर 4 फोर और 4 सिक्स की मदद से 52 रन बनाए। कप्तान आयुष म्हात्रे और वेदांत त्रिवेदी का विकेट भी जल्दी-जल्दी गिरा।

प्लेयर ऑफ द मैच विहान मल्होत्रा

अंडर-19 वर्ल्ड कप

भारत Vs जिंबाब्वे सुपर-6 कांस्टेब

भारत का अगला मैच पाकिस्तान से होगा

भारत ने ग्रुप स्टेज में यूएसए, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीम को शिकस्त दी थी। टीम ग्रुप-बी में टॉप पर रही थी। अंडर रन पर सवार टीम इंडिया की अगली टक्कर 1 फरवरी को थिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। भारतीय प्लेयर्स लीग कप के फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार का हिसाब चुकता करना चाहेंगे।

ब्रीफ स्कोर

इंडिया U19: 352/8 (विहान मल्होत्रा 109*, कुंडू 61, वैभव सूर्यवंशी 52, वाटेव चिमुसोरो 3/49)

जिंबाब्वे U19: 148/10 (लिरॉय चिवौला 62, क्रियन क्लिनगर 37, आयुष म्हात्रे 3/14, उधव मोहन 3/20, अबरीश 2/19)

अभी रिटायरमेंट का विचार नहीं: राहुल

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन वह जानते हैं कि अभी इसमें "कुछ समय बाकी है" और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है। राहुल ने कहा, 'मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा।'

केएल राहुल

बांग्लादेशी मीडिया को वीजा की उम्मीद जगी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) भारत में टी20 वर्ल्ड कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए 'मीडिया एक्रिडिटेशन' पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था। ICC आवेदन प्रक्रिया में बदलाव कर रही है क्योंकि बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने दावा किया कि उनके 'एक्रिडिटेशन' (मान्यता) के अनुरोध को खारिज कर दिया गया था।

ICC के सूत्रों ने कहा, 'प्रक्रिया पर फिर से काम किया जा रहा है क्योंकि अनुरोध की संख्या और कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। एक्रिडिटेशन लिस्ट उसी हिसाब से तैयार की जा रही है। बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने अपनी टीम के टूर्नामेंट से हटने के बावजूद टूर्नामेंट कवर करने में दिलचस्पी दिखाई थी, उन्हें मंजूरी मिलनी शुरू हो गई है।' बांग्लादेश के लगभग 80-90 पत्रकारों ने एक्रिडिटेशन के लिए अनुरोध किया था और सूत्रों ने कहा कि बर्ल्ड में उनकी टीम ICC टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही होती, तब भी सभी के अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता था।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

स्कॉटलैंड को आशा: क्रिकेट स्कॉटलैंड की सीईओ ट्रुडी लिंडब्लेड को भरोसा है कि उनके राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करने के लिए समय पर वीजा मिल जाएगा। स्कॉटलैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के पेसर सफयान शरीफ भी शामिल हैं। भारतीय वीजा के लिए आवेदन करने वाले पाकिस्तानी मूल के आवेदकों की गहन जांच की जाती है, जिसके कारण प्रक्रिया में अधिक समय लगता है।

स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन

स्कॉटलैंड की टीम घोषित

टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह शामिल किए गए स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है, जिसमें अफगानिस्तान में जन्मे पेसर जैनुल्लाह इहसान को भी शामिल किया गया है। इहसान एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

स्कॉटलैंड टीम: रिची बेरिंग्टन (कप्तान), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस सीजर, जैनुल्लाह इहसान, माइकल जोंस, माइकल लीस्क, फिनले मैकांडीश, ब्रैडन मैकमुलन, जॉर्ज मुंसी, सफयान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील। **रिजर्व खिलाड़ी:** जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस।

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी20I में बेस्ट बोलिंग फिगर का रेकॉर्ड किसके नाम है?
A) प्रवीण कुमार B) मिचेल सैंटनर C) दीपक हुडा D) ईश सोढ़ी

2. इवा गोलिन किस देश की टेनिस प्लेयर है?
A) यूक्रेन B) चेक रिपब्लिक C) यूएसए D) सर्बिया

कल के जवाब
1. C) 16 2. D) बिहार

लकी WINNER

1. उषा किरण, नजफगढ़, दिल्ली
2. हितेंद्र सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3. विमल भारद्वाज, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

अश्मिता मेन ड्रॉ में

■ **बैंकॉक:** भारत की अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो मुकाबले जीतकर महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह बनाई। अश्मिता ने अपने पहले क्वालिफिकेशन मैच में चीनी ताइपे की हुंग यी-टिंग को 21-15, 12-21, 21-12 से शिकस्त दी। इसके बाद कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को 21-11, 10-21, 21-16 से खत्म किया।

मार्टिन हुए गिरफ्तार

■ **वडोदरा:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन ने मंगलवार तड़के वडोदरा जिले में अपनी लग्जरी एसयूवी चलाते हुए कथित तौर पर शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी तीन कारों में टक्कर मार दी। हादसे के कुछ घंटे बाद 53 वर्षीय मार्टिन को हिरासत में लिया गया। मार्टिन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

अतिका का उम्दा आग़ाज़

■ **कोलंबो:** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स कार्टिंग सीरीज में शानदार शुरुआत की। वह 37 ड्राइवरों के क्वालिफाइंग हिट में दूसरा सबसे तेज समय निकालने वाली पहली भारतीय बन गई। अतिका ने 49.76 सेकंड का समय निकाला।

यश विदर्भ टीम में

■ **नागपुर:** मौजूदा रणजी चैंपियन विदर्भ ने यूपी के खिलाफ यहां 29 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। दो बार की चैंपियन विदर्भ एलीट ग्रुप-ए में आंध्र और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

अल्काराज ने पहली बार ली सेमीफाइनल में एंट्री

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 6-2, 6-1 से हराया और इस टूर्नामेंट में पहली बार अंतिम-4 में जगह बनाई। यह जीत अल्काराज के लिए डी मिनौर पर उनकी बढ़त को 6-0 तक ले गई। सेमीफाइनल में अल्काराज का सामना जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

सबालेंका भी सेमी में: विंबिंग सिंगल्स में नंबर-1 आरिना सबालेंका ने भी अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जेविक को 6-3, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में 3-0 से बढ़त बनाकर इवा पर शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया। इस बीच, मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया।

गॉफ ने निकाला गुस्सा

एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की तीसरी वरीय कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी। गॉफ ने इस बीच गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, 'मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था।'

20 मैच खेले है कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और 16 में जीत हासिल की है

संजू बस एक पारी दूर हैं: मोर्केल

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** भारतीय क्रिकेट टीम को बोलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने संजू सैमसन पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह ओपनर फॉर्म और आत्मविश्वास हासिल करने से बस एक अच्छी पारी दूर हैं। सैमसन ने पिछले तीन टी20I में सिर्फ 16 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20I मैच की पूर्व संध्या पर मोर्केल ने कहा, 'संजू बस एक पारी दूर हैं, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा और फॉर्म में वापसी हो जाएगी। हमारे लिए वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से यह जरूरी है कि खिलाड़ी सही समय पर अपनी फॉर्म हासिल करें। वह अच्छी तरह अभ्यास कर रहे हैं और मैं दो बहुत अच्छे से मार रहे हैं।' मंगलवार को ऑफलाइन नेट सेशन था, लेकिन सैमसन ने 30 मिनट से अधिक समय तक प्रैक्टिस की। शुरुआती कुछ मिनटों की जद्दोजहद के बाद सैमसन का जाना-पहचाना अंदाज देखने को मिला।

टीम इंडिया के बोलिंग कोच मोर्ने मोर्केल

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

ओरम की टीम को नसीहत: अभिषेक, ईशान और सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी ने मौजूदा टी20I सीरीज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए 'संयम बनाए रखना' मुश्किल कर दिया है। न्यूजीलैंड के बोलिंग कोच जैकब ओरम ने खिलाड़ियों से इस चुनौती को स्वीकार करने और उससे निपटने के तरीके इजाद करने की सलाह दी है। ओरम ने कहा, 'मैदान पर थोड़ी आत्मकता जैसी स्थिति रही है। गेंद हर बार बाउंड्री के बाहर जा रही है। ऐसे में संयम और नियंत्रण बनाए रखने के साथ अपनी योजनाओं को अमल में लाना जरूरी है। हालांकि, यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है।' भारतीय बैटर महज़ना से बड़े शॉट्स खेल रहे हैं।

रोमांचक मैच में जायंट्स ने दिल्ली को दी शिकस्त

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** वेब मूनी (55) की शानदार अर्धशतकीय पारी के बाद मैच के अंतिम ओवर में सोफी डिवाइन (4/37) की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात जायंट्स ने मंगलवार को विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) में दिल्ली कैपिटल्स पर तीन रन से रोमांचक जीत हासिल की। मूनी ने 46 गेंद पर सात चौकों की मदद से अपने WPL करियर का छठा अर्धशतक जड़ा। इसकी बदौलत गुजरात ने कोटे 20 ओवर में पांच विकेट पर 174 रन का टोटल लगा। जवाब में दिल्ली ने सातवें क्रम पर उतरी निक्की प्रसाद (47) और स्नेह राणा (29) की ने शानदार साझेदारी करके टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। अंतिम ओवर में उसे जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी लेकिन सोफी ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया।

विमेंस प्रीमियर लीग


गुजरात की बैटर वेब मूनी

वर्ल्ड कप में ओस फैक्टर की काट वरुण होंगे: कुंबले

■ **एजेंसियां नई दिल्ली:** दिग्गज क्रिकेटर अनिल कुंबले ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत के स्पिन अटैक की अगुआई करने के लिए लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का समर्थन किया है। कुंबले का मानना है कि उन्हें शाम की ओस से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होगी, जो कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर के लिए ज्यादा परेशानी वाली हो सकती है। कुंबले ने कहा कि टूर्नामेंट में ओस निश्चित रूप से भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, 'खासकर फरवरी और मार्च में वर्ल्ड कप के दौरान, जब मैच देर शाम खेले जाएंगे, वह आसान नहीं होने वाला है। भारत को हालांकि एक बात से निश्चित राहत मिल सकती है। ओस वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी को प्रभावित करेगी। वह गेंद को जिस तरह से पकड़ते हैं, जिस गति से बोलिंग करते हैं, उससे वह प्रभावित नहीं होंगे। ओस वरुण को ज्यादा परेशान करेगी।'

एक्सपर्ट की राय

अनिल कुंबले

इटली ने आयरलैंड पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

■ **एजेंसियां, दुबई:** इटली की क्रिकेट टीम ने सीरीज के तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में आयरलैंड को चार विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। यह किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली अंतरराष्ट्रीय जीत है। तीन मैचों की यह सीरीज आयरलैंड ने 2-1 से अपने नाम की। आयरलैंड द्वारा दिए गए 155 रन के टारगेट का पीछा करते हुए इटली को आखिरी ओवर में 16 रनों की दरकार थी। ग्रंट स्टीवर्ट ने बैरी मैकार्थी की शुरुआती तीन गेंदों पर सिक्स जड़कर तीन बॉल बाकी रहते मैच जीत लिया। स्टुअर्ट ने 19 गेंदों में 33* रन बनाए। कप्तान वैन मैक्समन ने 39 रन जोड़े। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। इटली के क्रिशन कालुगमागे 28 रन देकर तीन विकेट झटके।

टी20 इंटरनैशनल

इटली के बैटर ग्रांट स्टीवर्ट

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आपकी राशि का स्वामी मंगल, मकर का होकर दशम राज्य प्रमुख कर्म केंद्र भाव में है, आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका मोबाईल और सहकर्मियों पूर्णतयोग अंजन के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानी से ही काम करने की कोशिश करें, जिससे आपका आत्म सम्मान बढ़े।

TARUS 20 Apr - 19 May
आपकी राशि का स्वामी शुक्र नाम भाव में स्वक्षर कर रहा है। शुक्र संपूर्ण शुभ दृष्टि से प्रथम लग्न केंद्र भाव को देख रहा है। राज्य मान प्रतिष्ठा तथा उच्च प्रभाव की बन सफलता दायक है। आज शुक्रवार में प्रथम भाव में सुख राशि कारक है। व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे। इससे लाभ प्राप्त होगा।

GEMINI 21 May - 21 June
आपकी राशि का स्वामी बुध अष्टम प्रमुख शत्रु भाव में शिरोमणि मकर राशि में है। कालचक्रम्म आज का दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में व्यतीत होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। अधिक और मेहनत भी कुछ लाभ पहाड़ झलना पड़ रहे हैं। इससे लिए तैयार रहें।

CANCER 22 Jun - 22 July
कर्क राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से एकादश का चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्चा भी संभव है। सहज एवं सकारात्मक समन्वयन व परिश्रम में अनावेद -प्रमोद का उपहारण रहेगा। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करें। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

LEO 23 Jul - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर अपने जन्म स्थान छठे भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। सूर्य के छठे भाव में होने से व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके लिए अत्यंत मोह सिद्ध होगा। व्यापार में निकटवर्तमान साजनीयों के प्रति अपनी वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आपका लेने आएंगे, क्रांतिकारी ग्रहों से काम लेते हुए सबका सम्मान करें। यही लोग आपके व्यवसाय के क्षेत्र में खुश रहना ही आज लाभकारक रहेगा। अकारण बहस व टकराव से बचें। पत्नी से सहयोग मिलेगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से चौथे भाव में शुभ व्यय व मन संतोषकारक है। आज का दिन आनंद में बीतेगा। शुभ का चंद्रमा आठवें घर में कुर्यात के अनुसार भी एक संदेशों में वृद्धि करेगा। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप आगे बिगड़े काम बनाने में लगे रहेंगे। समय का लाभ उठाएं। यात्रा का संयोग भी बन रहा है।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल मकर राशि तृतीय भाव में चंद्रमा आठवें घर में दिव्य त्रिमूर्ति कारक है। आज का दिन लाभ काज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। इसलिए जल्दी कार्यों को निपटा लें। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए अति महत्वपूर्ण उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौन व्यवहार के दिन अपने चलते हैं।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति पिछले वर्ष दिनों से मिथुन राशि में चल रहे हैं, चंद्रमा भी आज छठवें भाव में अत्यन्त बड़े मात्र में धन की प्राप्ति करा कर कोष वृद्धि कर सकता है। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से तीसरे घर में और चंद्रमा पांचवे भाव में कुछ अधिक व्यवस्था का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना विरोधी कुछ अतिरिक्त सही तरीके से समेट लें, हो सकता है अच्छे समय न मिले।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपकी राशि से पंचम में गुरु व राहु का योग और उच्च राशि में चंद्रमा लग्न वृद्धि करेगा। धन कर्म कोर्टी की वृद्धि होगी। शत्रु पिता का दमन, प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी आप में संघर्ष विजय त्रिमूर्ति सफलता की प्राप्ति हर्ष प्रदा होगा और मंगलमय परिवर्तन होंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति अपनी मिथुन का होकर चतुर्थ पराक्रम दैवातन राज्य भाव में चल रहा है। मनोवांछित सिद्धि कारक है। धरेलू स्तर पर भी मानसिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि व निकट की यात्रा भी संभव है। यात्रा के लिए पूर्ण से तैयारी रखें। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताना ही अधिक रोचक।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष मंगल वर्ष का स्वामी है। चंद्रमा एकादश भाव में होने से आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। बौद्धिक प्रयासों में भी अहाराती सफलता का हर्ष होगा। उच्च जातकों को जनवरी से लेकर फरवरी और मार्च तक अनियोजित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इस वर्ष अप्रैल में मंगल छठ आपके कर्म क्षेत्र में हावी रहेगा, यह समय मई की शुरुआत से लेकर 30 जून तक रहेगा। इस वर्ष जुलाई महीने से अगस्त महीने तक का समय नए व्यावसायिक कार्य करने के लिए श्रेष्ठ है। लंबे समय से अगर किसी व्यापार की योजना बना रहे, तो इस समय शुरुआत करने से सफलता मिलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। सितंबर के बाद अधिकांशतः जातकों का भाग्योदय अपने पुरुषार्थ एवं वृद्धि बल से होगा। आगे काम में थोड़ा परिश्रम करने से अपको मनवांछित लाभ की प्राप्ति होगी। अक्टूबर माह विद्यार्थियों के लिए उत्तरार्द्ध जनक होगा। नवंबर का मध्य महीनाओं के लिए दाम्पत्य जीवन सुखी व समृद्धशाली विशेष रूप से रहेगा। यात्रा के संयोग बन रहे है। इसलिए अपनी तैयारी पहले से ही करके रखें। । दिसंबर से 15 जनवरी 2027 तक हनुमान जी पर प्रत्येक शनिवार को सफेदी के तेल में सिंदूर मिलाकर चढ़ाना शुभ रहेगा। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 29 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, एकादशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 16, शब्बान 9, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार औरंगे तारीख 29 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, ऋतु शीत, हिंदित जगु। राहु काल अवधि 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। एकादशी तिथि अवधि। बजकर 56 मिनट तक के बाद द्वादशी तिथि का अंश। रोहिणी नक्षत्र सुबह 7 बजकर 32 मिनट तक के बाद मृगशिरा नक्षत्र का अंश। पेट शेर योग है 8 बजकर 28 मिनट तक इसके बाद तैहरी योग का अंश। विष्टि करण अवधि। बजकर 56 मिनट तक के बाद बालव करण का अंश। चंद्रमा शाम 6 बजकर 31 मिनट तक वृष के बाद मिथुन राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

		8			6	9	4	
	5				2		8	
2					9	1		
7	4						9	
5		9				3		7
	2						6	4
		2	7					6
	7		4				3	
	9	1	2			7		

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बटबुद बुटबुद
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अनेय कृष्ण
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भड़े
14:00 चक्रधारी अनेय कृष्ण
15:00 टिंटिल कृष्ण
17:00 बबलू डबलू
19:00 चक्रधारी अनेय कृष्ण

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-27-2026 23:53 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 28 जनवरी 2026 > माघ 8 शक संवत 1947 माघ शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 80, संख्या 24 > पेज 18 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक सदस्यों पर ही लागू

www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का ऐक प्रति प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs न्यूज़ीलैंड

चौथा T20 7:00pm से, विशाखापत्तनम में स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

▶ देखें खेल पेज

हार्वर्ड की इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगी प्रियंका चोपड़ा

▶ p15

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें 3, 11 और खेल पेज

फटाफट खबरें

अरिजीत सिंह ने छोड़ी प्लेबैक सिंगिंग

बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि वह प्लेबैक सिंगर के रूप में अपनी यात्रा को विराम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नया अनाउनमेंट नहीं लेंगे। ▶▶ पेज 11

'उज्जैन महाकाल' से जुड़ी अर्जी नहीं सुनी

मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में VIP दर्शन और गर्भगृह में स्पेशल पूजा की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के हस्तक्षेप की एक सीमा होती है।

एसिड अटैक मामलों में SC ने मांगी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक के मामलों में मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जानकारी देने को कहा। कोर्ट ने कहा कि कुल केस, कोर्ट में उनकी स्थिति और डिस्ट्रिक्ट के पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों का विवरण पेश करें। ▶▶ पेज 11

NBT का नया अभियान

सड़क पर गड्ढे हैं, नाले खुले हैं तो फोटो भेजें, अधिकारियों से जवाब हम मांगेंगे...

NBT जवाब हम लेंगे

देखें पेज 2

हैपी मॉर्निंग

अकबर ने बीरबल से 3 सवाल पूछे और कहा कि तीनों का जवाब एक ही होना चाहिए।
1. दूध क्यों उफन जाता है?
2. पानी क्यों बह जाता है?
3. सब्जी क्यों जल जाती है?
बीरबल ने जवाब दिया, रीत्स चालू होने की वजह से।

अर्थसार

सेंसेक्स	81,857.48	(+319.78)
निफ्टी	25,175.40	(+126.75)
रु/यूएस डॉलर	91.82	(+0.20)
रु/यूरो 109.06		(+1.44)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,66,000 (+7,300)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,70,000 (+40,500)

मौसम

अधिकतम तापमान 16.9°

8.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5:56 | सूर्यास्त 7:12

बुधवार को बादल छा जाएंगे। मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है।

भारत और EU के बीच ट्रेड डील पर बातचीत हुई पूरी

यूरोप बोला मेड इन इंडिया

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: US से टैरिफ पर तनाव के बीच भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) के बीच फ्री ट्रेड अग्रीमेंट (FTA) की राह बन गई। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत-EU शिखर सम्मेलन में बातचीत पूरी होने का ऐलान किया। EU प्रेजिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की मौजूदगी में पीएम ने इसे ऐतिहासिक बताया। सम्झौते से भारत से यूरोप भेजे जाने वाली 93% चीजों पर टैरिफ खत्म हो जाएगा। फुटवेयर, टेक्सटाइल्स, समुद्री उत्पादों, जेम-ज्वेलरी, दवाओं, खाद्य, कॉफी, मसाला सहित एग्री प्रोडक्ट्स के निर्यात को फायदा होगा। भारत से EU को होने वाले निर्यात के 99% तक हिस्से पर टैरिफ में छूट मिलेगी। मल्टीनैशनल कंपनियों के लिए एक मेसेज होगा कि वे भारत में फैक्ट्री लगाकर यहां से निर्यात करें तो EU के 27 देशों में उन्हें ड्यूटी ड्यूटी में बड़ी छूट मिलेगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि समझौता इसी साल लागू हो जाएगा। ▶▶ पेज 13

US से टैरिफ पर तनाव के बीच भारत के लिए राहत

PTI

लगी पर मुहर पीएम ने ट्रेड डील पर बातचीत पूरी होने का ऐलान किया।

6.4 लाख करोड़ का निर्यात भारत ने 2024-25 में किया था

2.87 लाख करोड़ से अधिक के एक्सपोर्ट पर 27 देशों में टैरिफ जीरो हो जाएगा

99% भारत के निर्यात को EU में वैल्यू के आधार पर छूट

25% भारत और EU का हिस्सा है ग्लोबल GDP में

> यह समझौता अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता है। यह डील भारत को दुनिया में मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।
> -नरेन्द्र मोदी, पीएम

> हम 2 अरब लोगों के लिए बाजार बना रहे हैं। यह दुनिया की दूसरी और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की कहानी है।
> -उर्सुला वॉन डेर लेयेन, अध्यक्ष, EU

EU से सामान पर ड्यूटी घटेगी

यूरोप से आने वाली मर्सडीज, लैंबोर्गिनी, पोर्श, ऑडी और BMW जैसी लग्जरी कारों के दाम घट सकते हैं। प्रीमियम कारों पर भारत 70% से 110% तक कस्टम्स ड्यूटी लगाता है। इसे चरणबद्ध ढंग से घटाकर 5 वर्षों में 10% किया जाएगा। यूरोप से आने वाली वाइन पर टैरिफ 20% तक किया जाएगा। ब्रेड, पेस्ट्री, बिस्किट और चॉकलेट जैसे प्रोसेस्ड फूड पर टैरिफ 50% तक है, जिसे धीरे-धीरे घटाकर खत्म कर दिया जाएगा।

भारतीय प्रफेशनल्स को भी मिलेगा फायदा

यूरोप ने सर्विसेज के 144 सब-सेक्टर्स में भारतीय प्रफेशनल्स को रियायत देने की हामी भरी है। इससे भारत के IT, एजुकेशन और दूसरी बिजनेस सर्विसेज के पेशेवर लोगों को यूरोप में काम करने में आसानी होगी। यूरोप में पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्क वीजा के बारे में भी बात की गई है। प्रफेशनल्स के घरवालों की आसान आवाजाही हो सकेगी।

UGC नियम पर मंत्री ने कहा, किसी के साथ गलत नहीं होगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

UGC के नए नियमों के विरोध के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि किसी के साथ गलत नहीं होगा। शिक्षा मंत्रालय कानूनी सलाह भी ले रहा है।

धर्मेंद्र प्रधान

प्रधान ने कहा कि वह भरोसा दिलाते हैं कि अत्याचार के लिए इन प्रावधानों का दुरुपयोग नहीं करने दिया जाएगा। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में आई है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। UGC के सूत्रों ने कहा कि अगर किसी भी छात्र के साथ भेदभाव होता है तो वह शिकायत कर सकता है। सम्मान के प्रमुख और भेदभाव रोकने वाली कमिटी हर छात्र की शिकायत सुनेगी।

PTI

विरोध दिल्ली समेत कई शहरों में नियम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

छात्रों का आरोप, अराजकता फैलेगी

जनरल कैटिगरी के छात्रों ने दिल्ली समेत कई शहरों में UGC नियमों के खिलाफ प्रदर्शन किया। UGC हेडक्वार्टर के बाहर स्टूडेंट्स ने कहा कि नए नियम परिसरों में अराजकता पैदा कर सकते हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक दलों के भीतर भी उबाल है। BJP के अंदर भी इस नियम का विरोध हो रहा है। ▶▶ पेज 16

बारिश-ओले गिरे, पर प्रदूषण कम नहीं, AQI 336 रहा

■ बारिश और ओले गिरने के बाद भी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को प्रदूषण कम नहीं हुआ। दिल्ली का AQI 336 रहा। 4 साल में जनवरी में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। अनुमान है कि बुधवार को भी बादल छाए रहेंगे। ▶▶ पेज 4

मेट्रो मयूर विहार फेज-3 से शास्त्री पार्क तक जाएगी

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: मयूर विहार फेज-3 से शास्त्री पार्क तक करीब 13.19 किमी लंबे कॉरिडोर का डीपीआर DMRC ने केंद्र और दिल्ली सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा है। इस कॉरिडोर के बनने से गांधी नगर, गांधी नगर मार्केट, सीता कॉलोनी और मदर डेयरी जैसे इलाके मेट्रो नेटवर्क से कनेक्ट होंगे। ▶▶ पेज 3

युवराज केस: कोर्ट ने पूछा, अथॉरिटी आरोपी क्यों नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: युवराज की मौत के मामले में बिल्डरों की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने पूछा कि केस में नोएडा अथॉरिटी को आरोपी क्यों नहीं बनाया? कोर्ट ने पूछा, 'बिल्डर ने 500 पन्नों की जो रिपोर्ट दी, उसमें क्या है? विवेचक ने कहा- 'पढ़ नहीं सके हैं।' इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। ▶▶ पेज 2

संसद का बजट सत्र आज से, विपक्ष की मांग नहीं मानी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है और एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' और SIR पर चर्चा की मांग की, जिसे सरकार ने नहीं माना। कांग्रेस ने कहा कि वह विदेश नीति, टैरिफ, रुपये में गिरावट आदि मुद्दे उठाएगी। ▶▶ पेज 12

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-27-2026 22:21 Color:

कोर्ट ने पुलिस को फटकारा

अथॉरिटी पर ऐक्शन क्यों नहीं?

नोएडा सेक्टर-150 में गड्ढे में डूबने से हुई थी इंजिनियर युवराज की मौत

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

नोएडा के सेक्टर-150 में बेसमेंट में भरे पानी में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दर्दनाक मौत के मामले में मंगलवार को मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि नाला टूट गया था तो क्या इसमें प्राधिकरण की कोई जवाबदेही नहीं थी? आपने बिल्डर और कर्मचारी अरेस्ट कर लिए, लेकिन प्राधिकरण पर क्यों कार्रवाई नहीं की? अदालत ने विवेचना में ढिलाई बरतने पर विवेचक को कड़ी फटकार भी लगाई। सीजेएम ने कहा कि विवेचक को अगली तारीख पर पूरी तैयारी के साथ आने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद रिपोर्ट का अध्ययन नहीं किया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गंभीर घटना में जांच एजेंसी से पूरी तत्परता और जिम्मेदारी की अपेक्षा होती है। इस दौरान अदालत ने लोटस ग्रीन से जुड़े आरोपी रवि बंसल और सचिन करनवाल की न्यायिक हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ा दी, जबकि एमजेड विजटाउन प्लानर्स के डायरेक्टर अभय कुमार की न्यायिक हिरासत 2 फरवरी तक बढ़ाई गई है।

पुलिस दबाव में आनन-फानन में गिरफ्तारी की गई : मामले की सुनवाई दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुई। लोटस ग्रीन बिल्डर की ओर से पेश वकीलों ने अदालत में दलील दी कि जिन दो को पुलिस ने अरेस्ट किया है, वे न तो कंपनी के डायरेक्टर हैं और न मुख्य निर्णय लेने वाले अधिकारी। दोनों आरोपी केवल वेतनभोगी कर्मचारी हैं और उन्हें महज मुनीम या जूनियर स्टाफ की तरह काम करने वाला बताया गया। वकीलों ने कहा कि बिना पूरी जांच के, प्रशासनिक और पुलिस दबाव में आनन-फानन में गिरफ्तारी हुई और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का भी पालन नहीं हुआ। अदालत को बताया गया कि कंपनी द्वारा 500 पेज की विस्तृत रिपोर्ट पेश की गई है, जिसमें घटनास्थल से जुड़ी तकनीकी जानकारियां, GPS युक्त सैटेलाइट इमेज व पुराने रिकॉर्ड शामिल हैं।

फंड पास होने के बाद भी नहीं हुआ काम: अधिवक्ताओं का कहना था कि वर्ष 2021 में जिस नाले के टूटने की बात सामने आई, उसी समय से वहां पानी भरने की स्थिति बनी हुई थी। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण को पूर्व में ही सूचना दी गई थी और मरम्मत के लिए फंड भी स्वीकृत हुआ था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्य नहीं कराया गया। ऐसे में पूरे मामले की जिम्मेदारी केवल छोटे कर्मचारियों पर डालना न्यायसंगत नहीं है।

कोर्ट ने कहा, नाला टूट गया था तो क्या इसमें प्राधिकरण की कोई जवाबदेही नहीं थी?

चल रही जांच

- सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत मामले में तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी
- लोटस ग्रीन के कर्मचारी रवि बंसल व सचिन करनवाल की न्यायिक हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ी
- एमजेड विजटाउन बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर अभय कुमार 2 फरवरी तक रहेंगे जेल में
- सीजेएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान विवेचक की तैयारी पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन के पालन पर भी बहस

'सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस भूली पुलिस'

एमजेड विजटाउन बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर अभय कुमार के मामले में भी उनके अधिवक्ताओं ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के दौरान कानूनी प्रक्रियाओं और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। इस पर अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 2 फरवरी 2026 तक बढ़ाते हुए अगली सुनवाई की तारीख तय की। सीजेएम ने आदेश में कहा कि अगली तारीख पर विवेचक को पूरी फाइल, सभी दस्तावेजों के अध्ययन और तथ्यों के साथ अदालत में उपस्थित होना होगा।

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

सवाल ये है कब तक? समस्या दिखती है, जिम्मेदारी गायब रहती है। दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर मौजूद ये नाले और गड्ढे अचानक नहीं बनते।

ये सिस्टम की लापरवाही, खराब प्लानिंग और जवाबदेही की कमी का नतीजा है। कोई चेतावनी बोर्ड नहीं, कोई बैरिकेडिंग नहीं। जब हादसा होता है, तब जिम्मेदारी एक विभाग से दूसरे विभाग में घूमती रहती है।

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा, सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक ये इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

इस अभियान में आप हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अगर आपके इलाके में:

- खुला नाला है
- पानी से भरा गड्ढा
- रोड टूटी या गड्ढे हैं
- हादसे का खतरा है

उसकी फोटो खींचिए, जगह का नाम/लोकेशन लिखिए, हमें भेजिए।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं। 9220747220

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

NBT जवाब हम लेंगे

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे, यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

क्योंकि सवाल जब सार्वजनिक होते हैं, तभी जवाबदेही बनती है। ये सिर्फ खबर नहीं, आपकी और हमारी सुरक्षा का सवाल है। आज जो गड्ढा किसी और के लिए खतरा है, कल वही आपके बच्चे, माता-पिता या आपके लिए जानलेवा हो सकता है।

9 साल की लापरवाही, अब पानी निकालने की याद आई

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

सेक्टर-150 स्थित नोएडा सिटी के एसर्स-2 ए-3 प्लॉट पर हुए दर्दनाक हादसे ने अथॉरिटी, बिल्डर और सिस्टम तीनों की वर्षों पुरानी लापरवाही को बेनकाब कर दिया है। जिस गड्ढे में पानी भरने से एक युवक की डूबकर मौत हुई, वह कोई नया गड्ढा नहीं था। जानकारी के मुताबिक 2016 में संबंधित बिल्डर ने यहां बेसमेंट के लिए खुदवाने की शुरुआत की थी। 2016 से ही यहां बारिश के दौरान पानी भरने लगा था। 9 साल से बाद जब इतना बड़ा हादसा हो गया तो अथॉरिटी को इस समस्या के स्थायी समाधान की याद आई है। मंगलवार को सिंचाई विभाग को बुलाकर अधिकारियों ने मीटिंग की, जिसमें मंथन किया गया कि सेंवर के पानी को यहां से कैसे निकाला जाए। अभी भी जो आसपास के सेंवर का पानी यहां गिर रहा है, उसे यहां गिरने से कैसे रोका जाए और उसका दूसरा विकल्प क्या हो सकता है। इसका मंथन शुरू किया गया है। हालांकि पहली मीटिंग में किसी फैसले पर अथॉरिटी नहीं पहुंच पाई।

सोसायटियों का पानी भी बहाया जाने लगा

शुरुआत में यहां सिर्फ बारिश का पानी इकट्ठा होने की समस्या थी, लेकिन वर्ष 2020 से स्थिति और गंभीर हो गई, फिर आसपास की हाईराइज सोसायटीज से निकलने वाला सीवर का गंदा पानी भी इसी प्लॉट में बहाया जाने लगा। यहां सीवर का पानी भर रहा है यह पूरा मामला अथॉरिटी के संज्ञान में था। लोगों ने शिकायतें की और अथॉरिटी ने कुछ नहीं किया।

मुनेंद्र के समर्थन में उमड़ी भीड़

दलित प्रेरणा स्थल पर जुटकर किया सम्मानित

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

युवराज की जान बचाने के लिए गंदे व गंदे पानी में कूदे दिलिवरी बॉय मुनेंद्र को नोएडा में दो स्थानों पर सम्मानित किया गया। दलित प्रेरणा स्थल में इसके लिए भारी भीड़ जुटी, जिसके विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं नोएडा के नामी संगठन ने ऊपरी दबाव के बाद अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। डीडी आरडब्ल्यूए की ओर से पूर्व में अपना प्रोग्राम रद्द कर दिया था। कहा गया था कि पुलिस की उनके पास कॉल आई थी। फिर कहा गया कि 27 जनवरी को सम्मानित करने का फैसला लेंगे, लेकिन अभी इसे टाला गया है।

युवक शक्ति दल द्वारा दलित प्रेरणा स्थल पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें भारी भीड़ जुटी। यहां युवाओं ने मुनेंद्र को भरोसा दिलाया कि इस सच्चाई की लड़ाई में उन्हें झुकने नहीं दिया जाएगा और इंसाफ के साथ कोई समझौता नहीं होगा। इसके अलावा सेक्टर-37 में दलित उत्थान समिति ने भी मुनेंद्र को शॉल ओढ़ाकर और गुलदस्ता भेंट कर उनकी बहादुरी की सराहना की। वहीं किसान संगठनों की ओर से एक सभा बुला कर सम्मान किया गया।

सामाजिक संगठनों ने बढ़ाया गवाह मुनेंद्र का हौसला

गणतंत्र दिवस समारोह, 2026 के अंतर्गत, बीटिंग रिट्रीट समारोह 29.01.2026 को विजय चौक पर आयोजित किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बीटिंग रिट्रीट समारोह और राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन की रोशनी देखने की विस्तृत यातायात व्यवस्था की है।

यातायात प्रतिबंध

निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध 29.01.2026 को 1400 बजे से 2130 बजे तक लागू रहेंगे।

1. विजय चौक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेगा।
2. निम्नलिखित मार्गों पर यातायात की अनुमति नहीं होगी:–
   (ए) आर/ए सुनहरी मस्जिद और आर/ए कृषि भवन के बीच रफी मार्ग।
   (बी) रायसीना रोड आर/ए कृषि भवन से विजय चौक की ओर।
   (सी) आर/ए दारा शिकोह रोड, आर/ए कृष्णा मेनन मार्ग और आर/ए सुनहरी मस्जिद से आगे विजय चौक की ओर।
   (डी) विजय चौक और "सी" हेक्सागन के बीच कर्तव्यपथ।

आम जनता/मोटर वालकों को वैकल्पिक मार्ग यानी रिंग रोड, वंदे मातरम् मार्ग, अरबिंदो मार्ग, मदरसा टी-प्वाइंट, सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड, मिंटो रोड आदि लेने की सलाह दी जाती है।

बसों के लिए मार्ग परिवर्तन

आमंत्रित लोगों और दर्शकों के वाहनों की सुविधा के लिए और समारोह स्थल और इंडिया गेट के आसपास की सड़कों पर यातायात की भीड़ से बचने के लिए 29.01.2026 को 1400 बजे से 2130 बजे तक डी.टी.सी. और अन्य सिटी बसों को उनके सामान्य मार्गों से मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। बसों का मार्ग परिवर्तन इस प्रकार रहेगाः–

1. शांति पथ–विनय मार्ग–सरदार पटेल मार्ग से आने वाली केंद्रीय सचिवालय और कनॉट प्लेस जाने वाली बसें पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग–वंदे मातरम् मार्ग–आर/ए शंकर रोड–शेख मुजीबुर रहमान रोड से जाएंगी।
2. केंद्रीय सचिवालय आने वाली बसें उद्यान मार्ग पर समाप्त होंगी और काली बाड़ी मार्ग–मंदिर मार्ग–शंकर रोड के रास्ते वापस आएंगी।
3. कनॉट प्लेस जाने वाली बसें मंदिर मार्ग–काली बाड़ी मार्ग–जी.पी.ओ.–बाबा खड़क सिंह मार्ग से जाएंगी और कनॉट प्लेस पहुंचेंगी और भगत सिंह मार्ग–पेशवा रोड–मंदिर मार्ग–शंकर रोड और वंदे मातरम् मार्ग से होकर वापस आएंगी।
4. दक्षिणी दिल्ली से तुगलक रोड पर आने वाली और कनॉट प्लेस/केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसों को अरबिंदो चौक से सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग की ओर मोड़ दिया जाएगा और क्रम संख्या 1 में उल्लेखित मार्ग का पालन किया जाएगा।
5. मंडी हाउस और फिरोजशाह रोड आने वाली और बारासंभा रोड से कनॉट प्लेस जाने वाली बसें शिवाजी स्टेडियम पर समाप्त होंगी और कस्तूरबा गांधी मार्ग/बारासंभा रोड से वापस लौटेंगी।
6. शाहजहां रोड पर कनॉट प्लेस की ओर आने वाली बसें अरबिंदो चौक–सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग और उससे आगे होते हुए शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी।
7. दक्षिण की ओर से आने वाली पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट की ओर जाने वाली बसें एआईआईएमएस से रिंग रोड से धौला कुआं और फिर वंदे मातरम् मार्ग, रानी झांसी रोड की ओर जाएंगी।
8. आश्रम की ओर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट आने वाली बसें आश्रम चौक–वंदे मातरम् मार्ग से सराय काले खां के लिए राजघाट होते हुए जाएंगी।
9. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, कश्मीरी गेट से आने वाली और दक्षिण और दक्षिण पूर्व की ओर जाने वाली बसें दिल्ली गेट–जवाहरलाल नेहरू मार्ग–राजघाट–रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से चलेंगी।
10. विकास मार्ग से आने वाली और दक्षिण की ओर जाने वाली बसें रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से जाएंगी।
11. कनॉट प्लेस से कस्तूरबा गांधी मार्ग होते हुए इंडिया गेट की ओर आने वाली बसें मिंटो रोड–डीडीयू मार्ग–आईपी. फ्लाईओवर–रिंग रोड–सराय काले खां से चलेंगी।

आम जनता के लिए निर्देश

किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति के देखे जाने की स्थिति में, ड्यूटी पर तैनात निकटतम पुलिस अधिकारी को जानकारी दी जानी चाहिए। आम जनता और मोटर वालकों को सलाह दी जाती है कि वे धैर्य रखें, असुविधा से बचने के लिए तदनुसार यात्रा करें। यातायात नियम और सड़क अनुशासन और यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और यातायात पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल और हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से अपडेट रहें। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की
वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in
फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic
एक्स हैंडल https://x.com/dtptraffic
इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic
के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं।
वाट्सएप नंबर 8750871493
हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444

पार्किंग

रफी मार्ग और "सी" हेक्सागोन के बीच जल पैनलों के पीछे विजय चौक पर रोशनी देखने आने वालों के लिए वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी (शाम 7.00 बजे के बाद)

DIPR8647/2026

यातायात प्रहरी बनें | से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | जानकारी साझा करने के लिए 14547 पर कॉल करें | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-27-2026 23:06 Color:

कॉपर की कीमतों में उछाल, एसी-फ्रिज हो गए महंगे

पिछले साल केंद्र सरकार ने इन सामानों पर जीएसटी रिफॉर्म का जो फायदा दिया था, अब लोगों को नहीं मिल सकेगा

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की सोच रहे हैं तो एक बुरी खबर है। कॉपर (तांबा) की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर अब सीधे बाजार में दिखने लगा है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में हर हफ्ते कीमतों में बदलाव हो रहा है। इससे कारोबारियों की टेंशन बढ़ गई है। दावा है कि जनवरी में ही एसी, फ्रिज समेत कई इलेक्ट्रॉनिक आइटम के दाम में तेजी आ चुकी है। साथ ही आने वाले दिनों में कॉपर से बने हर आइटम की कीमत में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यानी बढ़ती महंगाई की वजह से जीएसटी रिफॉर्म का फायदा लोगों को नहीं मिल सकेगा।

जानकारी के मुताबिक, एसी, फ्रिज, पंखे समेत कई ऐसे आइटम हैं, जिनका इस्तेमाल हर घर में होता है। पिछले साल केंद्र सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म का तोहफा दिया था, जिससे कार से लेकर एसी, टीवी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक आइटम की कीमतों में गिरावट आई है। लोगों ने सरकार की इस पहल की जमकर तारीफ भी की, लेकिन अब यह राहत मिलना मुश्किल हो जाएगा। यह कहना है कि कमला नगर मार्केट के इलेक्ट्रॉनिक आइटम के कारोबारी विकास तनेजा का। उन्होंने बताया कि बीते दो महीने में कॉपर के रेट में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यानी एक हजार रुपये प्रति किलो मिलने वाला कॉपर अब लगभग 1400 रुपये का हो गया है। इसका असर अब बाजार पर पड़ने लगा है। जनवरी के शुरुआत में एसी, फ्रिज, पंखा बनाने वाली कई कंपनियों ने रेट बढ़ा दिए हैं। आशंका है कि अगले महीने से इन आइटमों की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी।

- जनवरी की शुरुआत में ही एसी, फ्रिज, पंखा बनाने वाली कई कंपनियों ने रेट बढ़ा दिए हैं
- कारोबारियों के अनुसार बीते दो महीने में कॉपर के रेट में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है
- आने वाले दिनों में कॉपर से बने हर आइटम की कीमत करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी

'आम लोगों से लेकर कारोबारी टेंशन में'

दरियागंज के कारोबारी राजीव अग्रवाल ने बताया कि कॉपर के रेट में हो रही बढ़ोतरी ने आम लोग से लेकर कारोबारियों की टेंशन बढ़ा दी है। कंपनियों ने एसी, फ्रिज की कीमत बढ़ा दी है। ऐसे में नए स्टॉक की खरीद के लिए कारोबारियों की जेब पर असर पड़ रहा है। इसकी वजह से ग्राहकों को भी आने वाले दिनों में महंगाई झेलनी पड़ेगी। यानी गर्मी में एसी के दाम में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है।

मेट्रो...मयूर विहार फेज़-3 टु शास्त्री पार्क

इस कॉरिडोर से पिंक, ब्लू और रेड लाइन कनेक्ट हो जाएंगे

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(DMRC) वर्तमान में मेट्रो फेज-4 कॉरिडोर पर काम कर रही है। साथ ही फर से 500-800 मीटर की दूरी पर मेट्रो की कनेक्टविटी योजना के तहत भी काम कर रही है। उसी के तहत फेज-5B में तीन छोटे-छोटे कॉरिडोर तैयार किए गए हैं, जिसकी मंजूरी मिल चुकी है। अब मेट्रो फेज-5बी के लिए पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले अंदरूनी इलाकों को भी कनेक्ट करने के लिए 13.19 किलोमीटर के नए कॉरिडोर की योजना भी बना ली है।

केंद्र और दिल्ली सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा

जानकारी के मुताबिक दिल्ली मेट्रो ने फेज-5बी में मयूर विहार फेज-3 से शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन तक के 13.19 किलोमीटर का कॉरिडोर तैयार किया है। इस कॉरिडोर के बनने से तीन कॉरिडोर पिंक, ब्लू और रेड लाइन कॉरिडोर आपस में कनेक्ट हो जाएंगे। मेट्रो ने इसका डीपीआर तैयार करके अगस्त 2025 में केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय और दिल्ली सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। डीपीआर के मुताबिक इस कॉरिडोर के बनने से रोजाना सड़कों से हजारों गाड़ियों को कम किया जा सकेगा।

पूर्वी दिल्ली से कश्मीरी गेट की दूरी होगी कम: वर्तमान में अगर मयूर विहार फेज-2, 3, पंडव नगर, लक्ष्मी नगर, गांधी नगर या त्रिलोकपुरी से भी किसी को कश्मीरी गेट बस अड्डे जाना है तो उसे पहले ब्लू लाइन या पिंक लाइन पकड़कर वेलकम मेट्रो स्टेशन जाना पड़ता है। फिर वहां से रेड लाइन से मेट्रो लेकर आगे जाना होता है। मगर अब लोगों को वेलकम तक घूमने की बजाय सीधे इस नए कॉरिडोर से शास्त्री पार्क जा सकते हैं। उसके बाद रेड लाइन से शास्त्री पार्क से अगला स्टेशन ही कश्मीरी गेट है।

गांधी नगर, गीता कॉलोनी को सीधी कनेक्टविटी: वर्तमान में पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर, गीता कॉलोनी, गांधी नगर और मदर डेयरी के आस-पास की घनी आबादी वाले इलाकों में सीधे मेट्रो की कोई कनेक्टविटी नहीं है। लोगों को बस, आटोरी या ई-रिक्शा लेकर पहले ब्लू लाइन के लक्ष्मी नगर, निर्माण विहार स्टेशन या फिर पिंक लाइन के कृष्णा नगर, आईपी एक्सटेंशन मेट्रो जाना पड़ता है। अब सीधे कनेक्टविटी होने से वहां रहने वाले लोग मेट्रो नेटवर्क से कनेक्ट हो जाएंगे। इससे दिल्ली के किसी भी इलाके में आवाजाही आसान होगी।

3 नए इंटरचेंज स्टेशन भी बनेंगे

मेट्रो फेज-5बी में बन रहे मयूर विहार फेज-3 से शास्त्री पार्क कॉरिडोर पर तीन नए इंटरचेंज स्टेशन भी बनेंगे। मयूर विहार फेज-3, शास्त्री पार्क और निर्माण विहार नया इंटरचेंज स्टेशन बनेगा। यहां पर यात्री ब्लू पिंक और रेड लाइन से कनेक्ट हो पाएंगे। इससे यात्रियों का समय बचेगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्या है मेट्रो का बड़ा प्लान?

मेट्रो फेज-5 में पूरे दिल्ली-एनसीआर में डीएमआरसी का प्लान 18 नए मेट्रो कॉरिडोर बनाने का है। डीएमआरसी उस ग्लोबल स्टैंडर्ड को ध्यान में रखते हुए आगे की प्लानिंग कर रही है, जिसमें हर शख्स को घर के 400 से 500 मीटर के दायरे में ही कोई मेट्रो स्टेशन मिल जाए। साथ ही नेटवर्क की सभी लाइनें एक दूसरे से इस तरह जुड़ी हों, जिससे शहर के किसी भी एक इलाके से दूसरे इलाके में आसानी से पहुंचा जा सके। फेज-5 के पहले चरण के 3 प्राथमिक कॉरिडोर को पहले ही सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। अब दूसरे चरण के 18 कॉरिडोर्स की मंजूरी लेने के लिए काम चल रहा है।

रेप में सज़ा, पॉक्सो में भी था बंद, परोल लेकर भागा, पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : हाउसहेल्प की बेटी से रेप में जमानत पर आया। फिर पत्नी की सहेली की नाबालिग बहन से रेप में जेल चला गया। कोर्ट ने 2024 में हाउस हेल्प की बेटी के मामले में दस साल की सजा सुनाई। वह मई 2025 में डीमर पत्नी की देखभाल के खातिर परोल लेकर बाहर आया। इसके बाद से फरार हो गया। रेप जैसे गंभीर अपराध का आदतन अपराधी होने से पुलिस इसकी शिद्दत से तलाश कर रही थी। आखिरकार क्राइम ब्रांच ने इसे पकड़ लिया। इसकी शिनाख्त मटियाला एक्सटेंशन निवासी करण डोलतानी (33) के तौर पर हुई।

हाउसहेल्प की बेटी से रेप में 10 साल की सजा, फिर पत्नी की सहेली की नाबालिग बहन से किया रेप

डीसीपी (क्राइम) हर्ष इंदौरा के मुताबिक, करण डोलतानी पर 2016 में अपनी हाउसहेल्प की बेटी से रेप करने का आरोप लगा। मामले में छिंदपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान आरोपी 2022 में जमानत पर बाहर आ गया। इसी दौरान पत्नी की सहेली की नाबालिग बहन से बंधक बनाकर रेप और अननेचरल सेक्स का आरोप लगा। कोर्ट ने इसे हाउस हेल्प की बेटी से रेप के मामले में 2024 को 10 साल की कैद की सजा सुनाई।

पत्नी की तबीयत खराब होने का हवाला देकर मई 2025 में 28 दिन की परोल लेकर जेल से बाहर आया। फिर फरार हो गया। एसीपी राजपाल दबास की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर गौतम मलिक की टीम के कॉन्स्टेबल मुकेश को इनपुट मिले, जिनकी पुष्टि हेड कॉन्स्टेबल मंजर के टेक्निकल सर्विलांस से हो गई। फिर गुड़गांव भम्रोला टोल प्लाजा के करीब से उसे दबोच लिया।

चार्ज करते वक्त कार में लगी आग

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : कविनगर के शक्तिनगर में कारोबारी की इलेक्ट्रिक कार में सोमवार देर रात चार्जिंग के समय आग लग गई। इससे परिवार में भगदड़ मच गई। धीरे-धीरे आग भड़क गई और कार के अगले हिस्से को पूरी तरह चपेट में ले लिया। साथ ही कमरे की खिड़की और विंडो एसी में भी आग लग गई। ऐसे में पीड़ित ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

हादसे में दो भाइयों समेत 4 की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लौट रहे 5 दोस्तों की कार एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। मृतकों में दो सगे भाई हैं। दो अन्य मृतक दिल्ली निवासी बताए जा रहे हैं। वंदना एनक्लेव के रहने वाले राहुल गुप्ता और प्रिन्स भनेजा को अपने दोस्त विक्रम सिंह, पारस अग्रवाल और बलमोहन के साथ एक गाड़ी में महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने गए थे। दर्शन करने के बाद सोमवार रात सभी घर लौट रहे थे। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर रालसुवान के टीका में उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लौट रहे थे 5 दोस्त

फ्लाइट में आई खराबी, तो पैसेंजर्स को घंटों शटल में रखा, एयरलाइन पर जुर्माना

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राजधानी के एक कंज्यूमर कोर्ट ने एलायंस एयर को एक बुजुर्ग महिला यात्री को घंटों तक शटल में बंद रखने और इस दौरान रिफ्रेशमेंट व पब्लिक सुविधाओं का यूज न करने देने का दोषी ठहराया है। अदालत ने इसे सेवा में गंभीर कमी मानते हुए एयरलाइन को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साउथ दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमिशन में प्रेजिडेंट मोनिका ए श्रीवास्तव और मेंबर किरण कौशल की बेंच ने शशि सिंघाई की शिकायत को मंजूर किया। आयोग ने 23 दिसंबर 2025 को दिए आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों और एयरलाइन के जवाब से यह भी साफ है कि शिकायतकर्ता और अन्य यात्रियों को दो घंटे से ज्यादा समय तक शटल में इंतजार कराया गया।

AI Image

- एलायंस एयर को यात्री को एक लाख रुपये का जुर्माना देने का निर्देश
- रिफ्रेशमेंट और डॉरमेटरी का एक्सेस न देने का भी था आरोप

आयोग ने कहा कि अगर यह मान भी लिया जाए कि विमान में इंजिनियरिंग से जुड़ी कोई दिक्कत थी, तब भी यात्रियों को एयरपोर्ट पर ठहराया जा सकता था और उन्हें वेशरूम जैसी बेसिक सुविधाएं दी जा सकती थीं। इसके बजाय यात्रियों को शटल में बंद रखा गया और उन्हें रिफ्रेशमेंट या पब्लिक सुविधाओं का यूज करने की इजाजत नहीं दी गई। इन फैक्ट्स को देखते हुए डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कमिशन ने माना कि एलायंस एयर ने शिकायतकर्ता को सर्विस देने में गंभीर कमी की है। आयोग ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता सीनियर सिटीजन हैं और उन्हें पूरा दिन बिना खाना खाए बिताना पड़ा, जबकि उन्होंने फ्लाइट के लिए खाना बुक किया था।

छत्तरपुर की रहने वाली सीनियर सिटीजन ने शिकायत में बताया कि उन्होंने एलायंस एयर की नई दिल्ली से बिलासपुर, छत्तीसगढ़ जाने वाली फ्लाइट में खाने के साथ टिकट बुक किया था। फ्लाइट को 18 दिसंबर 2021 जब वह फ्लाइट में बैठी थीं, तभी यात्रियों को बताया गया कि प्लेन में टेक्निकल खराबी है और फ्लाइट तय समय पर उड़ान नहीं भर पाएगी। इसके बाद शिकायतकर्ता समेत सभी यात्रियों को फ्लाइट से उतार दिया गया और उन्हें दो घंटे से ज्यादा समय तक कैरियर बस या एयरपोर्ट शटल में बिना पानी और पब्लिक सुविधा के इंतजार कराया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सीनियर सिटीजन होने के साथ डायबिटिक भी हैं, जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी हुई।

एलायंस एयर पहले एयर इंडिया का हिस्सा थी। भारत सरकार द्वारा एयर इंडिया के विनिवेश के बाद यह एक पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के तौर पर काम कर रही है। एयरलाइन ने अदालत में दावा किया कि कैरियर कॉन्ट्रैक्ट के तहत उसने अपनी जिम्मेदारी पूरी की है, इसलिए सेवा में कमी या मानसिक उत्पीड़न का कोई सवाल नहीं उठता।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-27-2026 23:17 Color:

शाहबाद डेलस्तपुर। रमेश नगर। लक्ष्मी नगर। लाजवंती गार्डन। जहांगीरपुरी। वसंत कुंज। वजीराबाद। पश्चिम विहार। कीर्ति नगर। सफदरजंग एनक्लेव। महरौली। मायापुरी। शक्ति नगर। राजौरी नगर। पहाड़गंज। नारायणा। मौजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार। प्रीत विहार। वसंत विहार। ⇨⇨

प्रदूषण पर वार, बारिश की फुहार, उत्सव की बहार

दिल्ली में जल्द खुलेंगे बड़े और आधुनिक पीयूसी सेंटर

Photo: Sunil Kataria

दिल्ली में अब तक जनवरी महीने में कुल 25.3 एमएम बारिश हो चुकी है। बारिश के बाद ठंड फिर से बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में गाड़ियों की प्रदूषण जांच के लिए सरकार की बड़े व आधुनिक पीयूसी सेंटर खोलने की तैयारी कर रही है। आधुनिक तकनीकी आधारित इन पीयूसी सेंटर पर मैनुअल इंटरवेंशन बेहद कम होगा। जिससे गाड़ियों की प्रदूषण जांच में होने वाली गड़बड़ियों को रोका जा सके।

CM रेखा गुप्ता ने मंगलवार को इसे लेकर बैठक की

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को इसे लेकर एक बैठक की है। इस बैठक में परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह के अलावा पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

दिल्ली कुल 950 पीयूसी सेंटर है। अभी यह पीयूसी सेंटर बूथ की तरह छोटे-छोटे होते हैं। इसलिए कई बार गड़बड़ियों की आशंका रहती है। सभी पर निगरानी रखना संभव नहीं होता है। बीते दिनों इसे लेकर जांच अभियान चला तो गड़बड़ियां भी मिली थी, जिसमें 27 से अधिक पीयूसी सेंटर को नोटिस जारी करते हुए कुछ के लाइसेंस भी रद्द किए गए थे। इसलिए सरकार अब बड़े-बड़े सेंटर खोलना चाहती है।

अधिकारियों ने कहा प्रदूषण जांच को लेकर अलग-अलग तकनीक पर चर्चा की जा रही है। मगर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। सरकार चाहती है कि प्रदूषण जांच में गड़बड़ी रोकने के लिए तकनीकी आधारित जांच की जाए।

जनवरी में दिल्ली में हुई रिकॉर्ड बारिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में एक बार फिर बारिश के साथ ठंड बढ़ गई है। इसके साथ ही फरवरी की शुरुआत भी बारिश से होगी। मंगलवार सुबह से ही बारिश जारी रही। वहीं तापमान में बड़ी गिरावट आई। मौसम में ठंडक अभी बरकरार रहेगी। चार साल में जनवरी में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है।

आज बादल छाएंगे, हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है

मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग में 4.2 एमएम, पालम में 14.6 एमएम, लोदी रोड में 3.4 एमएम, रिज में 14.4 एमएम, आया नगर में 4 एमएम बारिश हुई। अब तक जनवरी में कुल 25.3 एमएम और पालम में 36 एमएम बारिश हो चुकी है। दोनों ही जगह पर जनवरी में इससे अधिक बारिश 2022 में हुई। 2022 में पूरी जनवरी में पालम में 110 एमएम और सफदरजंग में 88.2 एमएम बारिश हुई।

दिल्ली का अधिकतम तापमान महज 16.9 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दिन में शीतलहर की स्थिति थी, लेकिन अभी पहला दिन होने की वजह से इसे घोषित नहीं किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार आज बादल छाएंगे। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा।

तीन दिन बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खराब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजधानी में बारिश के बावजूद मंगलवार को तीन दिन बाद प्रदूषण का स्तर बढ़कर बेहद खराब हो गया। पूर्वानुमान के अनुसार यह अगले दो दिन खराब और इसके बाद बेहद खराब स्तर पर रहेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 336 रहा। फरीदाबाद का एक्यूआई 191, गाजियाबाद का 376, ग्रेटर नोएडा का 304, गुरुग्राम का 306 और नोएडा का 331 रहा। प्रदूषण का स्तर 28 व 29 जनवरी को कम होकर खराब हो जाएगा।

'भारत पर्व' के इंतज़ामों को बारिश ने धोया

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

स्वाल किला के लाहौरी गेट के सामने के बड़े मैदान में मंगलवार से शुरू हुए 'भारत पर्व' उत्सव देखने के लिए पहले ही दिन काफी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या बुजुर्गों की थी। लेकिन, बारिश के चलते उन्हें निराश होना लगी। शनिवार तक चलने वाले केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के इस कार्यक्रम में बारिश से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं। लाल किला के सामने वाले मैदान में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल की झांकियों को देखने के लिए बने 4 रास्तों में बारिश का पानी जगह-जगह भरा हुआ था। बेशक रास्ते में पतले कारपेट बिछे हुए थे, लेकिन लोग बारिश के पानी से भरे छोटे गड्ढों से बचते हुए चलने को मजबूर थे। लोगों का कहना था कि बारिश की संभावना जब पहले से जताई जा रही थी तो फिर पानी की निकासी के इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

इस उत्सव में विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति एवं पर्यटन को दिखाने के लिए 34 पर्यटन मंडप लगे हैं। देशभर के कारीगरों की कला और उत्पाद से लोगों का परिचय कराने के लिए 102 स्टॉल लगे हैं। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रीय व्यंजनों के 60 फूड स्टॉल भी लगे हैं। उत्सव में एंट्री के 6 गेटों से लोग जब अंदर आते हैं तो मालूम नहीं चलता कि झांकियों के अलावा राज्यों के मंडप और हाथकरघा के स्टॉल आदि कहां लगे हैं। साइनेज बोर्ड कहीं दिखाई नहीं देते हैं।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय करा रहा है यह कार्यक्रम

संस्कृति के रंग: इस उत्सव में विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति एवं पर्यटन को दिखाने के लिए 34 पर्यटन मंडप लगे हैं

लाल किला खुला, पर रास्ते बंद, 1400 लोग ही पहुंचे

अभी लाल किले की सुरक्षा काफी कड़ी है

अफसर बोले- 31 तक बंद हो सकता है किला, पुलिस सुरक्षा कारणों से लाहौरी गेट वाला रास्ता खोलने को तैयार नहीं

■ राम त्रिपाठी, स्वाल किला

भारत पर्व उत्सव के दौरान लाल किला को पब्लिक के लिए खोलने का अरमान लिए गया फैसला फिलहाल सफल होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को सिर्फ करीब 1400 लोग ही लाल किला देख पाए। यह संख्या अब तक की सबसे कम बताई जा रही है। आमतौर पर लाल किला में रोजाना औसतन करीब 8,000 लोग घूमने आते हैं। भारत पर्व उत्सव लाल किला के सामने वाले मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इसी वजह से वहां जाने वाले रास्तों पर पुलिस ने बैरिकेट लगाकर आवाजाही रोक रखी है। इस मामले में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने पुलिस को पत्र लिखकर लाहौरी गेट वाले रास्तों को खोलने का सुझाव दिया है लेकिन सुरक्षा कारणों से पुलिस फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है।

किले में सीधे एंट्री नहीं हो पा रही: ASI के एक अधिकारी ने बताया कि लाल किले में पब्लिक की एंट्री के लिए लाहौरी गेट ही एकमात्र रास्ता है। गौरी शंकर मंदिर के सामने से लाल किला में जाने के लिए लोगों को ज्ञान पथ से होते हुए लाहौरी गेट तक पहुंचना पड़ता है। भारत पर्व उत्सव के चलते लाल किला मैदान से सीधे एंट्री संभव नहीं है क्योंकि यहां उत्सव के मंडप लगे हुए हैं।

महानगर में आज

सुरों की शाम
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में IIC डबल बिल रीसाइटल, सी डी देशमुख ऑडिटोरियम, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार रीता दास के सरोद वादन और अनघ मणिकंदन के कर्नाटक शास्त्रीय सुरों का आनंद आज सुर प्रेमियों के बीच होगा।

कहानियों के रंग
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'पैलेट ऑफ स्टोरीज', कन्वेशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। धीरेन शसमल, गौतम दास और देवश्री शसमल की इस आर्ट एग्जिबिशन का आनंद 30 जनवरी तक लिया जा सकता है।

कलाकारा संग
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'दिद हर ड्रेयर रनिंग वाइल्ड', गैलेरिया नव्या, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। सीमा कोहली की इस

एग्जिबिशन संग कला प्रेमी कुछ मास्टरपीस निहार सकते हैं।

सपनों की जगह
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'ड्रीम्स, प्लेसेज एंड द स्पेसेज इन द्विटीन अ सोलो फोटोग्राफी', विजुअल आर्ट्स गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। गौतम मनोहर की इस एग्जिबिशन में जिंदगी के कई आयाम दिखेंगे।

कैमरे के लेंस से
ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

दिल्ली में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

भारंगम शुरू, दिल्ली में होंगे 127 नाटक

केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने किया उद्घाटन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) के 25वें 'भारत रंग महोत्सव' का आगाज हो चुका है। 'वंदे मातरम' गायन, मंगलवार को उद्घाटन समारोह में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पहुंचे। मंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है। 'भारंगम' सिर्फ रंगमंच का उत्सव नहीं, बल्कि साधकों की सामूहिक साधना का प्रसार है।

भारत रंग महोत्सव 2026 की 'रंगदूत' कलाकारा मीता वशिष्ठ, फिल्म डायरेक्टर मधुर भंडारकर क्वीर ख्वाज मेहमान पहुंचे। मंगलवार को फेस्टिवल का पहला नाटक रेखा मेहरा के निर्देशन में 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम' मंच पर उतरा। एनएसडी के डायरेक्टर चितरंजन त्रिपाठी ने बताया कि एनएसडी के क्रिएटिव कलिकुलम को बढ़ा रहे है, हर तरह के लोगों को जोड़ रहे हैं। संस्था की जिम्मेदारी के तहत हम इस फेस्ट को समाज के हर वर्ग से जोड़ रहे हैं। भारंगम के साथ 20 फरवरी तक 277 नाटक 40 शहरों और 7 देशों तक रंग प्रेमियों के बीच होंगे। दिल्ली में 127 नाटक मंच पर होंगे। पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय, सेक्स वर्कर्स, वरिष्ठ नागरिकों और वंचित समूहों की रंग प्रस्तुतियां भी मंचित की जाएंगी। इस साल 33 नाट्य प्रस्तुतियां महिला निर्देशकों की हैं, जो खुद में रिकॉर्ड है। फेस्ट में 19 यूनिवर्सिटी, दिल्ली की अकादमियों की 14 प्रस्तुतियां शामिल है। महोत्सव के साथ पूर्वोत्तर नाट्य समारोह, पपेट थिएटर, डांस ड्रामा, संस्कृत नाट्य उत्सव और माइमो ड्रामा फेस्टिवल भी होंगे। NSD के पूर्व निदेशक इब्राहिम अल्काजी पर विशेष संगोष्ठी भी रखी जाएगी।

सूरजकुंड मेले में 35+ देश करेंगे शिरकत!

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद: सूरजकुंड इंटरनैशनल क्राफ्ट मेले के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मेले में अभी तक 35 से अधिक देशों ने आने की शांति दे दी है। वहीं, 10 से अधिक देशों से बुधवार तक सहमति आने की उम्मीद है बता दें कि इस बार सूरजकुंड इंटरनैशनल क्राफ्ट मेले का आयोजन 31 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मेले में इस बार यूपी व झेलाव को थीम स्टेट बनाया गया है।

अस्पतालों के बाहर रैन बसेरों की अव्यवस्था पर DUSIB को दिया आदेश

हर साल बनाओ शॉर्ट टर्म प्लानः HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने रैन बसेरों में सुविधाओं की कमी और सरकारी अस्पतालों के बाहर मरीजों व उनके तीमारदारों को होने वाली परेशानियों पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (DUSIB) को निर्देश दिया है कि वह हर साल एक शॉर्ट टर्म प्लान तैयार करे, ताकि शीतलहर और लू जैसी आपात स्थितियों में मरीजों और तीमारदारों को होने वाली दिक्कतों से तत्काल निपटा जा सके।

खुद लिया मामले में संज्ञान: चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच एक न्यूज रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले में सुनवाई कर रही थी। इसमें एम्स (AIIMS) जैसे बड़े सरकारी अस्पतालों के बाहर रैन बसेरों की कमी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को फुटपाथ पर रात गुजारने को मजबूर होने का मुद्दा उठाया गया था।

बैठक की रिपोर्ट और एम्स के कदम: कोर्ट के पिछले आदेश के अनुपालन में 24 जनवरी 2026 को सर्कल कोर्ट कॉम्प्लेक्स में प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज (साउथ) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। सुनवाई के दौरान एम्स प्रशासन ने सफदरजंग, लेडी हार्डिंग और अरुणा आसफ अस्पताल परिसर के पास रैन बसेरों की स्थिति पर रिपोर्ट पेश की। एम्स ने बताया कि शेल्टरों की क्षमता बढ़ाने और वहां रहने वाले को भोजन व बुनियादी सुविधाएं देने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं।

व्हीलचेयर की सुविधा और NGO का सहयोग: डिस्ट्रिक्ट जज की रिपोर्ट में शेल्टरों में व्हीलचेयर की कमी पर चिंता जताई गई थी। इस दौरान एनजीओ 'सेंटर फॉर सोशलिस्टिक डेवलपमेंट' ने DUSIB को 10 व्हीलचेयर देने की पेशकश की, जिसे कोर्ट ने तुरंत स्वीकार करने का निर्देश दिया। बेंच ने स्पष्ट किया कि यदि और व्हीलचेयर की जरूरत पड़ती है, तो DUSIB अपनी व्यवस्था खुद करेगा।

सीजन के अनुसार तैयार होगी रणनीति: कोर्ट ने भविष्य की योजना के लिए स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित की है। इसमें कहा गया है कि गर्मियों के लिए DUSIB हर साल जनवरी और फरवरी में प्लान तैयार करेगा, जिसे मई-जून (जरूरत पड़ने पर जुलाई-अगस्त तक) तक लागू किया जाएगा।

6 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

हाई कोर्ट ने कहा कि योजनाएं तैयार होने के बाद डिस्ट्रिक्ट जज उसकी रिपोर्ट पेश कर बताएंगे कि इन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई अब 6 अप्रैल को होगी।

जिस मकान पर लोन लिया, उसे साज़िश कर बेच दिया

कोर्ट के ऑर्डर के बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

■ NBT रिपोर्ट, सब्जी मंडी

AI Image

एक आम आदमी के घर के सपने, ईमानदारी और जमीन हड़पने के त्रिकोण संघर्ष की आधारित फिल्म 'खेसला का घोसला' आपको जरूर याद होगी। कुछ ऐसा ही वाकया सब्जी बेचने वाले के साथ हुआ। जिसने दिल्ली में एक छत पाने को पाई-पाई जोड़ी। साढ़े 17 लाख का फ्लैट खरीदा। जिसके लिए फ्लैट के मकान मालिक ने प्राइवेट फाइनेंसर से लोन करके सब्जी वाले को बेच दिया। परिवार के साथ सुकून से कुछ दिन रह ही पाया था कि एक दिन बैंक के नाम से कर्मचारी आते हैं और उस फ्लैट पर दावा करते हैं। सब्जी वाले के पैरों तले जमीन खिसक जाती है, जब मालूम चलता है कि जिसने यह फ्लैट बेचा है, उसने एक बैंक में पहले प्रॉपर्टी गिरवी रखी हुई है। नौनिहाल परिवार और उसके सामान समेत फ्लैट से बाहर कर दिया गया। अब पीड़ित परिवार किराए के मकान में रह रहा है और परिवार समेत जिंदगी भर की लगाई रकम की सुरक्षा के लिए पुलिस से इंसाफ के लिए गुहार लगा रहा है। पुलिस ने भी प्रॉपर्टी मैटर बताकर पहले तो टरका दिया। अब कोर्ट के ऑर्डर पर सब्जी मंडी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

सब्जी मंडी का है मामला, 17.50 लाख में बेचा था

पुलिस सूत्रों के मुताबिक राम कुमार प्रजापति घंटाघर, सब्जी मंडी में रहते हैं। सब्जी बेचकर परिवार का पेट पालते हैं। इन्होंने शिकायत में बताया कि मार्च 2024 में मालूम चला था कि कटरा गुलबहार, सब्जी मंडी में 50 गज का सेकंड फ्लोर पर फ्लैट बिकाऊ है। उन्होंने फ्लैट लेने के लिए कथित मकान मालिक धर्मेंद्र कुमार सोनकर नाम के शख्स से मुलाकात की और डील 17,50,000 में कन्फर्म हुई। धर्मेंद्र ने ही लोन नेताजी सुभाष प्लेस से करा कर दिया और भरोसा दिया कि इस मकान पर पहले से कोई लोन या कोई कोर्ट केस फँसा नहीं है। जिसके बाद वे प्रॉपर्टी उसमे सेल डीड पर खरीद ली। इस सेल डीड के बाद उसने प्रॉपर्टी का कब्जा उसी दिन दे दिया। जिसके बाद से वहां इत्मीनान से अपने परिवार के साथ वहां रह रहे थे। ओरिजिनल सेल डीड लोन कंपनी के पास जमा है। राम कुमार का दावा है कि जनवरी 2025 में कुछ लोग घर आए। कोर्ट ऑर्डर दिखाते हुए कहा कि इस मकान पर डीसीबी बैंक का मालिकाना हक है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि धर्मेंद्र ने पूरे मकान को डीसीबी बैंक को गिरवी रखकर लोन ले रखा था, जो उसने नहीं भरा था। जिसकी वजह से उन्हें मकान से बाहर निकाल दिया गया। उनका आरोप है कि उन्होंने धर्मेंद्र से कई बार इस बारे में बात की, लेकिन उसने कोई सटीक जवाब नहीं दिया। बस यह कहता रहा कि "जो करना है वो करो, मैं तुम्हें नहीं जानता'। आरोपी बार-बार इस बात की धमकी देता है कि वह कोर्ट और पुलिस से नहीं डरता। परिवार को जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़ित का दावा है कि आरोपी ने उनके साथ जालसाजी की। अब अपने परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस से गुहार लगा रहा है।

अचानक चली गोली, कारोबारी की हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के सीलमपुर इलाके में मंगलवार शाम एक दुकान पर बिरयानी खा रहे जीस कारोबारी के पेट में अचानक गोली लग गई। उन्हें जख्मी हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तारिक हसन (38) के तौर पर हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती तफ्तीश में मामला हादसे का लग रहा है, जिसमें हसन के दोस्त की पिस्टल से ही गोली चली और दीवार से टकराकर लग गई।

दोस्त की पिस्टल से फायर होने की बात आई सामने

पुलिस के मुताबिक, तारिक दयालपुर इलाके के चांद बाग में रहते थे। फैमिली में पिता कैसर हसन, भाई शारिक हसन, पत्नी और दो बच्चे हैं। तारिक का जीस का बड़ा कारोबार है, जिनकी करोल बाग में दुकान है। तारिक के एक दोस्त सीलमपुर में रहते हैं, जिनके पिता की मंगलवार को मौत हो गई थी। उन्हें दोपहर खेलकम कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया, जिसमें तारिक भी शामिल हुए। वहां से वह करीब 3 बजे दोस्तों के साथ सीलमपुर के-ब्लाक स्थित बिरयानी की दुकान पर पहुंचे।

बिरयानी खाने के दौरान अचानक उनके एक दोस्त की पिस्टल से गोली चल गई, जो दीवार से टकराकर उनके पेट में जा लगी। वह खून से लथपथ होकर नीचे गिर गए। उन्हें जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने उन्हें वहां मृत घोषित कर दिया।

बिरयानी खा रहे थे तारिक हसन

भारतीय रेल

"सार्वजनिक अधिसूचना"

उत्तरी रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के संपूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि फरीदाबाद–पलवल खंड पर स्थित 220/2x25 के.वी. ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट और सब–सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि से या उसके बाद चालू कर दिया जाएगा। उसी तिथि से 2x25 के.वी. टीएसएस, एसपी और एसएसपी को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त टीएसएस, एसपी और एसएसपी के निकट नहीं जाएगा या कार्य नहीं करेगा।

अनुभाग	दिनांक
उत्तरी रेलवे के फरीदाबाद–पलवल खंड में 220/2X25KV ट्रैक्शन सबस्टेशन, एसपी और एसएसपी (रेलवे लोकोशन नंबर किमी) (एफडीबी एसपी 1512/17-19, एफडीएल एसएसपी 1507/09-11, बीवीएच टीएसएस 1499/16-18, एएसटी एसएसपी 1491/15-17, पीडब्ल्यूएल एसपी 1479/30-32) का एनर्जाइजेशन (बैक चार्जिंग) और 2x25kv एटी फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित उपकरण, गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में।	05.03.2026

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
बीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

272/2026

कागजों की शोभा में मुकदमों के शब्द

उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश
(अधोसंरचना विकास कक्ष)

क्रमांक 166(10)/अधोविक/बी-2/2025/313 भोपाल दिनांक: 23-01-26

औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI) का आमंत्रण

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अलीराजपुर, सतिया, कटनी, मंदसौर, नीमच, विदिशा जिलों में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु दिनांक 01.02.2026 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 15.02.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर संचालित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें निम्नानुसार हैं :-

1. प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000/- होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा।
2. आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवंटित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रभावी (premium) की 25% अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से अनिवार्यतः जमा करनी होगी।
3. भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई की औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट mpmsme.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

Sd/-
संयुक्त संचालक आयोग,
कुटीर आधुक्त एमएसएमई

"पॉक्सो से सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

G-24925/25

दिल्ली को कूड़े के नए पहाड़ दे रही BJP: AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की बीजेपी सरकार पर फिर हमला बोला। मंगलवार को पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी सरकार दिल्ली को कूड़े के नए-नए पहाड़ देकर इसे भारत की 'कैंसर कैपिटल' बना रही है। यह सरकार भलस्वा का कूड़ा किराड़ी में डाल रही है और वहां रह रहे गरीब-पूर्वांचलियों को कैंसर जैसी घातक बीमारियों का तोहफा दे रही है। यह कूड़ा ट्यूबवेल के पानी को जहर बनाने के लिए काफी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में करीब 15 साल एमसीडी के अंदर बीजेपी का शासन रहा और बीजेपी ने दिल्ली की जनता को तीन कूड़े के पहाड़ दिए।

किराड़ी में AAP बना रही भय का माहौल: सचदेवा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली BJP अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने AAP नेता सौरभ भारद्वाज के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा कि किराड़ी में भलस्वा के कूड़ा फेंक कर पूर्वांचल के लोगों को कैंसर जैसी बीमारियों का सरकार तोहफा दे रही है। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी 11 साल सत्ता में रही लेकिन किराड़ी के लिए कुछ नहीं किया। अब BJP सरकार उनके लिए काम कर रही है तो वह भय का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौरभ दिल्ली में द्वेष से भय का वातावरण बनाने का प्रयास है। सांसद योगेन्द्र चांदोलिया और महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह लगातार भलस्वा से किराड़ी में बेहतर हालात को लेकर निगरानी कर रहे हैं।

कहा, 11 साल तक AAP ने कुछ नहीं किया

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-27-2026 22:50 Color:

ऑपरेशन कवच
अलग-अलग मामलों में 68 लोग अरेस्ट

■ NBT न्यूज, पुष्पांजलि: ऑपरेशन कवच 12.0 अभियान के तहत बाहरी जिला में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 68 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन सेल और अलग-अलग थानों की पुलिस टीमों ने मिलकर की। इस दौरान पुलिस ने जिले की 180 जगहों पर रेड मारी और 57 FIR भी दर्ज कीं।

आरोपियों से हथियार, कारतूस, ड्रग्स आदि बरामद

डीसीपी आउटर संदिग्ध शर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के पास से हथियार, कारतूस, दर्जनों चाकू, 10 हजार से ज्यादा शराब के क्वार्टर, जुए के अड्डे से 43 हजार से ज्यादा कैश, 21 किलो गांजा और चोरी की 3 गाड़ियां बरामद की गई हैं। गिरफ्तार 68 आरोपियों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित आरोपी भी शामिल हैं। इस अभियान के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा घोषित 259 वीसी को भी चेक किया गया। इसके अलावा 76 चालान किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक इस कार्रवाई में दिल्ली एक्साइज एक्ट, NDPS एक्ट और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए हैं।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 107/151 CRPC और 126/170 BNS के तहत 60 लोगों को डिटेन किया। वहीं, 40A और 40B दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत 109 लोगों को डिटेन किया गया। इसके अलावा BNS की धारा 129 के तहत 16 लोगों को बाउंड डाउन किया गया, जबकि दिल्ली पुलिस एक्ट के तहत 43 लोगों को डिटेन किया गया है। पुलिस ने 66 दिल्ली पुलिस एक्ट के तहत 207 गाड़ियों को बाउंड भी किया है।

पुलिस को लोगों का फीडबैक

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ NBT सुरक्षा कवच अभियान का 'सेफ्टी ऑडिट'

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'NBT सुरक्षा कवच' का फोकस इस हफ्ते आउटर नॉर्थ जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया (NIA) में है। एनबीटी की टीम सुरक्षा की पूरी पड़ताल कर रही है। इसी कड़ी के तहत कुछ खास इलाकों में मंगलवार शाम को सुरक्षा ऑडिट किया गया। इन इलाकों के बारे में पुलिस की तरफ से उठाए गए कदमों की पड़ताल की। स्थानीय लोगों से सुरक्षा खामियों और खूबियों को खंगाला। खासकर NBT ने नरेला इंडस्ट्रियल इलाके के अर्बन और रूरल एरिया का मुआयना किया।

सुरक्षा ऑडिट के दौरान सेफ्टी से जुड़े मुद्दों पर लोगों से बात की गई, उन्होंने DCP हरेश्वर वी. स्वामी की तरफ से क्राइम कंट्रोल करने में उठाए गए पुख्ता कदमों की विशेषताएं बताईं। जेने कॉलोनी बवाना को जोड़ने वाले एरिया में सुरक्षा ऑडिट के दौरान NIA थाना एसएचओ मनोज कुमार व उनका स्टाफ मौजूद रहा। ऑडिट से पता चला कि पुलिस और पब्लिक साथ मिल जाएं तो दिल्ली के बाकी इलाके की तरह नरेला इंडस्ट्रियल एरिया को और भी ज्यादा सेफ बनाया जा सकता है। अधिकतर एरिया निनी कॉलोनियों और गांवों से घिरा हुआ है। स्थानीय लोग छोटे मोटे स्ट्रीट क्राइम का सामना तो करते हैं, लेकिन NIA थाने के बीट स्टाफ के क्विक रिस्पॉन्स की वजह से लोगों का भरोसा काफी मजबूत हो रहा है। यही वजह है कि स्थानीय लोगों का दावा है कि पहले की अपेक्षा स्ट्रीट क्राइम का ग्राफ अब काफी नीचे खिसकता जा रहा है।

आउटब्रूट और स्थानीय लोगों की मानें तो इलाका पहले से काफी विकसित हुआ है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के सरकारी और निजी सीसीटीवी कैमरे लैस हैं। हालांकि स्थानीय लोगों का कभी कभार स्नैचिंग या चोरी की वारदात से पाला पड़ जाता है, जिसे लेकर पुलिस हर कॉल पर एक्शन में रहती है। कच्ची कॉलोनियां भी यहां हैं। पुलिस के सामने चुनौती है कि यहां क्राइम करने के बाद अपराधी आसानी से हरियाणा में एंट्री कर जाते हैं। थाना वैसे तो पुलिसिंग के लिहाज से कई मायनों में चाक चौबंद है।

NBT सुरक्षा कवच

मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

Photos: Surender Kumar

जेजे कॉलोनी बवाना को जोड़ने वाले एरिया में सुरक्षा ऑडिट के दौरान NIA थाना SHO मनोज कुमार व उनका स्टाफ मौजूद रहा

क्या कहते हैं लोग

यह इलाका अब पहले से काफी सेफ है। क्राइम के खिलाफ लोग पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहे है। वेरिफिकेशन लगातार होती रहनी चाहिए। -मोहम्मद कलीमुल्ला

एनआईए में पुलिस की तरफ से बनाई गई नेबरहुड स्कीम काफी कारगर है। इलाके के लोगों में सौहार्द का माहौल बनाकर रखा जाता है। -मोहम्मद इजहाल

अगर चोरी या स्नैचिंग हो जाए तो कॉल मिलते ही मिनटों में बीट स्टाफ मौके पर पहुंच जाता है। ACP, SHO आए दिन गश्त की चेकिंग करते रहते है। - मोहम्मद शोएब

पुलिस आए दिन RWA पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर हाल-चाल लेते रहते है। कोई अन्य जरूरत पड़ने पर भी हर तरह का सहयोग मिल रहा है। -यश, RWA प्रेजिडेंट

पुलिस और पब्लिक ने साथ मिलकर NIA को पहले से बेहतर बनाया है। यहां सुरक्षा के हालात पहले से सुधरे है। पुलिस का रिस्पॉन्स अच्छा है। -राम लोचन गौतम

पुलिस की तरफ से बनाई गई अमन कमिटी से लोगों में सौहार्द का माहौल बनाकर रखा जाता है। इलाके में पहले असामाजिक तत्व थे, जिसमें अब काफी कमी आई है। -नीरज कुमार

BCA/ MCA AT AMITY
2026 ADMISSIONS OPEN

Students have secured placements in leading organisations like:
cisco
accenture
amazon
tcs
wipro
Deloitte.

Get real-world experience
at industry-collaborated Labs including CISCO Lab, SAP Lab, Coforge Lab...

Learn industry-relevant technical skills
Hands on practical training in programming languages, web development, app development, game design and development etc. in labs and through regular hackathons...

Dedicated Corporate Resource Centre
helps students become job-ready through placement support including Internships, Live Projects, Personality Enhancement Modules...

Exposure to emerging technologies
at one of India's most advanced supercomputing facilities with NVIDIA DGX2 A100 @ 10 Petaflop AI Servers

OTHER PROGRAMMES OFFERED
• B.Sc. (IT) • B.Sc. (AI & Data Science)
• M.Sc. (AI & Data Analytics) • M.Sc. (IT)
UG Programmes are offered in 3 year & 4 year mode

Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | Tel: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
Greater Noida: www.amity.edu/gn | T: 1800-103-3320
AMITY UNIVERSITY

गश्त के दौरान हथियार के साथ बदमाश पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के जामिया नगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नौशाद (20) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल बरामद की है।

आरोपी के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही पुलिस

आरोपी के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, जामिया नगर पुलिसकर्मी यमुना पुश्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम को देखकर सामने से आ रहे युवक ने पीछे मुड़कर भागना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास पिस्टल बरामद की गई। आरोपी की पहचान नौशाद के रूप में हुई। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है।

दो साल से गुड़गांव में फरारी काट रहा था खूंखार गैंगस्टर, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दो साल से फरार चल रहे नामी बदमाश रवींद्र देशवाल उर्फ छोटा उर्फ मोना उर्फ बेरी (35) को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट कर लिया है। यह हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना का रहने वाला है। इस पर दिल्ली-हरियाणा में दो मर्डर समेत कई संगीन अपराधों के 20 केस दर्ज हैं। दो साल से पहले जमानत पर आने के बाद यह फरार हो गया, जिसे कोर्ट ने तीन केसों में भगोड़ा करार दे रखा था। यह लूटपाट करने वाले खूंखार कृष्ण गहता गिरोह का मेंबर है।

दो मर्डर समेत 20 केसों में था वॉन्टेड

डीसीपी (क्राइम) हर्ष इंदौरा के मुताबिक, ऑपरेशन कवच के मद्देनजर सीनियर अफसरों की तरफ से फरार चल रहे गैंगस्टरर्स की धरपकड़ के निर्देश थे। इसके मद्देनजर हेड कॉन्स्टेबल अमित कुमार और सिपाही अशोक को एक वॉन्टेड इंटर स्टेट गैंगस्टर रवींद्र के बारे में सूचना मिली, जिसके काफी तादाद में आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर पवन कुमार की टीम बनाई गई। पता चला कि आरोपी समेत गिरोह के 11 मेंबरों को 2018 में हरियाणा पुलिस ने 32 लाख रुपये की डकैती के केस में पकड़ा था। आरोपी रवींद्र दो साल पहले जमानत पर बाहर आया और फरार हो गया। वह गुड़गांव में अलग-अलग टोल प्लाजा पर काम कर रहा था। पुलिस ने इसे खोजने के लिए लगातार चार हफ्ते गुड़गांव, रोहतक और सोनीपत के 25 एड्रेस वेरिफाई किए। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद ली। आखिरकार शनिवार को इसकी लोकेशन गुड़गांव में मिल गई। वह अपने रिश्तेदार के नाम से लिए फोन का यूज कर रहा था और बार-बार लोकेशन बदल रहा था। पुलिस ने गुड़गांव के आर्टेमिस हॉस्पिटल से पीछा कर इसे द्वारका एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर दबोचा।

कई तरह के संगीन जुर्म में रहा लिप्त

आरोपी पर मर्डर, वहशियाना हमला, अगवा कर लूटपाट करने, डकैती, ठगी-जालसाजी, रेप और आर्म्स एक्ट समेत 20 मुकदमे दर्ज मिले है। पूछताछ में इसने बताया कि वह 10वीं तक पढ़ा है और अविवाहित है। वह अपने गांव के अशोक होना के संपर्क में आया, जो कई आपराधिक केसों में शामिल रहा था। इसके जरिए ही उसने कृष्ण गहता गिरोह जॉइन किया था। यह गैंग ज्यादा लूटपाट करता था। रवींद्र अपनी गांव की रजिश में हुए मर्डर में भी शामिल रहा था। पुलिस पता लगा रही है कि यह दो साल की फरारी के दौरान किसी तरह की वारदात में तो शामिल नहीं था।

हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के अमर कॉलोनी इलाके में डीटीसी बस की टक्कर से घायल हुई बुजुर्ग महिला की लंबे इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान ऊषा नागपाल (60) के रूप में हुई है। घटना में उनके पति मोहन लाल नागपाल (63) भी घायल हुए थे। दंपति गोविंदपुरी से स्कूटी से लौट रहे थे। शिकायत मिलने पर अमर कॉलोनी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

DTC बस की टक्कर से पिछले साल हो गई थी घायल

पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में मोहन लाल नागपाल ने बताया कि वह ईस्ट ऑफ कैलाश के गढ़ी इलाके में रहते हैं। पांच सितंबर 2025 को वह अपनी पत्नी के साथ गोविंदपुरी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान श्रेखला मंडी के पास तेज रफ्तार डीटीसी की ग्रीन बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इलाज के बाद मोहन लाल नागपाल को छुट्टी दे दी गई, जबकि उनकी पत्नी का इलाज चलता रहा। इस दौरान कई बार उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई और तबियत बिगड़ने पर दोबारा भर्ती कराया गया। लंबे इलाज के बाद 18 नवंबर को ऊषा देवी की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव उनके हवाले कर दिया। पत्नी की मौत के बाद सदमे में आए पंडित ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। बाद में उन्होंने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने 24 जनवरी को इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

IEW INDIA ENERGY WEEK 2026
MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS

27 - 30 जनवरी 2026
ओएनजीसी एटीआई, गोवा, भारत
ऊर्जावान विकास.
सुरक्षित अर्थव्यवस्था. समृद्ध जीवन.

"भारत न केवल अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि विश्व के विकास को भी गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।"

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

वैश्विक ऊर्जा राउंडटेबल के लिए
भारत में विश्व के
अग्रणी ऊर्जा प्रतिनिधियों का स्वागत

गोवा में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक 2026 के अवसर पर भारत, वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के शीर्ष सीईओ और उद्योग जगत के नेताओं का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ एक विशेष राउंडटेबल चर्चा के लिए स्वागत करता है। यह संवाद सुधारों, नवाचार और सतत विकास के बल पर वैश्विक ऊर्जा भविष्य को दिशा देने में भारत की बढ़ती भूमिका को सुदृढ़ करता है। यह राउंडटेबल विश्व के साथ मिलकर विकास को गति देने, अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त बनाने और जीवन स्तर को बेहतर करने के साथ-साथ सतत, सुदृढ़ और समावेशी ऊर्जा प्रणालियों की ओर तेज़ी से बढ़ने के प्रति भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

IEW INDIA ENERGY WEEK
27 - 30 जनवरी 2026
ओएनजीसी एटीआई, गोवा, भारत
ऊर्जावान विकास. सुरक्षित अर्थव्यवस्था. समृद्ध जीवन.

गत एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र का रूपांतरण

वैश्विक नेतृत्व: • विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब, क्षमता लगभग 260 एमएमटीपीए • छठा सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क, लगभग 26,000 किमी • वर्ष 2050 तक बढ़ती वैश्विक ऊर्जा मांग में लगभग 35% का योगदान

स्वच्छ रसोई ईंधन में क्रांति: • प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.40 करोड़ से अधिक घरों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन • लक्षित 33 करोड़ घरों को एलपीजी सुविधा से जोड़ने का कार्य लगभग अंतिम चरण में • 1.50 करोड़ से अधिक घरों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) से जोड़ा गया

सतत ऊर्जा में नई कीर्ति: • नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने में विश्व में चौथे स्थान पर • स्थापित विद्युत क्षमता का 50% से अधिक हिस्सा गैर-जीवाश्म (नॉन-फॉसिल) ईंधन से प्राप्त • COP26 का लक्ष्य निर्धारित समय से पाँच वर्ष पहले पूरा

सशक्त कदम, समृद्ध गांव: • 170 कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट्स द्वारा प्रतिदिन लगभग 1,150 टन सीबीजी का उत्पादन • किसानों को लगभग ₹1.40 लाख करोड़ का भुगतान • पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण की उपलब्धि

हमसे जुड़ें: #IndiaEnergyWeek | www.indiaenergyweek.com
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 01-27-2026 22:33 Color:

स्टार्टअप को बिना गारंटी ₹10 करोड़ तक का लोन

3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सीजीटीएमएसई के साथ किया समझौता

राजधानी में स्टार्टअप, छोटे कारोबार शुरू करने के लिए अब युवाओं, व्यापारियों के आगे पैसे की कमी आड़े नहीं आएगी। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइसेस) के साथ दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम को लेकर समझौता किया है। इस योजना के तहत अब छोटे व्यापारियों को अपने व्यापार शुरू करने के लिए बिना गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का लोन मिलेगा। दिल्ली सचिवालय में हुए इस समझौते के दौरान CM रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं।

इस मौके पर रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कदम न केवल उद्यमियों के लिए पूंजी की राह आसान बनाता है, बल्कि बैंकों के जोखिम को भी कम करेगा, जिससे वे बिना किसी डर के छोटे व्यवसायों को ऋण दे सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से दिल्ली के व्यापारिक माहौल में सुधार होगा, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे, नए आइडियाज को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सीजीटीएमएसई आज पूरे देश में छोटे कारोबारियों को बिना गारंटी के लोन दिलाने में मदद करती है। महिला उद्यमियों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।

सीएम ने योजना की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत कर्ज की पूरी जिम्मेदारी सरकार और संस्था मिलकर उठाएंगी। जब कोई उद्यमी लोन लेगा तो उसका 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा सीजीटीएमएसई कवर करेगा, जबकि बचा हुआ 5 से 20 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली सरकार अपनी तरफ से देगी। इसका फायदा यह होगा कि बैंक द्वारा दिए गए लोन की 95% गारंटी सरकार की होगी, जिससे बैंकों का जोखिम घटकर सिर्फ 5 प्रतिशत रह जाएगा।

> इस पहल से दिल्ली के व्यापारिक माहौल में सुधार होगा, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे, नए आइडियाज को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ेगी। बैंकों के लिए भी जोखिम कम होगा। - *रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री*

- स्कीम के तहत कर्ज की पूरी जिम्मेदारी सरकार और संस्था मिलकर उठाएंगे
- सरकार के मुताबिक योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया है

महिलाओं के लिए लोन लेना होगा आसान

दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसे दिल्ली के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य के लिए ऐतिहासिक सौगात बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से दिल्ली के लगभग 10 लाख एमएसएमई और विशेष रूप से 2 लाख से अधिक मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बैंकों के पुराने तौर-तरीकों, जैसे ढेर सारे कागजात, अपनी संपत्ति के कागजात जमा करना और गारंटी [कोलेटरल] की शर्तों की वजह से छोटे कारोबारियों खासकर महिलाओं के लिए लोन लेना हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अब वह बाधा खत्म होगी।

50 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया है। इस फंड की गारंटी में बैंक करीब 2,500 करोड़ रुपये तक के लोन बांट सकेंगे। जरूरत पड़ने पर आगे इस बजट को बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना में 50 गुना लेवरेज रखा गया है यानी 2 करोड़ रुपये के निवेश से 100 करोड़ रुपये तक का ऋण संभव होगा।

'अपने साथ दूसरों को भी जीने दो'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में मंगलवारीय यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हमें अपने स्वभाव के अनुसार जीना अच्छा लगता है, उसी प्रकार हमें दूसरों को भी उनकी इच्छानुसार जीने की स्वतंत्रता देनी चाहिए।

ध्यान साधना: ब्रह्मकुमारीज के मालवीय नगर सेवा केंद्र में ध्यान साधना के मौके पर राजयोगिनी बहन नीरू ने कहा कि यदि आप गुणग्राही बन जाएंगे तो गुण रूपी मोती आपको स्वतः ही मिलने लगेंगे।

दो स्कूल पीएम श्री की तर्ज पर किए जाएंगे विकसित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शहदाद डेयरी और रोहिणी के स्कूलों का निरीक्षण किया

AAP पर लगाए आरोप

■ शिक्षा मंत्री ने निरीक्षण के बाद कहा, AAP सरकार के भ्रष्टाचार की करवाएंगे जांच

खाली जमीन में बनेगा हॉल, हॉस्टल

बवाना विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शहदाद डेयरी के लाल स्कूल और रोहिणी के एक निर्माणाधीन स्कूल का निरीक्षण किया। इसके अलावा मंत्री ने बवाना में रानीबा गांधी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। आशीष सूद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूल का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही दोनों को इनके पड़ोसी सेंट्रल स्कूल की तरह पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जाए।

मंगलवार को मंत्री के साथ दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह भी थे। निदेशालय के अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि शहदाद डेयरी का स्कूल 2020 में बना था मगर इमारत की जर्जर हालत को देखते हुए 2024 में इसे खतरनाक घोषित करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान देखा गया की स्कूल में कई जगहों पर प्लास्टर टूटकर गिर हुआ है। साथ ही फर्श जगह-जगह से उखड़ा हुआ था और खिड़कियों भी टूटी हालत में है। सूद ने कहा कि AAP के नेताओं ने शिक्षा क्रांति के नाम पर अंधाधुंध तरीके से यह भ्रष्टाचार का स्मारक खड़ा किया और गरीब बच्चों की शिक्षा का अधिकार छीन लिया। मंत्री ने कहा कि इसकी गहन जांच कराई जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

वहीं सूद के आरोपों पर AAP ने कहा कि शिक्षा मंत्री को राजनीतिक हथकंडा अपनाने के बजाय मामले की जांच करानी चाहिए, जिम्मेदारी तय करनी चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बवाना स्टेडियम के पास लगभग 8 एकड़ खाली पड़ी जमीन का भी दौरा किया। उन्होंने शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस भूमि का सही इस्तेमाल कर विकसित किया जाए। उन्होंने यहां मल्टीपर्पज हॉल और एक हॉस्टल बनाने और स्थानीय निवासियों के लिए डॉक्टर वगैरह बनाने को कहा। साथ ही एक प्लान तैयार कर 15 दिन के अंदर पेश करने को कहा है।

यमुना को गंदा करने वाले नालों को किया जाएगा ट्रीट

खास पौधों और बैक्टीरिया से नाले के पानी की सफाई

Sudama.Yadav@timesofindia.com

File Photo

■ **नई दिल्ली:** जिन नालों के गंदा पानी का सीधा डिस्चार्ज यमुना में है, उन नालों के पानी को ट्रीट करने के लिए सरकार ने अब नए और जैविक तकनीक की ओर कदम बढ़ाया है। सरकार ने दिल्ली के 5 बड़े नालों के गंदे पानी को बायोरेमीडिएशन, एरिएशन और रूट जोनिंग तकनीक से ट्रीट करने का प्लान बनाया है। इस तकनीक पर करीब 30 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट बनाया गया है और 5 महीनों में काम कंप्लीट करना है। बायोरेमीडिएशन तकनीक के तहत नालों के तलहटी में ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जो पानी के तैलीय पदार्थों, गंदगी और दूसरे चीजों को आसानी से अवशोषित कर पानी को साफ कर सकते हैं। जल बोर्ड अफसरों का दावा है कि जैविक पौधे गंदे पानी से बीओडी 98%, सीओडी 96% और टीएसएस लेवल 99 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं।

30 करोड़ रुपये के करीब आएगा खर्च

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार दिल्ली में कुल 22 नाले ऐसे हैं जिनके गंदे पानी का डिस्चार्ज सीधे यमुना में है। इनमें से 5 नालों की लंबाई छोटी है लेकिन यमुना के काफी करीब है। नालों के गंदे पानी को ट्रीट करने के लिए एसटीपी लगाया गया है। इसके बाद भी पानी को और अधिक साफ करने के लिए जैविक उपचार तकनीक के इस्तेमाल की योजना बनाई गई है। एक विशेष तरह की बैक्टीरिया के मिश्रण को भी नाले में डाला जाता है, जो कार्बनिक अपशिष्ट को खाकर उसे पानी और कार्बन डाइऑक्साइड में बदल देते हैं।

अभी इन पांच नालों की होगी सफाई: जल बोर्ड अफसरों के अनुसार दिल्ली गेट, ITO के पास रिंग्स ड्रेन नंबर-12A, सेन नर्सिंग होम, ISBT ड्रेन, टिफिन कॉलोनी और जैतपुर ड्रेन के गंदे पानी को बायो रेमीडिएशन तकनीक से साफ किया जाएगा।

डायलिसिस से ब्रेन हेल्थ तक, इंदिरा गांधी अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के द्वारका स्थित इंदिरा गांधी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल की सुविधाओं में इजाफा किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, डायलिसिस बेड की संख्या बढ़ाई गई है। एक्स-रे जांच के लिए नई मशीन लगाई गई है और ओटी की सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं। इसके अलावा, ब्रेन क्लिनिक शुरू किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज सिंह ने बताया कि अस्पताल की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

यह पहल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हर नागरिक को सुलभ और क्वॉलिटी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, डायलिसिस बेड और मशीनों की संख्या 35 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है।

- 500 mA एक्स-रे मशीन से होगी तेज और सटीक जांच
- एम्स के सहयोग से कॉर्नियल रिट्रीवल सेवा शुरू

ऑपरेशन थिएटर का संचालन समय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कर दिया गया है। इससे हर दिन ज्यादा सर्जरी हो सकेंगी और मरीजों को लंबे इंतजार से राहत मिलेगी।

इमरजेंसी और ट्रॉमा मामलों में बेहतर इलाज के लिए रेडियोलॉजी विभाग में 500 mA एक्स-रे मशीन शुरू की गई है। इससे गंभीर मरीजों को तेज और सटीक जांच की सुविधा मिलेगी। मई में ब्रेन हेल्थ क्लिनिक शुरू किया गया था।

इसकी वजह से यहां हर दिन करीब 20 से 30 न्यूरोलॉजी और 15 से 20 मनोचिकित्सा और काउंसलिंग से जुड़े मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां सिरदर्द, दौरे, स्ट्रोक और व्यवहार से जुड़ी समस्याओं का इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जा रहा है।

वहीं, दिल्ली एम्स के सहयोग से कॉर्नियल रिट्रीवल सेंटर शुरू किया गया है। इससे नेत्रदान को बढ़ावा मिलेगा और कॉर्निया प्रत्यारोपण से जुड़े मरीजों को लाभ मिलेगा।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE

In Loving Memory of
Sh. Padam Chand Gupta
30th October, 1954 - 28th January, 2019

A man of vision, discipline, and unwavering values.
His leadership laid the foundation of trust and excellence
that continues to define PC Jeweller today. His legacy endures
through the lives he inspired and the values he instilled.

Remembered by:
Entire Family, Management and Staff of
PCJ PC JEWELLER

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In Loving Memory of
LATE LALA HUKUM CHAND SARAF
28.01.2007
One this day of your 19th death anniversary, We pay our homage with silent tears in our eyes and respect in our hearts. May your soul rest in peace. **Prakesh, Subhash, Dr. Rakesh, Mukesh & Manju.**

CH. DEEP CHAND JI
(1916-1980)
We pay our respectful homage to an eminent educationist, noble philanthropist, and a beacon of wisdom whose lifelong dedication to the cause of inclusive and value-based education laid a strong foundation for generations. May his noble soul rest in eternal peace, and continue to inspire and guide us. **The Management, Principal, staff, and students of Deep Memorial Public School remember him with deep gratitude and reverence.**

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

In Loving Tribute

With deep sorrow we share the passing of
MR. SURESH RAHEJA
Developer, Wildlifer and Playback Singer
Let's bid farewell to our rock and rockstar

CREMATION
28th January, 2026
at 1PM at Nigambodh VIP Ghat

PRAYER MEETING
29th January, 2026 at 11AM to 12 Noon
at Munjal Hall, Arya Samaj Mandir,
GK Part-I, New Delhi

RSVP
Mrs. Savita Raheja (wife)
Smriti and Siddharth Sawhney
Shruti and Trishul Shetty
Sriroopa and Nachiketa Bajaj
and the entire Raheja Family
Mob.:- 9872300293, 9810263130

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 01-27-2026 22:41 Color:

मासूमों का आज भी है इंतज़ार...

2015 से 2025 तक खोए 8 साल तक के 5,559 बच्चे, इन्हें खोजने का रेकॉर्ड बेहतर

देश की रोजी-रोटी की तलाश में मासूम बच्चों के साथ दिल्ली आने वाले गरीब परिवारों के सपने तब बिखर जाते हैं, जब काम की आपाधापी में उनकी नजरों के सामने से कलेजे का टुकड़ा ओझल हो जाता है। दिल्ली में 0 से 8 साल के बच्चों के लापता होने के पीछे अक्सर माता-पिता की यही मजबूरी और व्यस्तता बड़ी वजह होती है। हालांकि, कुछ मामलों में मानव तस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों की भूमिका भी सामने आई है। मासूमों के गुमशुदा होने पर अश्वनी शर्मा की स्पेशल रिपोर्ट:

गुम होने में हर साल लड़के ज्यादा

दिल्ली में पिछले 11 साल में 0 से 8 साल की उम्र के 5559 बच्चे खोए। इनमें 3216 लड़के और 2343 लड़कियां रहीं। पुलिस ने 4864 को ढूंढ निकाला। हालांकि 695 परिवार आज भी अपने कलेजे के टुकड़े की बाट जोह रहे हैं। यह भी सुकून देने वाली बात है कि साल दर साल गुमशुदा मासूमों के मामले कम होते जा रहे हैं। अगर 2025 में यह आंकड़ा 850 था तो 23 दिसंबर 2025 तक यह 360 पर सिमट गया। लड़कियों की तुलना में हर साल लड़के ज्यादा गायब होते हैं। पुलिस सबसे ज्यादा 2025 में 146 बच्चों को नहीं खोज सकी, जबकि इससे पहले 2019 में 559 खोने वालों में से 119 नहीं ढूंढे जा सके थे।

बेहद कम बच्चे होते गैंग्स का शिकार

क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) में एसीपी रहे सुरेंद्र कुमार मुलिया बताते हैं कि सिर्फ 1% ही बच्चे चोरी करने वाले संगठित गिरोह के शिकार होते हैं। आधा फीसदी मामले ऐसे भी सामने आए हैं, जब किसी मासूम को किडनैप कर सतन की चाह वाले दंपती को सौंप गया हो। ऐसे अधिकतर केसों में अपराधी जानकार निकलता है। करीब 80 प्रतिशत मामलों में माता-पिता की लापरवाही से बच्चे बिछड़ते हैं। आर्थिक तंगी दूर करने के लिए दंपती काम पर निकल जाता है। बच्चे घर में अकेले होते हैं, जो खेलते-खेलते निकल जाते हैं। ज्यादा केस ह्यूमी क्लस्टर या जेजे कॉलोनी के होते हैं।

लापता में फैमिली की लापरवाही

पूर्व एसीपी मुलिया बताते हैं कि कुछ केसों की जांच में खुलासा हुआ कि हाथ में फोन, जल्दबाजी और भरोसा कि 'यहीं कहीं होगा' की सोच बच्चा खोने की वजह रहती है। बच्चा रोते-रोते किसी अनजान चेहरे के साथ चला जाता है, जिससे मां-बाप के पास पछतावे का सिवा कोई चारा नहीं रहता। चोरी करने वाले ऑर्गनाइज्ड गैंग भी ऐसे ही ह्यूमी-झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले मासूमों को अपना निशाना बनाते हैं। बहरहाल, कच्ची उम्र के बच्चों को खोजने का पुलिस का रेकॉर्ड काफी शानदार रहा है। पुलिस के सामने दो फर्स्ट मामलों में एक चुनौती खड़ी हो जाती है, क्योंकि ये बोलने-सुनने में अक्षम होते हैं।

इतने मिल गए परिजनों से

साल	बच्चा	बच्ची	कुल
2015	421	334	755
2016	384	277	661
2017	317	188	505
2018	279	219	498
2019	245	196	441
2020	164	124	288
2021	217	174	391
2022	204	137	341
2023	216	145	361
2024	141	89	230
2025	124	90	214

इनका आज तक पता नहीं

साल	बच्चा	बच्ची	कुल
2015	32	18	50
2016	31	20	51
2017	46	27	75
2018	42	28	70
2019	65	53	118
2020	22	18	40
2021	30	36	66
2022	42	29	71
2023	56	47	103
2024	45	39	84
2025	93	53	146

नोट : साल 2025 के आंकड़े 23 दिसंबर तक के हैं।

पिछले साल किडनैपिंग के सनसनीखेज केस

4 जून 2025
को सेलमपुर मेट्रो स्टेशन से डेढ़ साल के बच्चा अगवा हुआ। आरोपी देवकी का नाम सामने आया। पुलिस ने सात महीने बाद दिसंबर में इसे पकड़ा। इसने बताया कि अगस्त नगर झुग्गी निवासी मंजू के कहने पर किडनैपिंग की थी। करीब 15 दिन अपने पास रखने के बाद आर्य नगर निवासी धीर सिंह और उनकी पत्नी बनीता को डेढ़ लाख रुपये में बेचा। एक विधवा शीला का नाम भी सामने आया। पुलिस ने बच्चा बरामद कर लिया।

22 अगस्त 2025
को यूपी के बांदा के सुरेश परिवार समेत सराय काले खां अंडे पर बस का इंतजार कर रहे थे। परिवार प्लेटफॉर्म नंबर पर रुके गया। रात 11 बजे पता चला कि चार बच्चों में से सबसे छोटा छह महीने का बेटा गायब है। पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दस लोगों को गिरफ्तार कर इस गैंग का भंडाफोड़ कर दिया। इनसे छह मासूम बच्चे मुक्त कराए गए। सभी एक साल से छोटे थे, जिन्हें बेच दिया गया था।

कल पढ़ें... 8 से 12 साल के कितने बच्चे-बच्चियां गुम हुए और कितने बरामद

एयरपोर्ट पर बुजुर्ग यात्री की मौत, हाथ से गायब मिली डायमंड रिंग

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

- परिवार ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल
- टर्मिनल 3 के डिपार्चर एरिया में बिगड़ी तबीयत
- एयरपोर्ट पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है

देश के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले आईजीआई एयरपोर्ट पर चौंकाने वाला मामला सामने आया है। टर्मिनल-3 के डिपार्चर एरिया में मेडिकल इमरजेंसी के दौरान एक बुजुर्ग यात्री की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों को जब शव दिया तो पता चला हाथ से 5 कैरेट की कीमती हीरे की अंगूठी गायब है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने 24 जनवरी को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामला चार जनवरी की सुबह का है। सूत्रों के अनुसार, राजस्थान निवासी अरुण (बदला हुआ नाम) पैरेंट्स को एयरपोर्ट छोड़ने आए थे। माता-पिता सूर्य टूर में बाकू जा रहे थे। अरुण के अनुसार, बोर्डिंग प्रक्रिया के दौरान तड़के करीब चार बजे अचानक उनके पिता की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद स्टाफ ने तुरंत मेडिकल टीम को बुलाया और उन्हें सीपीआर देकर मेडिकल इमरजेंसी एरिया में शिफ्ट किया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आरोप है कि इसी आपाधापी के बीच पिता की उंगली में पहनी करीब 5 कैरेट की डायमंड रिंग गायब हो गई। परिवार का कहना है कि जब उन्हें मेडिकल सहायता के लिए ले जाया गया, उस वक्त अंगूठी मौजूद थी। एयरपोर्ट प्रशासन और कर्मचारियों से पूछताछ के बावजूद अंगूठी का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का कहना है कि यह अंगूठी सिर्फ कीमती जूलरी नहीं, बल्कि उनके लिए भावनात्मक महत्व रखता है। इस घटना ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मक्के सुरक्षित एयरपोर्ट पर ऐसी घटना हो सकती है, तो यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की हिफाजत कितनी पुख्ता है।

मेडिकल रूम में ले जाने तक थी अंगूठी

अरुण के अनुसार, घटना वाले दिन माता-पिता को छोड़ने एयरपोर्ट आए थे। इसी बीच पिता अचानक बेहोश हो गए। कुछ देर बाद पता चला कि पिता की मौत हो गई है। इस बीच एयरपोर्ट वालों ने उनके पिता का सारा सामान वापस किया। जांच में पता चला कि पिता की अंगूठी नहीं है। काफी मिन्नत करने के बाद पिता के हाथ की उंगली को चेक किया तो अंगूठी का निशान मिला। सूत्रों की मानें तो मेडिकल रूम में ले जाने तक हाथ में अंगूठी थी।

युवक को बंधक बना पीटा, FIR

■ NBT न्यूज, नोएडा: नोएडा के सेक्टर-41 स्थित अरादब्ल्यूए कार्यालय के पास एक नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट और विरोध करने पर एक शख्स को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित मास्त चंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अरादब्ल्यूए पदाधिकारी, उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि 24 जनवरी की शाम उन्होंने देखा कि तीन लोगों ने एक अज्ञात महल के बच्चे को पकड़ रखा था, जो रो रहा था। कारण पूछने पर बताया गया कि बच्चे ने चोरी की है, इसलिए उसे पीटा गया। पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना देने की बात कहने पर पदाधिकारी केशव शर्मा नाराज हो गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पीड़ित के साथ बुरी तरह मारपीट की।

सूक्ष्म जीव विज्ञान संभाग
भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012

ऑनलाइन इंटरव्यू

भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.अनुसं., नई दिल्ली-12 के सूक्ष्मजीव विज्ञान संभाग में युवा प्रोफेशनल-II (01) पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। यह कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च प्रोजेक्ट (20.77) परियोजना द्वारा पोषित है। योग्य प्रभीदवार दिनांक 06 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे में उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट http://iari.res.in देखें

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 100% सहायक वाली कम्पनी
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

भर्ती सूचना

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, पोर्ट कनेक्टिविटी सड़क, इंटर मॉडल स्टेशन, रोपवे, वे-साइड सुविधाएँ, ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने और अन्य संबंद्ध परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र. सं.	पद के नाम	पद की संख्या	मंडल/विभाग	स्थान
1	सहायक प्रबंधक	02	वे-साइड सुविधाएँ	नई दिल्ली

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया NHLML की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhlml.org@current-openings) का Careers सेक्शन देखें।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2026 है। विज्ञापन सं.: 21022026
रसद के माध्यम से व्यवसाय को सुगम बनाते हुए

फांसी घर मामले में केजरीवाल समेत चार नेताओं को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा परिसर में कथित फांसी घर के मामले में दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र बिरला को औपचारिक पत्र भेजे हैं।

इन पत्रों में बताया गया है कि विशेषाधिकार समिति ने विस्तृत जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि बार-बार नोटिस और पूरा अवसर दिए जाने के बावजूद समिति के सामने जानबूझकर उपस्थित न होना, सदन और समिति की अवमानना के समान है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, समिति ने इस पूरे मामले में घटनाक्रम की क्रमवार समीक्षा की। इसमें भेजे गए नोटिस, पत्राचार, कानूनी स्थिति और स्थापित संसदीय प्रक्रियाओं को ध्यान में रखा गया।

सचिवालय ने रिपोर्ट के आधार पर दिया है नोटिस

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों को पर्याप्त अवसर दिए गए थे और किसी भी न्यायालय से न तो कोई स्थगन आदेश था और न ही कोई निर्देश, इसके बावजूद वे समिति के सामने पेश नहीं हुए। पत्र में यह भी बताया गया है कि विशेषाधिकार समिति ने सदन से इस मामले में उपयुक्त कार्रवाई किए जाने की पेशकश की है। साथ ही, संबंधित नेताओं से कहा गया है कि वे समिति की पहले से पेश रिपोर्ट में दिए गए निष्कर्षों और सिफारिशों का संज्ञान लें।

Raymond upto 60% off
Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics
FESTIVAL & WEDDING COLLECTION
SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR
LONG COATS ALSO AVAILABLE
BY ECONOMY SALES | M:9212758425
Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

AAP नेताओं की याचिका, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की याचिका पर सुनवाई 21 अप्रैल तक के लिए टाल दी। यह याचिका मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर की गई कथित टिप्पणियों के संबंध में उनके खिलाफ चल रहे मानहानि मामले से जुड़ी है। इस याचिका में उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मानहानि का मामला रद्द करने से इनकार किया गया था।

कथित टिप्पणियों के लिए मानहानि से जुड़ा है केस

जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. के. सिंह की बेंच ने कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है, इसलिए सुनवाई की अगली तारीख 21 अप्रैल तय की गई है। इससे पहले 30 सितंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया था और ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने इस समय कहा था कि कानूनी सवाल यह है कि क्या शिकायतकर्ता या कोई राजनीतिक दल दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 199 के तहत 'पीड़ित शख्स' की परिभाषा में आता है या नहीं। AAP नेताओं ने मैजिस्ट्रेट अदालत के 15 मार्च 2019 और सेशन कोर्ट के 28 जनवरी 2020 के आदेशों को रद्द किए जाने की मांग की है।

थार से डीलर की मौत मामले में ACP के बेटे को मिली ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद: एसीपी रहे रामेश कुमार की थार से प्रॉपर्टी डीलर की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी, भाई व अन्य गवाहों ने आरोपियों को अदालत में पहचानने से इंकार कर दिया। कोर्ट में उनके बयान भी दर्ज करा दिए गए। दोनों को सुनने के बाद कोर्ट ने एसीपी के बेटे हिमांशु कुमार लेहरान को सशर्त जमानत दे दी है। घटना 21 सितंबर श्रनिवार की है। सेक्टर-12 टाउन पार्क के पास पहुंचे डीलर की थार की फ्रंट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in